* ओड़िशा संस्करण
20 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 03
कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


ASIA HOCKEY
HOCKEY INDIA
JHARKHAND WOMEN'S ASIAN CHAMPIONS TROPHY RANCHI 2023

प्रवेश नि:शुल्क

## झारखण्ड
## महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023

मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम, रांची

भारत — चीन
जापान — कोरिया
मलेशिया — थाईलैंड




ड्रैग फ्लिक स्कोर

27 अक्टूबर - 05 नवम्बर 2023



## हॉकी के महासंग्राम का बनें गवाह

WATCH LIVE ON
SONY SPORTS NETWORK
SONY liv

Title Sponsor
Host Partner
AHF Partners
Hero polytan WE MAKE SPORT. AirAsia OUKEN
Official Partner
ODISHA
Official Suppliers
SHALBY DIVINE Sportz

P.R. 309581 (IPRD) 23-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel 1
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 56,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 74,000 रु./प्रति किलो |



# रघुवर दास को राज्यपाल बनाने के पीछे हैं कई सियासी मायने

## ■ झारखंड के अपने गढ़ को दोबारा हासिल करना चाहती है भाजपा

## ■ ओबीसी समुदाय को दिया संदेश, पार्टी के भीतर उसका सम्मान है बरकरार

## ■ फ्री हैंड मिलने के बाद बाबूलाल मरांडी भी कर सकेंगे अपने तरीके से काम

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को ओड़िशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी इस अधिसूचना के बाद से झारखंड की सियासत में और विशेष कर भाजपा में नये किस्म की हलचल मची है। रघुवर दास को संवैधानिक पद पर नियुक्त करने के फैसले का अलग-अलग तरीके से विश्लेषण किया जा रहा है, लेकिन इस फैसले ने एक बात साफ कर दी है कि भाजपा झारखंड के अपने गढ़ को दोबारा हासिल करने के लिए बेहद गंभीर है। दो दिन पहले पार्टी ने अमर कुमार बाउरी के रूप में अनुसूचित जाति के एक नेता को विधायक दल का नेता नियुक्त किया था और जयप्रकाश भाई पटेल को पार्टी का सचेतक। इसके बाद से ही कयास लगाये जाने लगे थे कि आनेवाले दिनों में झारखंड को लेकर भाजपा कुछ और निर्णायक कदम उठा सकती है। रघुवर दास की राज्यपाल के रूप में नियुक्ति को भी ऐसे ही एक कदम के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, भाजपा आलाकमान ने रघुवर दास को राजभवन भेज कर एक साथ कई सियासी समीकरण साधने की कोशिश की है। उसने झारखंड भाजपा में व्याप्त गुटबाजी पर भी एक तरह से विराम लगा दिया है और बाबूलाल मरांडी को अपने तरीके से संगठन चलाने के लिए फ्री हैंड भी दे दिया है। पार्टी ने झारखंड के कद्दावर नेता अर्जुन मुंडा को केंद्र में मंत्री बना कर पहले भी उनकी भूमिका राज्य में सीमित कर दी थी। इस निर्णय से पार्टी ने रघुवर दास के ऊपर लगाये जा रहे तमाम आरोपों पर भी विराम लगा दिया है। रघुवर दास के खिलाफ हेमंत सरकार ने कुछ मामले भी दर्ज किये थे। उसकी जांच भी शुरू हो गयी थी। झामुमो बार-बार यह आरोप लगा रही थी कि इडी की कार्रवाई 2019 से पहले क्यों नहीं बढ़ रही है। सरयू राय भी बार-बार बयान दे रहे थे कि इडी की एक आंख में काजल और एक में सूरमा नहीं चलेगा। अब संवैधानिक पद पर नियुक्त हो जाने के बाद इन आरोपों से भी एक तरह से मुक्ति मिल गयी है। चूंकि रघुवर दास झारखंड में ओबीसी समुदाय का बड़ा चेहरा हैं और वह अपने आक्रामक रुख के कारण भी जाने जाते हैं। इस निर्णय से पार्टी आलाकमान ने ओबीसी समुदाय को एक बड़ा संदेश दिया है कि रघुवर दास का सम्मान उसकी नजर में बरकरार है। उसने कार्यकर्ताओं को भी एक बड़ा संदेश दिया है कि उसके यहां मामूली कार्यकर्ता को भी बराबर का सम्मान और अवसर मिलता है। रघुवर दास की नियुक्ति के पीछे के इन सकारात्मक मायनों के बावजूद एक बात यह भी है कि सक्रिय चुनावी राजनीति से उनकी इतनी जल्दी विदाई का अंदाजा किसी को नहीं था, शायद रघुवर दास को भी नहीं। इसीलिए कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। क्या हैं रघुवर दास की नियुक्ति के सियासी मायने और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

कहा जाता है कि राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं होता और न ही कुछ पहले से निर्धारित होता है। कहने का आशय यह है कि राजनीति संयोगों और प्रयोगों का मिला-जुला स्वरूप ही है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में इस वक्त राजनीति का जो दौर चल रहा है, उसमें तो यह कथन पूरी तरह फिट बैठता है। खास कर उस पार्टी के लिए, जो 365 दिन और 24 घंटे चुनावी मोड में रहती है। वैसे तो सभी पार्टियां इसी मोड में रहती हैं, लेकिन भाजपा के लिए चुनावी मोड का मतलब जीतने की राजनीति है। इसलिए उसके हर फैसले के पीछे कुछ न कुछ सियासी मायने छिपे होते हैं।

अब रघुवर दास की ओड़िशा के राज्यपाल के रूप में नियुक्ति को ही देखा जाये। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री, आक्रामक तेवरवाले, अपनी खास कार्यशैली से अपनी एक अलग पहचान बनानेवाले, झारखंड में ओबीसी समुदाय का बड़ा चेहरा और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को ओड़िशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। पहली नजर में यह फैसला उनके समर्थकों को चौंकानेवाला है, क्योंकि रघुवर दास राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर रहते हुए भी झारखंड में राजनीतिक रूप से काफी सक्रिय थे और उनके समर्थकों की भी संख्या कम नहीं थी। इस निर्णय को पहली नजर में रघुवर दास के संवैधानिक कद को बढ़ानेवाला ही कहा जा सकता है, लेकिन यह सवाल महत्वपूर्ण है कि क्या वाकई ऐसा है। इसका उत्तर एकदम आसान है। एक सामान्य परिवार में पैदा होकर सबसे निचले स्तर से नौकरी और फिर राजनीति शुरू कर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और फिर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तक का सफर तय करनेवाले रघुवर दास को संवैधानिक प्रमुख का पद दिया जाना सम्मानजनक तो है, लेकिन सियासी नजरिये से यह फैसला कितना असरकारी है, यह देखना अभी बाकी है। इसके बावजूद इतना तय है कि रघुवर दास की राज्यपाल के रूप में नियुक्ति से भाजपा ने कई समीकरण साधे हैं।



### झारखंड में खत्म हो गयी गुटबाजी

रघुवर दास को राजभवन भेज कर भाजपा आलाकमान ने झारखंड में पार्टी के भीतर व्याप्त गुटबाजी को भी एक तरह से खत्म कर दिया है। यह सर्वविदित है कि झारखंड भाजपा में तीन गुट सक्रिय थे। इन तीनों का नेतृत्व तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों के पास था। इनमें वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और रघुवर दास शामिल हैं। 2019 में अर्जुन मुंडा को केंद्र की राजनीति में लाकर पार्टी आलाकमान ने उनकी भूमिका केंद्र में समाहित कर एक गुट को शांत कर दिया था, लेकिन बाकी दो गुट अक्सर आमने-सामने हो जा रहे थे। अब रघुवर दास को झारखंड की सक्रिय चुनावी राजनीति से दूर कर दिया गया है, तो इसका सीधा मतलब यही है कि झारखंड की राजनीति में उनकी भूमिका खत्म हो गयी है। इससे भाजपा के भीतर की गुटबाजी भी खत्म हो गयी है।

### बाबूलाल मरांडी को मिल गया फ्री हैंड

रघुवर दास की नियुक्ति के साथ अब प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को झारखंड में फ्री हैंड मिल गया है। करीब तीन महीने पहले जब बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था, तब रघुवर दास खेमे अंदर ही अंदर खुश नहीं था। इसके बाद भी यह खेमा लगातार सक्रिय दिख रहा था, जिसका असर बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के दौरान जमशेदपुर में दिख भी गया था। इससे बाबूलाल मरांडी को काम करने में दिक्कत हो रही थी। बातें सार्वजनिक भी होने लगीं। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को शायद यह समझ में आ गया कि झारखंड के गढ़ को दोबारा हासिल करने के लिए बाबूलाल मरांडी को फ्री हैंड देना जरूरी है। इसके लिए सबसे जरूरी रघुवर दास को उनके रास्ते से दूर करना होगा। इसका सबसे सरल उपाय उन्हें राजभवन भेजना ही हो सकता था। इससे रघुवर दास का सम्मान भी कम नहीं हुआ और वह सक्रिय राजनीति से अलग भी हो गये। केंद्रीय नेतृत्व ने बाबूलाल मरांडी को फ्री हैंड देकर बता दिया है कि अब पार्टी की वापसी की पूरी जिम्मेदारी उन पर ही है।

### जमशेदपुर की राजनीति को नया मोड़

रघुवर दास की नियुक्ति के साथ भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व में जमशेदपुर की राजनीति को भी नया मोड़ दे दिया है। 2019 के विधानसभा चुनाव में जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय सरयू राय के हाथों पराजित होने के बाद रघुवर दास को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तो बनाया गया, लेकिन वह अपने इस चुनाव क्षेत्र में पूरी तरह सक्रिय थे। इसका असर जमशेदपुर की राजनीति पर भी खूब पड़ रहा था। सरयू राय के निशाने पर तो रघुवर दास थे ही, वह बार-बार रघुवर दास को लपेटे में ले रहे थे। उनके आरोपों के कारण भाजपा भी घिरती रहती थी। झामुमो भी रघुवर दास पर बार-बार आरोप लगा रहा था। हेमंत सरकार ने तो उनके खिलाफ कई मामलों में जांच भी शुरू कर दी थी। अब, जबकि रघुवर दास सीन से हट गये हैं, संवैधानिक पद पर चले गये हैं, इसलिए अब इस जांच का कोई अर्थ नहीं रह जायेगा। सरयू राय के हमले भी बंद होंगे और पार्टी में उनकी वापसी की संभावना भी बढ़ जायेगी। अगर सरयू राय की भाजपा में वापसी होती है, तो उसका असर जमशेदपुर पूर्वी सीट ही नहीं, जमशेदपुर पश्चिमी सीट पर भी पड़ेगा, जहां से अभी बन्ना गुप्ता विधायक हैं और हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री भी। सरयू राय की सवर्णों में पैठ है और बाहरी मतदाताओं पर भी वह असर रखते हैं, इसलिए कई और सीटों पर भी सकारात्मक असर पड़ सकता है। चूंकि अगला चुनाव काफी कांटेवाला होगा, इसमें एक-एक सीट की मारामारी होगी।

### लेकिन ऐसी राजनीतिक विदाई की उम्मीद नहीं थी

रघुवर दास को राज्यपाल नियुक्त कर भाजपा ने तात्कालिक सियासी समीकरण तो साध लिया है, लेकिन झारखंड के लोगों को इस कद्दावर नेता की इस तरह एकाएक राजनीतिक विदाई की उम्मीद नहीं थी। रघुवर दास अभी सक्रिय चुनावी राजनीति से रिटायर होने के लायक नहीं हुए थे। उनकी राजनीतिक सक्रियता किसी से छिपी नहीं है। आक्रामक तेवर के कारण संगठन के भीतर भी रघुवर दास की अपनी अलग पहचान है। जातीय राजनीति में भी उनका कद बड़ा है और आज की तारीख में वह झारखंड ही नहीं, पूरे पूर्वी भारत में बड़े ओबीसी नेताओं में शुमार हैं। सक्रिय चुनावी राजनीति से उनकी इतनी जल्दी विदाई हो जायेगी, इसकी कल्पना शायद खुद रघुवर दास ने भी नहीं की होगी। उन्होंने आलाकमान के इस निर्णय को सहर्ष स्वीकार किया है और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति आभार जताया है। बहरहाल, रघुवर दास का संवैधानिक कद तो बहुत बढ़ा ही है, भाजपा ने एक अदना से कार्यकर्ता को राज्यपाल बना कर एक बार फिर साबित कर दिया है कि उसकी नजर में पार्टी के प्रति किसी भी कार्यकर्ता का योगदान व्यर्थ नहीं जायेगा।

---

## राजनीतिक हलचल

### कांफिडेंस या ओवर कांफिडेंस

# मैं सीएम पद छोड़ना चाहता हूं, लेकिन यह पद मुझे नहीं छोड़ रहा और छोड़ेगा भी नहीं : गहलोत

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि सचिन पायलट और वह टिकट के सभी फैसलों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हम सारे मतभेद भुला चुके हैं, हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है। सचिन पायलट के समर्थकों के सारे टिकट क्लीयर हो रहे हैं, मैंने एक भी सीट को लेकर ऑब्जेक्शन नहीं किया। जब गहलोत से पूछा गया कि राजस्थान में फिर से कांग्रेस सरकार बनने की स्थिति में क्या वापस आप ही सीएम होंगे? इस सवाल पर गहलोत ने कहा कि कांग्रेस में कभी मुख्यमंत्री का उम्मीदवार नहीं बनना चाहिए। जो उम्मीदवार बनता है, वो कभी सीएम नहीं बनता है। मैं जब सीएम बना तो उस समय मैं उम्मीदवार नहीं था। मुझे सोनिया गांधी ने चुना। मैं पहले भी कह चुका हूं कि सीएम पद छोड़ना चाहता हूं, लेकिन यह पद मुझे नहीं छोड़ रहा और यह छोड़ेगा भी नहीं। कुछ तो कारण होंगे कि हाइकमान और गांधी परिवार मुझ पर इतना विश्वास जता रहे हैं।

**'कांग्रेस में कभी मुख्यमंत्री का उम्मीदवार नहीं बनना चाहिए, जो बनता है, वह कभी सीएम नहीं बनता'**



---

### आचार सहिंता का गजब उल्लंघन

# वाहन चेकिंग के दौरान कमलनाथ और कांग्रेस प्रत्याशी की फोटो लगी गंगाजल की बोतल जब्त



**मध्यप्रदेश** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश की पुलिस अलर्ट मोड पर है। इसी को देखते हुए पटेरा थाना अंतर्गत बुधवार की रात को जारी जांच अभियान के दौरान पवई क्षेत्र से लौट रही एक कार की डिक्की में रखी गंगा जल की बोतलों को चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए जब्त किया गया है।


दरअसल, गंगाजल की प्लास्टिक की बोतल के ऊपर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पवई से कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश नायक की तस्वीर छपी हुई पायी गयी। इसके साथ ही बोतल पर कांग्रेस का चुनाव चिह्न भी बना हुआ है। बता दें कि जिस गाड़ी से यह सामग्री जब्त की गयी है, वह कांग्रेस नेता की बतायी गयी है। यह भी बात सामने आ रही है कि यह वाहन पवई से वापस दमोह लौट रहा था। इसी दौरान चेकिंग के समय गंगाजल की इन बोतलों को पकड़ा गया। जांच कार्रवाई में पटेरा एफएसटी टीम के प्रशांत विश्वकर्मा, पटेरा थाना प्रभारी आरएस बागरी और पुलिस टीम सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

---

# नेताओं के लिए सीख: कांग्रेस-भाजपा प्रत्याशियों ने गले मिल कर लगाये 'भारत माता की जय' के नारे

## आरोप-प्रत्यारोप के बजाय आपस में गले मिल कर शुभकामनाएं दी

**मध्यप्रदेश** विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 17 नवंबर को होना है। इसके लिए चुनाव प्रचार शुरू हो गया है। प्रचार के दौरान खारगौन से अनोखी तस्तीर सामने आयी। यहां जब कांग्रेस और भाजपा की महिला प्रत्याशियों का आमना-सामना हुआ तो दोनों ने गले मिल कर एक-दूसरे को बधाई दी। दोनों ने अपने समर्थकों के साथ 'भारत माता की जय' के नारे भी लगाये। खारगौन जिले की भीकनगांव विधानसभ क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान बुधवार को खारवी गांव में यह अनोखा नजारा देखने को मिला। जब भाजपा प्रत्याशी नंदा ब्राह्मणे और कांग्रेस प्रत्याशी और वर्तमान विधायक झूमा सोलंकी जनसंपर्क के दौरान आमने-सामने टकरायीं। दोनों ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने की बजाय आपस में गले मिल कर शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने कुछ देर तक मुलाकात की और विक्ट्री साइन भी बनाया। महत्वपूर्ण पार्टियों की महिला उम्मीदवारों ने वर्तमान समय में चल रही राजनीति में शिष्टाचार का एक अच्छा उदाहरण पेश किया। चुनावी सीजन में परस्पर विरोधी दलों के दो उम्मीदवारों विशेषकर महिलाओं की यह तस्वीर महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वरना इस दौर में कई राजनीतिक दलों में घमासान मचा हुआ है। वहीं, आपस में भी कपड़ा-फाड़ राजनीति हो रही है। एक-दूसरे की पोल खोली जा रही है। विरोध प्रदर्शन और चुनावी लड़ाई में एक-दूसरे दल को नीचा दिखाया जा रहा है।



20 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 03












## सीएम पहुंचे मां के दरबार



सीएम हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना सोरेन संग आरआर स्पोर्टिंग क्लब पूजा पंडाल, रातू रोड का किया अनावरण। देवी दुर्गा के दरबार में शीश नवा कर राज्य की उन्नति, सुख- समृद्धि और शांति की कामना की। साथ हैं सांसद महुआ माजी और क्लब के अध्यक्ष विक्की यादव।

### शराब घोटाला में इडी की पहली बड़ी कार्रवाई

# कारोबारी योगेंद्र तिवारी को पूछताछ के बाद किया गिरफ्तार

**अगस्त में तिवारी के 34 ठिकानों पर हुई थी छापामारी**

**आजाद सिपाही संवाददता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने गुरुवार को शराब घोटाले और मनी लांड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई की। शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को इडी ने गुरुवार को दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया था। पूछताछ के बाद शाम को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। शराब घोटाला मामले में झारखंड में इडी की यह पहली कार्रवाई है।

गौरतलब है कि इस वर्ष 23 अगस्त को इडी ने योगेंद्र तिवारी के देवघर सहित 34 ठिकानों पर छापा मारा था। सूत्रों के मुताबिक छापेमारी के दौरान इडी को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज हाथ लगे थे।



इसके बाद इडी ने तिवारी से पूछताछ भी की थी। तिवारी से उनकी संपत्ति का ब्योरा भी लिया गया था। तिवारी के बयानों और दस्तावेजों की जांच के बाद उन्हें गुरुवार को पूछताछ के लिए फिर बुलाया गया था। पूछताछ में तिवारी संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं दे पाये, जिसके बाद इडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### महज 15 साल में बने 'लिकर किंग'

योगेंद्र तिवारी मूल रूप से बिहार के सीवान जिले के निवासी हैं। उनके पिता रामेश्वर तिवारी चित्तरंजन रेल कारखाना के क्लर्क थे। रिटायर होने के बाद वह मिहिजाम में ही बस गये। फिर वर्ष 1998 में जामताड़ा के दुमका रोड में शराब की दुकान खोली। यहां से तिवारी के कारोबार की शुरुआत हुई थी। इसके बाद उन्होंने जिले के विभिन्न हिस्सों में शराब दुकान खोली। यह व्यवसाय धीरे-धीरे पूरे राज्य में फैलाया और वह राज्य के सबसे बड़े शराब कारोबारी बन गये।

### नेताओं और राजनीतिक दलों से करीबी संबंध

सूत्रों के मुताबिक सरकार कोई भी हो झारखंड में शराब के कारोबार में सबसे प्रभावी शख्सियत योगेंद्र तिवारी ही रहा है। उनका हर राजनीतिक दलों के कई बड़े नेताओं के साथ करीबी संबंध रहा है। अपने राजनीतिक और नौकरशाही में अच्छे संबंधों की बदौलत राज्य में शराब के थोक कारोबार में वर्चस्व स्थापित किया था।

### 2020 में भी पुलिस ने कसा था शिकंजा

बता दें कि योगेंद्र तिवारी से जुड़े संथाल परगना के करीब 70 शराब के दुकानों और गोदामों में एक साथ पहली बार वर्ष 2020 में पुलिस ने छापेमारी की थी। पुलिस द्वारा योगेंद्र तिवारी को हिरासत में लिया गया, लेकिन साक्ष्य के अभाव में उस समय उन्हें छोड़ दिया गया।

### मुख्यमंत्री की बेहतर स्वास्थ्य सेवा में एक और पहल

# स्मार्ट सिटी में खुलेगा 250 बेड वाला अपोलो अस्पताल

- हेमंत सोरेन के समक्ष रांची नगर निगम और अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड, चेन्नई के बीच सब लीज डीड पर हुआ हस्ताक्षर
- मुख्यमंत्री ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर भूमि पूजन करने का दिया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है, ताकि आम जनता को बेहतर और आधुनिक चिकित्सीय सुविधाएं मिल सके। इसी कड़ी में गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में रांची स्मार्ट सिटी के एरिया बेस्ड डेवलपमेंट क्षेत्र में अपोलो मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निर्माण के लिए रांची नगर निगम और अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड, चेन्नई के बीच सब लीज डीड पर हस्ताक्षर किया गया।

**स्वास्थ्य सेवा में लगातार हो रहा काम :** इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था बहुत बेहतर नहीं रही है। ऐसे में वर्ष 2019 में सरकार के गठन के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में लगातार काम हो रहा है। इस कड़ी में सरकारी अस्पतालों में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। जांच और इलाज की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्तियां हो रही हैं। वहीं, निजी क्षेत्र के अस्पताल यहां स्थापित हों, इसके लिए भी लगातार प्रयास हो रहे हैं, जिससे लोगों को बेहतर इलाज के लिए राज्य के बाहर और बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़े।

**रोजगार के नये अवसर भी बनेंगे :** मुख्यमंत्री ने उम्मीद जतायी कि अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड के साथ यह समझौता विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इसके लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दे सकेंगे।



राज्यवासियों को बेहतर और आधुनिक चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए राज्य में सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था मजबूत करने के साथ निजी अस्पताल खोलने के लिए सरकार कई रियायतें दे रही है। -हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री

### डेढ़ लाख लोग सीधे तौर पर होंगे लाभान्वित

रांची स्मार्ट सिटी परिसर में कई संस्थान, स्कूल, कॉलेज, पांच सितारा होटल समेत कई होटल मॉल, ऑफिस तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निर्माण होना है। साथ ही एक मेडिकल कॉलेज का भी निर्माण निर्धारित है। इसके अलावा यहां लगभग 16 हजार आवासीय इकाई होंगे और अनुमानित है कि लगभग डेढ़ लाख की जनसंख्या इस विकसित क्षेत्र में निवास करेगी, जो इस परियोजना से सीधे रूप से लाभान्वित होगी।

### पहले चरण में ओपीडी की होगी शुरुआत

मुख्यमंत्री ने अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड, चेन्नई प्रबंधन से कहा कि वह इस अपोलो मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल को जल्द से जल्द शुरू करे। इस मौके पर उन्होंने अस्पताल का भूमि पूजन 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के मौके पर करने का निर्देश दिया। वहीं, अस्पताल प्रबंधन ने मुख्यमंत्री को बताया कि जल्द ही 250 बेड के अस्पताल निर्माण का कार्य शुरू हो जायेगा। पहले चरण में यहां ओपीडी की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा । सामान्य चिकित्सक और पारा मेडिकल कर्मी भी झारखंड के होंगे, जबकि विभिन्न विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की जायेगी।

### 45 वर्षों की सब लीज पर दी जा रही जमीन

ज्ञात हो कि रांची के घाघरा में अपोलो हॉस्पिटल के निर्माण के लिए रांची नगर निगम के द्वारा अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज के साथ चार सितंबर 2014 को एकरारनामा किया गया था, लेकिन उक्त भूमि के विषय पर विवाद के वजह से स्थल परिवर्तन करते हुए रांची स्मार्ट सिटी क्षेत्र में अपोलो अस्पताल के लिए भूमि उपलब्ध करने का निर्णय लिया गया। यहां लगभग 2.75 एकड़ भूमि पर हॉस्पिटल निर्माण होगा। इसके लिए जमीन की सब लीज फिलहाल 45 वर्षों के लिए की जा रही है, जिसे भविष्य में कार्य की गुणवत्ता को देखते हुए विस्तारित किया जा सकेगा।

### मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनेगा

अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज के द्वारा रांची स्मार्ट सिटी परिसर में लगभग 2.75 एकड़ जमीन में 250 बेड वाले मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का निर्माण किया जायेगा। यहां विशेष रूप से कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक, गायनोकॉलोजी, जेनरल सर्जरी, जेनरल मेडिसिन, पीडियाट्रिक्स, इएनटी सेवा प्रदान की जायेगी। इसके अलावा इमरजेंसी सेवा, रेडियोलोजी, पैथोलॉजी, डाइटरी सर्विसेस की भी व्यस्था यहां होगी। अपोलो हॉस्पिटल के द्वारा 24 घंटे एंबुलेंस सेवा उपलब्ध रहेगी। हॉस्पिटल के अंदर पार्किंग, फार्मेसी, एटीएम, कैंटीन इत्यादि की व्यवस्था भी रहेगी।

## न्यूज रील्स

### दुनिया में भारत के स्किल्ड युवाओं की मांग बढ़ी: पीएम

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत के स्किल्ड युवाओं की मांग बढ़ रही है। बहुत से देश ऐसे हैं जहां वरिष्ठ नागरिकों की संख्या बहुत ज्यादा है। वहां ट्रेंड युवा बहुत मुश्किल से मिल रहे हैं। दुनिया के 16 देश करीब 40 लाख स्किल्ड युवाओं को अपने देश में नौकरी देना चाहते हैं। इन देशों में स्किल्ड प्रोफेशनल्स की कमी है। पीएम वीडियो कांफ्रेंसिंग से महाराष्ट्र में बनाये गये ग्रामीण स्किल डेवलपमेंट सेंटर लांच करने के मौके पर बोल रहे थे।

### जातिगत जनगणना बेहद जरूरी: राहुल

तेलंगाना। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आगामी विधानसभा चुनाव के चलते तीन दिन के तेलंगाना दौरे पर हैं। यहां एक एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार आते ही हम जातिगत आधारित गणना करवाएंगे। दुकानदारों की जेब से जीएसटी निकलती है और अडानी जी की जेब में चली जाती है। ऐसा हिंदुस्तान हमें नहीं चाहिए। इसलिए जातिगत जनगणना जरूरी है, उससे पता लगेगा कि किसकी कितनी आबादी है और किसके पास हिंदुस्तान का कितना धन है।

## रांची में अपराधी बेलगाम: इटकी में तीन लोगों को मारी गोली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**इटकी ।** राजधानी रांची में दुर्गा पूजा की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए अपराधियों ने इटकी थाना क्षेत्र के गड़गांव में गुरुवार की देर शाम तीन लोगों को गोली मार दी। जानकारी के अनुसार, दीपक सिंह, भोमा सिंह और नरेश साहू नामक युवकों को अपराधियों ने सरेशाम गोली मारी है। बताया जा रहा है कि तीनों जमीन कारोबारी हैं। तीनों को घायल अवस्था में इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां तीनों की हालत गंभीर बनी हुई है।

**तीन बाइक पर सवार होकर आये थे अपराधी :** इटकी के गड़गांव के रहनेवाले दीपक सिंह और भोमा सिंह इटकी के भंडरा निवासी नरेश साहू के साथ गड़गांव चौक के पास गुरुवार की शाम एक दुकान के बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान तीन बाइक पर सवार छह अपराधी मौके पर पहुंचे और दीपक , भोमा और नरेश को निशाना बना कर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। अपराधियों ने छह राउंड से ज्यादा फायरिंग की, जिसमें दीपक को पेट के पास, भोमा को कान के पास और नरेश को पेट में गोली लगी है। फायरिंग के बाद स्थानीय लोगों को अपनी ओर आते देख सभी अपराधी मौके से फरार हो गये। लोगों ने अपराधियों को कुछ दूर दौड़ाया, लेकिन वे फरार होने में कामयाब हो गये। दीपक शिव सेना के नेता हैं। स्थानीय लोगों ने तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.6 °c | 18.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.21 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.48 बजे |



# नगर आयुक्त से मिले शशि भूषण राय

## विभिन्न जनमुद्दों पर विस्तार से चर्चा की



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने रांची नगर निगम मुख्यालय पर नगर आयुक्त अमित कुमार से मुलाकात कर सर्वप्रथम उनके क्षेत्र अमरावती कॉलोनी में अर्बन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की शुरुआत करने के लिए क्षेत्रवासियों के तरफ से बधाई दी। उन्होंने बताया कि इस सेंटर के खुलने से कई लोगों को स्वास्थ संबंधित सुविधा मिल रही है। इसके बाद अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन की मौजूदगी में विभिन्न जन मुद्दों पर बातचीत की, जिसमें चौक चौराहों की सौंदर्यीकरण, लंबी अवधि से छोटे व्यापारियों की दुकान की बंदोबस्ती का मामला, शहर की साफ सफाई एवं अन्य जन मुद्दे शामिल है। आयुक्त अमित कुमार ने कांग्रेस नेता शशि भूषण राय द्वारा दिये गये सभी सुझावों को गंभीरता से लिया और भरोसा दिलाया कि रांची नगर निगम इस दिशा मे काम करेगी एवं जल्द ही सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।

# जमीन विवाद में जिंदा जलाने का मामला, महिला ने तोड़ दिया दम

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** माराफरी थाना क्षेत्र के डुमरो गांव में जमीन विवाद में जिंदा जला दी गयी महिला की इलाज दौरान मौत हो गयी। मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक ने बताया कि घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें जानकारी मिली है कि महिला ने खुद ही आग लगायी थी। इलाज के दौरान महिला के बयान पर चार लोगों पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं मामले को देखते हुए पूरे क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। महिला के पुत्र इम्तियाज अली के अनुसार 16-18 की संख्या में आये लोगों ने उसकी मां के शरीर पर तेल छिड़क कर जला दिया, विरोध करने पर सभी को भी जलाने की धमकी दी जाने लगी। बुधवार को आगलगी की घटना को अंजाम दिया था।

# सात आइएएस अधिकारियों का तबादला

**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के सात अधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया गया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। झारखंड मार्केटिंग बोर्ड के प्रबंध निदेशक कमलेश्वर प्रसाद सिंह को कृषि विभाग का विशेष सचिव बनाया गया। उनके पास मार्केटिंग बोर्ड का भी अतिरिक्त प्रभार रहेगा। चास के उपनगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह को उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग में विशेष सचिव बनाया गया। वहीं पदस्थापन की प्रतीक्षा कर रहे अनिल कुमार को खाद्य और आपूर्ति विभाग का अपर सचिव बनाया गया है। महगामा के एसडीओ सौरव कुमार भुवानिया को चास नगर निगम का अपर नगर आयुक्त बनाया गया है। रामगढ़ के एसडीओ जावेद हुसैन को मेदिनीनगर नगर निगम का नगर आयुक्त बनाया गया है। बंशीधर नगर के एसडीओ आलोक कुमार को सरायकेला आदित्यपुर नगर निगम का अपर नगर आयुक्त बनाया गया है। गुमला के एसडीओ रवि जैन को साहिबगंज का एसडीओ बनाया गया है। रांची के सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी राजेश कुमार को पर्यटन विभाग में अपर सचिव बनाया गया है। रामगढ़ में पदस्थापित विशाल कुमार को कृषि निदेशालय तथा श्वेता वैध को अपर सचिव नगर एवं आवास विभाग में भेजा गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

# इडी कोर्ट ने पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज की

**रांची (आजाद सिपाही)।** टेंडर मैनेज करने और साहिबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए अकूत संपत्ति अर्जित करने के आरोपी पंकज मिश्रा को जमानत देने से रांची इडी की विशेष कोर्ट ने इनकार कर दिया है। अदालत ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। इससे पहले भी पंकज मिश्रा इसी केस में रांची इडी कोर्ट से बेल मांग चुके हैं, लेकिन कोर्ट ने उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन वहां से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली. पंकज मिश्रा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि हैं। बता दें कि सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को ईडी ने पिछले वर्ष जुलाई महीने में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान इडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये भी जब्त कर चुकी है. वहीं इडी ने साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर तलाशी ली थी। इस दौरान कई दस्तावेज और 5.34 करोड़ रुपये नकदी जब्त की गयी थी।

# विधायक सीपी सिंह से मिले नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी गुरुवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता सह रांची के विधायक सीपी सिंह से मिलने उनके आवास पर पहुंचे और आशीर्वाद लिया। इस दौरान सीपी सिंह ने उनको मिठाई खिला कर शुभकामनाएं दीं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सदन में झारखंड की जनता की आवाज और अब जोरदार तरीके से रखी जायेगी।

# 20 एलआरडीसी को मिली पोस्टिंग, अधिसूचना जारी

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार ने भूमि सुधार उप समाहर्ता स्तर के 20 अधिकारियों की पोस्टिंग की है। राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक, गोपी उरांव को महगामा भूमि उप समाहर्ता के पद पर तैनात किया गया है। बिमल सोरेन की पोस्टिंग राजमहल की गयी है। विजय केरकेट्टा की पोस्टिंग पलामू की गयी है। ओमप्रकाश मंडल की पोस्टिंग जामताड़ा हुई है। दिप्ती प्रियंका कुजूर की पोस्टिंग रामगढ़ में हुई है। कुशलमय मुंडू की पोस्टिंग चाइबासा, प्रमेश कुशवाहा की पोस्टिंग गढ़वा, जीत राय मुर्मू की पोस्टिंग डुमरी, विनोद प्रजापति की पोस्टिंग चतरा की गयी है। उदय कुमार की पोस्टिंग लातेहार, प्रशांत कुमार की पोस्टिंग देवघर, राजीव कुमार की पोस्टिंग पाकुड़, प्यारे लाल की पोस्टिंग पलामू, रविश राज की पोस्टिंग गढ़वा, अब्दुल समद की पोस्टिंग गोड्डा, सागरी बराल की पोस्टिंग गुमला और रविंद्र चौधरी की पोस्टिंग गिरिडीह की गयी है।

# श्री महावीर मंदिर पूजा समिति थड़पखना का स्थापना दिवस



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री महावीर मंदिर पूजा समिति थड़पखना इस वर्ष अपना 100 वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस बार समय साल के आयोजन को खास और यादगार बनाने के लिए कई विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंदिर समिति के सदस्य सुरेंद्र वर्मा अवकाश प्राप्त संयुक्त सचिव झारखंड सरकार, जवाहरलाल वर्मा, अभय शंकर दयाल अधिवक्ता, संरक्षक बजरंग वर्मा, मुख्य संरक्षक संगठन महामंत्री रविंद्र वर्मा पूजा के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं । विकास रंजन विकी, संदीप प्रधान, सबलू मुंडा, जय वर्मा, राजेश वर्मा, आशीष वर्मा, जय वर्मा मामू, अमित वर्मा, जितेंद्र वर्मा, रिशु वर्मा, आदित्य दुबे, शुभम वर्मा, जीतू विजय, आयुष वर्मा, अनमोल वर्मा, गोलू पाठक, मोनू पाठक, आदित्य कुमार गट्टू विजय, अंकुर वर्मा मौजूद थे।

## राज्यपाल बनने के बाद बोले पूर्व सीएम रघुवर दास

# पार्टी ने एक मजदूर के बेटे को संवैधानिक पद का सौंपा दायित्व

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि एक मामूली से मजदूर के बेटे को पार्टी ने राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद का दायित्व सौंपा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने एक साधारण कार्यकर्ता को बहुत कुछ दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने गुरुवार को जमशेदपुर स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पांच साल हमने झारखंड के मुख्यमंत्री का पद संभाला और इन पांच सालों में राज्य का विकास तो किया ही साथ ही लोगों को रोजगार के अवसर भी दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत पार्टी के सारे नेताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि एक मजदूर का बेटा भाजपा जैसी बड़ी पार्टी का सदस्य हूं।

राज्यपाल के तौर पर ओड़िशा की जिम्मेवारी सौंपी गयी है। उस जिम्मेवारी पर खरा उतरने का प्रयास होगा। साथ ही ओड़िशा को ऊंचाई तक ले जाने का काम भी करेंगे।

### बड़ी बहन ने उतारी आरती



पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को ओड़िशा का राज्यपाल नियुक्त किये जाने को लेकर जमशेदपुर के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह है। गुरुवार की सुबह से ही पूर्व मुख्यमंत्री को बधाइयां देने वालों का तांता उनके आवास पर लगा रहा। वहीं सूचना पर पहुंची पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की बड़ी बहन ने अपने भाई की आरती उतारी और उन्हें आशीर्वाद दिया।

# रमेश सिंह मुंडा की हत्या के आरोपी राजा पीटर को नहीं मिली जमानत

## एनआइए कोर्ट ने खारिज की याचिका

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एनआइए के विशेष कोर्ट ने पूर्व मंत्री राजा पीटर को जमानत देने से इनकार कर दिया है। बता दें कि पूर्व मंत्री राजा पीटर की जमानत याचिका पर सभी पक्षों को सुनने के बाद इडी कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अदालत के समक्ष अपने बचाव में बहस करते हुए कहा गया था कि इस पूरे मामले में वह निर्दोष हैं, जबकि एनआइए के अधिवक्ता ने अपनी बहस में कहा था कि इस हत्याकांड में राजा पीटर की संलिप्तता है, इसलिए इन्हें जमानत नहीं दी जानी चाहिए।

**राजा पीटर का नाम आया था :** बता दें कि बुंडू के एसएस हाइस्कूल में नौ जुलाई 2008 को एक समारोह में पूर्व मंत्री और तमाड़ के तत्कालीन विधायक रमेश सिंह मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। समारोह में छात्रों को सम्मानित करने और पुरस्कार देने के बाद वह संबोधित कर रहे थे। उसी समय कुंदन पाहन दस्ते के नक्सलियों ने स्कूल में आकर फायरिंग शुरू कर दी। इसमें रमेश सिंह मुंडा, उनके दो सरकारी बॉडीगार्ड शिवनाथ मिंज और खुर्शीद आलम और एक छात्र रामधन पातर की मौत हो गयी थी। मामले में बुंडू थाना में मामला दर्ज किया गया था। रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड की बाद में एनआइए ने जांच की। कुंदन पाहन के सरेंडर करने के बाद उससे पूछताछ के दौरान इसमें राजा पीटर का नाम आया था।

# रांची हिंसा के आरोपी शकील को बेल देने से सिविल कोर्ट का इनकार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची हिंसा के आरोपी मोहम्मद शकील उर्फ कारू की जमानत याचिका पर गुरुवार को रांची सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने मोहम्मद शकील को बेल देने से इनकार कर दिया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने जमानत याचिका का पुरजोर विरोध किया।

**केस को टेकओवर कर सीआइडी ने जांच शुरू की :** बता दें कि अपराध अनुसंधान विभाग ने पिछले दिनों शकील से जेल में पूछताछ भी की है। शकील को डेली मार्केट थाना में दर्ज कांड संख्या 17/22 में भी आरोपी बनाया गया है, जिसे इडी ने टेकओवर करते हुए जांच शुरू कर दी है। इस केस के सूचक रांची के तत्कालीन टाउन सीओ अमित भगत हैं। उनके आवेदन के आधार पर दर्ज की गयी प्राथमिकी में नदीम अंसारी, शाहबाज, शदाब, सद्दाम हुसैन, शबीर अंसारी, जमाल गद्दी समेत 22 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। वहीं करीब आठ से दस हजार अज्ञात लोग अभियुक्त बनाये गये हैं। प्राथमिकी में यह आरोप लगाया गया है कि सोची-समझी साजिश के तहत 10 जून को रांची के मेन रोड में हिंसा की गयी, मंदिर पर पथराव किया गया और तोड़फोड़ की गयी। वहीं पुलिसकर्मियों से उनके हथियार छीनने की कोशिश की गयी और उन पर जान लेने की नीयत से फायरिंग की गयी।

# दिन के 11 बजे ताला तोड़ 10 लाख के जेवरात और 40 हजार की चोरी

## मकान मालिक डॉक्टर के पास गये थे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के लटमा रोड में दिन में 11 बजे घर का ताला तोड़ करीब 10 लाख के जेवरात एवं 40 हजार नगद की चोरी की घटना गुरुवार को हुई। इस संबंध में लटमा रोड निवासी लाल प्रदीप नाथ शाहदेव ने जगन्नाथपुर थाने में चोरी की प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार हाल ही में लाल प्रदीप नाथ शाहदेव ने अपनी आंख का ऑपरेशन कराया है। वे गुरुवार को अपना आंख दिखाने के लिए अपनी पत्नी और बेटी के साथ सुबह आठ बजे घर से निकले थे। करीब 11.30 बजे आंख दिखाने के बाद जब वे अपने घर वापस लौटे, तो पाया कि उनके घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है। अंदर घूसने पर देखा का कमरे के अंदर रखा अलमीरा भी टूटा हुआ है। अलमीरा को देखा तो उसमें रखा 10 लाख रुपये मूल्य से अधिक के जेवरात और नगद 40 हजार रुपये नहीं थे। यह देख उनके होश उड़ गये। इसके बाद तुरंत जगन्नाथपुर थाना की पुलिस को इसकी सूचना उन्होंने दी। इससे पहले उनके किरायेदार ने बताया कि एक आदमी लाल स्कूटी से आया हुआ था। उसके साथ एक और आदमी था। किरायेदार ने बताया कि उस आदमी ने उनके बारे में पूछा कि कहा गये है, तो उन्होंने बताया कि आप डॉक्टर के पास गये है। इसके बाद किरायेदार अपने काम में व्यस्त हो गयी। इसके बाद क्या हुआ उन्हें नहीं पता।

# डोरंडा छप्पन सेट के पूजा पंडाल का उद्घाटन आज मंत्री रामेश्वर उरांव करेंगे

**रांची (आजाद सिपाही)।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति डोरंडा के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे ने कहा कि छप्पन सेट आवासीय परिसर में डोरंडा का सबसे मनमोहक एवं आकर्षक पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। पूजा पंडाल चंद्रयान 3 की आकृति लगभग तैयार हो चुका है। मूर्तिकारों द्वारा मां दुर्गा की मूर्ति को दिव्य रूप दिया गया है। छप्पन सेट पूरे आवासीय परिसर में आकर्षक विद्युत सजावट की गयी है। झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शुक्रवार को संध्या 7.00 बजे पूजा पंडाल का उद्घघाटन करेंगे एवं उसी समय मां की स्थापित मूर्ति का पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मंत्री डॉ उरांव द्वारा खोला जायेगा। समिति के संरक्षक कपिलदेव सिंह, सचिव विजय गुप्ता, गोपाल तिवारी, पंकज तिवारी, कमलेश कुमार, पान सिंह, दीपक ठाकुर, शशि कुमार, विवेक सिंह, अजय थापा, मनोज सिंह, जेडी गुरुंग, नितिन कुमार, कमलेश झा, दिलीप कुमार, नीरज कुमार, अश्विनी कुमार, बबलू विजयवर्गीय, विवेक छेत्री, रोहित छेत्री, राकेश कुमार वर्मा आदि पूजा संपन्न कराने में मुख्य रूप से सहयोग कर रहे हैं।

# आज सभी जिलों के एसपी के साथ एडीजी अभियान करेंगे कोर्ट की सुरक्षा की समीक्षा


**रांची (आजाद सिपाही)।** जिले के एसपी के साथ एडीजी अभियान कोर्ट की सुरक्षा की समीक्षा करेंगे। यह समीक्षा बैठक शुक्रवार को दिन के 11:30 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की जायेगी। इसे लेकर सभी जिले के एसएसपी और एसपी को भाग लेने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बीते पांच सितंबर को झारखंड के सभी कोर्ट और न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर राज्य के अधिकारियों के साथ बैठक की थी।

# बंधु तिर्की का आरोप : भाजपा ने हड़पी आदिवासियों की जमीन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने वर्ष 2000 से लेकर अब तक सादा पट्टा या गलत तरीके से जमीन की खरीद-बिक्री की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की है। उन्होंने यह भी मांग की है कि जमीन की खरीद-बिक्री में शामिल अधिकारियों, भू-माफियाओं और नेताओं पर कठोर कार्रवाई की जाये। बंधु तिर्की ने गुरुवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राजधानी और आसपास के जिले की जमीन अधिकारियों से मिली-भगत कर खरीद बिक्री हुई है। इसमें या तो सीधे भाजपा के नेता शामिल हैं या फिर उनका संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि वैसे लोग प्रत्येक राजनीतिक दल में हैं और जो भी जमीन की गलत तरीके से खरीद-बिक्री में शामिल हैं, ऐसे सभी लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा झारखंड के आदिवासी-मूलवासी के हक अधिकार की मांग करती रही है। बंधु तिर्की ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट मानना है कि राज्य में गलत कागजात और सादा पट्टा बना कर आदिवासियों की जमीन की लूट बंद होनी चाहिए।

### भाजपा सत्ता की लालच में करती है राजनीति : बंधु



बंधु ने कहा कि कांग्रेस सेवा का काम करती है भाजपा सिर्फ सत्ता के लालच में राजनीति करती है। यहां जो जमीन का मामला है और जिस तरीके से जमीन को सादा हुकुमनामा या फिर फर्जी कागजात बना कर रैयतों को बेदखल किया जा रहा है, पूरे मामले को लेकर जांच करनी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी से पूछना चाहता हूं कि सिमालिया मौजा में 23 एकड़ से ज्यादा जमीन को सहकारी समिति के नाम से कर लिया गया, उनके संरक्षक कौन हैं। उन्होंने कहा कि कांके के मलसरेंग में सरना स्थल पर कब्जा करने वाले कौन हैं? अरगोड़ा के बड़ा घाघरा में किसने कब्जा किया, कांके रोड में जो गोलीबारी हुई है, उसमें बीजेपी के लोग इंवॉल्व हैं या नहीं, नामकुम में सुशीला देवी की जमीन को भाजपा के लोगों ने कब्जा किया कि नहीं, यह जवाब चाहिए, ओरामंझी में दो बड़े तालाब किसने कब्जा किया?

# लोकेश खलखो को रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया

**रांची (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस कमेटी रांची जिला महानगर अध्यक्ष कुमार राजा ने कांग्रेस का वरिष्ठ नेता व समाजसेवी कोकर रांची निवासी लोकेश खलखो को रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मनोनीत किया। पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सुबोध कांत सहाय, बंधु तिर्की, मंत्री रामेश्वर उरांव, आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, डॉ राकेश किरन, अमूल नीरज खलखो, सुरेश बैठा, रमा खलखो, बेल्स तिर्की आदि ने बधाई दी। सदस्यों ने कहा कि लोकेश खलखो एक सुलझे हुए नेता हैं इन्हें उपाध्यक्ष बनने से संगठन और मजबूत होगा। वहीं लोकेश खलखो ने कहा कि पार्टी ने जो मुझे दायित्व दिया है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। साथ-ही कांग्रेस के नीति सिद्धांत व राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के विचारों के अनुरूप उनके हाथों को मजबूत करेंगे। इस संबंध में रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राजा कर्मकार ने जानकारी दी।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | दैनिक कार्य अव्यवस्थित रहेगा, नौकरी-व्यापार में अवरोध, विविध उलझनों का सामना होगा। |
| वृष | रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा। |
| मिथुन | परिस्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण। |
| कर्क | कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी। |
| सिंह | रूका हुआ काम पूरा होगा, वाहन की सवारी सावधानी से करें दुर्घटना की आंशका। |
| कन्या | नौकरी में उन्नति होगी, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ। |
| तुला | परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा.स्वजन-मित्रों का सहयोग। |
| वृश्चिक | संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी, व्यवसाय की स्थिति में सुधार। |
| धनु | इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी,विरोधियों पर विजय। |
| मकर | आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा। |
| कुंभ | स्वास्थ्य बाधा,दिमागी तनाव,इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा। |
| मीन | आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी। |

# एक महीने के अंदर योगदान नहीं देनेवाले एपीपी की नियुक्ति होगी रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक माह के अंदर योगदान नहीं देनेवाले एपीपी (सहायक लोक अभियोजक) की नियुक्ति रद्द कर दी जायेगी। इससे संबंधित आदेश गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि सहायक लोक अभियोजक के रूप में बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए योगदान की तिथि से आवंटित जिलों में औपबंधिक रूप से नियुक्त और पदस्थापित किया गया है। नियुक्त अभ्यर्थियों को एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से योगदान देने का निर्देश दिया गया था, लेकिन कई अभ्यर्थियों ने आवंटित जिले में अब तक योगदान नहीं दिया है। ऐसे अभ्यर्थी एक महीने के अंदर आवंटित जिले में अगर योगदान नहीं देते हैं, तो यह समझा जायेगा कि आपको इसमें कोई रुचि नहीं है और आपकी नियुक्ति रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

**इन अभ्यर्थियों ने नहीं दिया है योगदान :** आनंद कुमार, मनीष कुमार, निखिल गौरव कमान कच्छप, संजीत कुमार, अमित कुमार तिरिया।

# तस्कर पन्ना लाल की पत्नी भाई को बेल देने से इनकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इडी की विशेष अदालत ने मानव तस्करी कर करोड़ों रुपये की मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में किंगपिन पन्ना लाल महतो की पत्नी सुनीता कुमारी और भाई शिव शंकर गंझू की जमानत याचिका खारिज कर दी है। 6 अक्टूबर को अर्जी दाखिल कर दोनों ने जमानत की गुहार लगायी थी। दोनों जेल में बंद हैं। मानव तस्कर पन्ना लाल और उसके सहयोगियों के साथ उसकी पत्नी और भाई पर दिल्ली की प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से झारखंड के गरीब, कमजोर व नाबालिग को दिल्ली में नौकरी दिलाने के नाम पर तस्करी करने का आरोप है। गौरतलब है कि पन्ना लाल और उसकी पत्नी सुनीता साल 2003 से ही मानव तस्करी कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लगभग 100 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति बनायी। पन्ना लाल झारखंड समेत ओडिशा के विभिन्न जिलों से बच्चों को काम दिलाने के नाम पर बाहर ले जाकर बेच देता था। इसके लिए खासकर सुदूरवर्ती इलाकों के आदिवासी बच्चों को निशाना बनाता था, जो काफी गरीब परिवार से आते थे।

**झारखंड में मानव तस्करी की जांच कर रही है एनआइए :** झारखंड में मानव तस्करी की एनआइए जांच कर रही है। एनआइए मुख्यालय ने झारखंड के बड़े मानव तस्कर माने जाने वाले पन्नालाल के खिलाफ दर्ज मामले का अनुसंधान टेकओवर करने की गुजारिश झारखंड पुलिस से की थी। मानव तस्कर पन्ना लाल महतो से जुड़े मामले को एनआइए ने टेकओवर करते हुए जांच शुरू कर दी थी।

# सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार की निशिकांत की पत्नी के खिलाफ दायर एसएलपी

## भूमि खरीद से जुड़ा है मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देवघर में भूमि खरीद मामले में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी अनामिका गौतम के खिलाफ झारखंड सरकार के द्वारा दाखिल एसएलपी पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय किशन कौल की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार की याचिका को स्वीकार कर लिया है। अदालत ने कहा है कि वह इस मामले की सुनवाई करेगी। राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता अरुणाभ चौधरी, अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल, अधिवक्ता तूलिका मुखर्जी और अधिवक्ता बीनू शर्मा ने शीर्ष अदालत में पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान अनामिका गौतम की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने हाईकोर्ट द्वारा [illegible] रद्द किए जाने के फैसले को बरकरार रखने का आग्रह किया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार नहीं रखा।

**सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी :** दरअसल झारखंड सरकार ने झारखंड हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की थी। एसएलपी के माध्यम से झारखंड हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई थी। जिसमें हाईकोर्ट ने देवघर में अनामिका गौतम के नाम से खरीदी गयी भूमि के मामले में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आदेश दिया था।

# सीएम ने आरआर स्पोर्टिंग क्लब और पंच मंदिर पूजा पंडाल का किया उद्घाटन





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शारदीय नवरात्र की पंचमी के अवसर पर गुरुवार को आरआर स्पोर्टिंग क्लब पूजा पंडाल, रातू रोड और पंच मंदिर पूजा पंडाल, हरमू का अनावरण किया। इस मौके पर उन्होंने अपनी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन संग माता रानी के दरबार में शीश नवाकर राज्य और राज्यवासियों की उन्नति, सुख - समृद्धि, शांति, सद्भाव, अमन - चैन और उत्तम स्वास्थ्य कामना की। मुख्यमंत्री ने लोगों को नवरात्रि की बधाई और शुभकामनाएं दी और कहा- आप सभी पूरे हर्षोल्लास के साथ इस त्योहार को मनाएं। यह त्योहार आप सबों के जीवन में खुशियां लेकर आये।

## शारदीय नवरात्र : छठा दिन

### कात्यायनी दुर्गा का ध्यान



चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दुलवरवाहना ।।
कात्यायनी शुभं दद्याद देवी दानवघातिनी ।।

जिनका हाथ उज्जवल चंद्रहास (तलवार) से सुशोभित होता है तथा सिंहप्रवर जिनका वाहन है, वे दानव संहारिणी दुर्गा देवी कात्यायनी मंगल प्रदान करें।

देवि प्रपन्नार्तिहरे प्रसीद-6

ब्रह्म की महाशक्ति के रूप में श्रद्धा, प्रेम और निष्काम भाव से उपासना करने से परब्रह्म परमात्मा की प्राप्ति होती है। बहुत से विद्वान इसे भगवान की ह्लादिनी शक्ति मानते हैं। महेश्वरी, जगदीश्वरी, परमेश्वरी भी इसी को कहते हैं। लक्ष्मी, सरस्वती, दुर्गा, राधा, सीता आदि सभी इस शक्ति की ही रूप हैं। माया, महामाया, मूल प्रकृति, विद्या, अविद्या आदि भी इसी का रूप हैं। परमेश्वर शक्तिमान है और भगवती परमेश्वरी उसकी शक्ति हैं। शक्तिमान से शक्ति अलग होने पर भी अलग नहीं समझी जाती। जैसे अग्नि की दाहिका शक्ति अग्नि से भिन्न नहीं है। यह सारा संसार शक्ति और शक्तिमान से परिपूर्ण है और उसी से इसकी उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय होते हैं।

इस महाशक्तिरूपा जगज्जननी दुर्गा की उपासना लोग नाना प्रकार से करते हैं। कोई तो इस महेश्वरी को ईश्वर से भिन्न समझते हैं और कोई अभिन्न मानते हैं। श्रुति, स्मृति, पुराण, इतिहासादि शास्त्रों में इस गुणमयी विद्या-अविद्यारूपा मायाशक्ति को प्रकृति, मूल-प्रकृति, महामाया, योगमाया आदि अनेक नामोंसे कहा है। उस मायाशक्ति की व्यक्त और अव्यक्त अर्थात साम्यावस्था तथा विकृतावस्था-दो अवस्थाएं हैं। उसे कार्य, कारण और व्याकृत, अव्याकृत भी कहते हैं। 23 तत्वों के विस्तारवाला यह सारा संसार तो उसका व्यक्त स्वरूप है। जिससे सारा संसार उत्पन्न होता है और जिसमें यह लीन हो जाता है, वह उसका अव्यक्त स्वरूप है। गीता में भगवान कृष्ण ने कहा है-

अव्यक्ताद्व्यक्तय: सर्वा: प्रभवन्त्यहरागमे।
रात्र्यागमे प्रलीयन्ते तत्रैवाव्यक्तसंज्ञके।।

अर्थात-संपूर्ण दृश्यमात्र सम्पूर्ण प्राणी ब्रह्मा के दिन के प्रवेशकाल में अर्थात विद्या (दैवी संपद) के प्रवेश काल में संपूर्ण प्राणी अव्यक्त बुद्धि में जागृत हो जाते हैं और रात्रि के प्रवेशकाल में उसी अव्यक्त, अदृश्य बुद्धि में जागृति के सूक्ष्म तत्व अचेत हो जाते हैं। वे प्राणी अविद्या की रात्रि में स्वरूप को स्पष्ट देख नहीं पाते किंतु उनका अस्तित्व रहता है। (क्रमश:)

प्रस्तुति - डॉ एनके बेरा

## डांडिया नाइट्स में देर रात झूमते रहे लोग



हटिया (आजाद सिपाही)। द ड्रीम आर्ट एंड फिटनेस के द्वारा हटिया स्थित सेफरोन रेशॉट में गुरुवार को डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि हटिया विधानसभा के विधायक नवीन जायसवाल और झॉलीवुड बॉलीवुड के एक्ट्रेश चांदनी बड़ाईक ने हिस्सा लिया। डीजे की धुन के साथ धार्मिक गानों ने सबका मन मोहा। हर वर्ग के लोगों को देर रात तक भक्ति गीत संगीत में थिरकते रहे। डीजे का भरपूर आनंद उठाया। बड़ी संख्या में जुटे लोगों के खाने के लिए अलग से स्टॉल व्यवस्था थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में आरव राणा, फूल अहमद, कृष्णा मेहता, सुबोध कुमार, अंजलि, पायल, प्रिंस, नितीश एवं बाउंसार टीम का अहम योगदान रहा।

## नहीं रहे आचार्य नरोत्तम शास्त्री



रांची (आजाद सिपाही)। सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा, झारखंड प्रांत के पूर्व मंत्री एवं रांची जिला के पूर्व अध्यक्ष आचार्य नरोत्तम शास्त्री का अशोकनगर स्थित आवास में 18 अक्टूबर की देर रात हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। 94 वर्षीय शास्त्री जी मूलत: सिमडेगा के निवासी थे। मग समाज के उत्थान के लिए वे समर्पित थे। अपने जीवन-काल में उन्होंने सिमडेगा, राँची के अशोक नगर में भव्य दुर्गा एवं शिव परिवार, देवी मंडप रोड में अपनी सहभागिता से भव्य सूर्य मंदिर सहित कई मंदिरों का निर्माण कराया। कई धार्मिक पुस्तकें भी उन्होंने लिखी है।वे ज्योतिष के भी अच्छे ज्ञाता थे। सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा झारखंड प्रांत एवं राँची के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने श्रद्धांजलि दी है। शोक व्यक्त करने वालों में डा.अमिताभ कुमार पांडेय, आचार्य मिथिलेश कुमार मिश्र, कृष्ण विहारी मिश्र, पंडित बसंत व्यास, अवधमणि पाठक, रविन्द्र कुमार मिश्र, दिग्विजय पाठक, मनोज कुमार पुटु, वसंत कुमार पाठक, पंकज कुमार पाठक, शशिकांत मिश्र, राहुल गुरु, उमाकांत मिश्र, पंकज पाठक, विभाकर मिश्र, शशिभूषण मिश्र शामिल थे।

## बैंक ऑफ इंडिया ने लगाया स्टाल



रांची (आजाद सिपाही)। त्योहारी सीजन में वाहनों की मांग में तेजी और ग्राहकों की सहूलियत को देखते हुए बैंक ऑफ इंडिया रांची के विभिन्न वाहन डीलर्स शोरूम के साथ त्वरित वाहन ऋण प्रसंस्करण हेतु संयुक्त रूप से स्टाल लगा रहा है। इस क्रम में प्रेमसंस मोटर्स के साथ नेक्सा मेन रोड शोरूम में बैंक ऑफ इंडिया द्वारा एक स्टाल लगाया गया। बैंक ऑफ इंडिया त्योहारी ऑफर के अंतर्गत वाहन ऋण पर न्यूनतम 8.75 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर के साथ-साथ प्रसंस्करण शुल्क में भी 100 फीसदी की छूट दे रहा है।

## नवरात्रि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक : जोगेंद्र



रांची (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी के कांके विधानसभा क्षेत्र प्रभारी जोगेंद्र उरांव ने गुरुवार को नवरात्रि पर्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नवरात्रि हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है। नवरात्रि दो शब्दों से मिलकर बना है, नव यानी नया और रात्रि यानी रात। हिन्दू धर्म के सभी त्योहारों में जीवन जीने के आदर्शों का सार मिलता है। नवरात्रि का त्योहार भी ऐसे ही एक आदर्श का अर्थ बताता है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाता है। उन्होंने अपील किया कि त्योहार को शांति पूर्वक मिलजुल कर मनायें। दुर्घटना घटती है, तो प्रशासन को सूचना दें।

## केयूजी पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। हिंदपीढ़ी स्थित केयूजी पब्लिक स्कूल में मंथन युवा संस्थान और सुईचओन फॉउंडेशन के द्वारा पर्यावरण सुरक्षा से संबंधित वाद-विवाद एवं क्यूज प्रतियोगता का आयोजन किया गया। साथ ही किचेन से निकलने वाले कचरे से छात्र-छात्राओं ने स्वयं स्कूल में खाद बनायी। इस प्रतियोगिता में पहला दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेटो एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रींसीपल रिजवाना परवीन, शिक्षक एवं शिक्षिका ने अहम भूमिका निभायी। कार्यक्रम का संचालन मंथन युवा संस्थान के मो शकील राही ने किया। यह जानकारी संस्थान के सचिव सुनिल कुमार पाल ने दी।

## चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के पंडाल का सुदेश महतो ने किया उद्घाटन

**दिल्ली के कलाकारों ने मां दुर्गा के जीवंत नाट्य का मंचन प्रस्तुत किया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शारदीय नवरात्रि दुर्गा पूजा के कारण चारों ओर भक्तिपूर्ण माहौल है। गुरुवार को पूजा के पंचमी तिथि को रांची के अल्बर्ट एक्का चौक स्थित चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का विधिवत तरीके से अनावरण किया गया।

इस अवसर पर आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, भाजपा के राज्य सभा सदस्य आदित्य साहू, भाजपा नेत्री आशा लकड़ा, बिहार से आये युवा तुर्क नेता युवराज सुधीर सिंह और पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। वहीं सुदेश महतो ने कहा कि रांची की शान के रूप में चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के द्वारा दुर्गोत्सव का आयोजन किया जाता है। यहां आकर्षक और भव्य पंडाल रांची के श्रद्धालुओं को देखने को मिलेगा। शहर के हृदय स्थली पर आयोजित इस दुर्गा पूजा में श्रद्धालु मां भवानी का दर्शन करने के लिए आयेंगे। मैं पूरे प्रदेशवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देता हूं। वहीं रांची की पूर्व मेयर आशा लकड़ा ने कहा कि राष्ट्रभक्ति के थीम पर आधारित इस पूजा पंडाल में मां की प्रतिमा भव्य है। अनावरण के बाद दिल्ली से आये कलाकारों के द्वारा नवदुर्गा के स्वरूप और मां काली पर आधारित जीवंत नाट्य मंचन प्रस्तुत किया गया। देवलोक के तर्ज पर बने पूजा पंडाल पट के अनावरण कार्यक्रम के बाद मां भवानी के भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिया गया। पट अनावरण कार्यक्रम के बाद पहले दिन से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। अनावरण से पहले विधायक समरी लाल, नविन जायसवाल ने भी पंडाल का अवलोकन किया। इस अवसर पर संस्थापक सदस्य रामानंद ठाकुर, सुनील तिवारी, भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, भाजपा रांची महानगर के अध्यक्ष केके गुप्ता, सहित कई गणमान्य शामिल हुए।

## सुबोधकांत सहाय ने दुर्गा पूजा समिति महावीर मंदिर चर्च रोड का किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवादता

**रांची।** दुर्गा पूजा समिति महावीर मंदिर चर्च रोड का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने किया। इस अवसर पर उनके द्वारा क्षेत्रवासियों को नवरात्रि और दुर्गा पूजा की बधाई देने के साथ-साथ आपसी भाईचारे के साथ इस पर्व को मनाने की अपील की गयी। उन्होंने मानवकल्याण की कामना की एवं मां दुर्गा से सभी के लिए आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर मौजूद रांची युवा कांग्रेस के महासचिव और रांची विधानसभा के प्रभारी रोहित सिन्हा ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान, पूजा पाठ हमारी भारतीय सभ्यता और संस्कृति का अभिन्न अंग है, आने वाला समय देश के लिए मंगलमय हो, यही मां दुर्गा से प्रार्थना है। ये ऐसा उत्सव है, जहां सर्व धर्म समभाव के बीच तारतम्यता बनाये रखा जाता है।

मुख्य संरक्षक गुलशन लाल अजमानी ने कहा कि भव्य पंडाल और भव्य प्रतिमा के साथ साथ आकर्षक विद्युत सज्जा के माध्यम से भी नगरवासी पंडाल की ओर आकर्षित हो रहे हैं। भक्त माता के दर्शन के लिए पंडाल में उमड़ने लगे हैं। लोग दूर-दूर से यहां बने मनोरम दुर्गा पूजा पंडाल की एक झलक पाने को आतुर रहते हैं।

## शारदा ग्लोबल स्कूल में मां दुर्गा की अभ्यर्थना



**रांची (आजाद सिपाही)।** नवरात्र के अवसर पर शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मां दुर्गा की अभ्यर्थना की। विद्यालय के जूनियर और सीनियर विंग के छात्रों ने मां दुर्गा के भजन और नाट्य प्रस्तुतियों के द्वारा संपूर्ण विद्यालय को भक्तिमय बना दिया। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा संपूर्ण रामायण की प्रस्तुति अद्भुत और अनिवर्चनीय रही। कार्यक्रम स्थल पर विद्यालय के डायरेक्टर दीपक बंका, दीपा बंका, अनुज रंजन, विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप, प्राचार्या जसमीत कौर, शिक्षकगण और छात्र उपस्थित थे। विद्यालय के डायरेक्टर दीपक बंका ने सभी को दुर्गा पूजा की बधाई देते हुए कहा कि यह अवसर हमें मातृशक्ति को याद रखने की प्रेरणा तथा उन्हें आदर देता है।

## युवा दस्ता के सदस्यों को परिचय पत्र देकर सेवा कार्य के लिए रवाना किया

**रांची (आजाद सिपाही)।** युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने गुरुवार को युवा दस्ता के सदस्यों को परिचय पत्र देकर सेवा कार्य के लिए रवाना किया। श्री मिश्रा ने बताया कि युवा दस्ता के सभी पदाधिकारी, क्षेत्रीय प्रभारी और सदस्य अपने-अपने क्षेत्र में सेवा कार्य में तैनात है और मां भवानी के भक्तो के सहायता के लिए तत्पर है। श्री मिश्रा ने कहा कि युवा दस्ता के सदस्यों का सेवा कार्य विसर्जन तक जारी रहेगा। श्री मिश्रा ने बताया कि युवा दस्ता के प्रधान कार्यालय का उद्घाटन शुक्रवार को अल्बर्ट एक्का चौक स्थित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में साहिल कुमार, टिंकू महतो, ओम प्रकाश शर्मा, सोनू भारद्वाज, आयुष सिंह, विक्रम साहू, अमन प्रजापति, कन्हैया शर्मा, प्रेम कुमार यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के जूनियर और सीनियर विंग में दुर्गोत्सव की धूम

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची की कक्षा नर्सरी से पांचवीं एवं षष्ठी से बारहवीं तक के बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से नवरात्र तथा दुर्गा पूजा के महात्म्य को प्रदर्शित किया। जूनियर विंग में कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता, एकेडमिक को-आर्डिनेटर रवि शेखर एवं जूनियर विंग इंचार्ज श्री राजकिशोर शर्मा ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। नर्सरी और प्रेप के बच्चों ने महिषासुर मर्दिनी नृत्य के माध्यम से शक्ति की देवी दुर्गा की महिमा को दिखाने की चेष्टा की।

कक्षा दूसरी और तीसरी के बच्चों ने डांडिया नृत्य की प्रस्तुति की और बच्चों ने समूहगान के माध्यम से दुर्गा मां के आगमन पर गीत गाकर सबका मन मोह लिया। इसके अलावा कक्षा चौथी, पांचवीं के बच्चों ने भी समूह नृत्य, श्लोकावृत्ति आदि की प्रस्तुति की। महिषासुर मर्दिनी नृत्य नाटिका के माध्यम से विद्यार्थियों ने सबको यह संदेश दिया कि किस प्रकार देवताओं के आशीर्वाद से मां दुर्गा ने महिषासुर तथा अन्य राक्षसों का नाश किया।

इस अवसर पर विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने संपूर्ण विद्यालय परिवार को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी तथा बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चे अपनी संस्कृति से जुड़े रहते हैं। उन्होंने शक्ति की अधिष्ठात्री मां दुर्गा की उपासना के विभिन्न लाभ विद्यार्थियों को बताया साथ ही कहा कि यह उत्सव नारी शक्ति को भी उजागर करता है।

## बाल देखरेख सेवाओं की भूमिका पर झारखंड फोर्सेज ने राज्यस्तरीय मंत्रणा का किया आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड फोर्सेज ने गुरुवार को गुणवत्तापूर्ण बाल देखरेख सेवाओं की उपलब्धता और कार्यबल में महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने में बाल देखरेख सेवाओं की भूमिका पर एक राज्य स्तरीय मंत्रणा का आयोजन होटल लीलैक, रांची में किया। इसमें 20 सहभागी संस्थाओं के परस्पर समन्वय से संचालित नेटवर्क झारखंड फोर्सेज द्वारा राज्य में गुणवत्तापूर्ण बाल देखरेख सेवाओं की उपलब्धता और तत्संबंधी नीतिगत मुद्दों को समझने और विभिन्न स्तरों पर नीति निमाताओं के साथ इन विषयों पर चर्चा कर उनमें वांछित संशोधन की पहल करने की कोशिश की जा रही है। जी-20 के दौरान विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों के आयोजन के दौरान फोर्सेज द्वारा राज्य के 57 गांवों में जी-20 चौपाल का आयोजन किया गया था, जिसमें समुदाय स्तर पर बाल देखरेख सेवाओं और तत्संबंधी उनकी मांगों पर चर्चा की गयी। समुदाय द्वारा उन्हीं मांगों को आज की मंत्रणा के दौरान उपस्थित काजल यादव, अध्यक्ष, झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग और शशि प्रकाश झा, निदेशक, समाज कल्याण को प्रस्तुत किया गया। इस मंत्रणा में सहायक निदेशक, समाज कल्याण, यूनिसेफ, झारखंड के शिक्षा विशेषज्ञ के साथ-साथ विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी विषय विशेषज्ञ, इस विषय पर कार्य करने वाली गैर-सरकारी संस्थानों और झारखंड फोर्सेज के साथी संस्थानों के प्रतिनिधि के साथ झारखंड फोर्सेज के सचिवालय सिनी के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## डीएसपीएमयू में ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में आईक्यूएसी के तत्वावधान में रिसर्च इथिक्स एंड प्लैग्रिज्म, विषय पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एक ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के तौर पर विक्रमादित्य कुमार चौधरी, सहायक प्राध्यापक, सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ रीजनल डेवलपमेंट, जेएनयू, नयी दिल्ली आमंत्रित थे। अपने व्याख्यान के द्वारा प्रो चौधरी ने रिसर्च इथिक्स और एक शोधकर्ता के लिए अपने शोध के दौरान एथिकल होने की आवश्यकता और अनिर्वायता को केंद्र बिंदु में रखते हुए अपना व्याख्यान दिया। इस ऑनलाइन सेमिनार में मॉडरेटर के तौर पर डॉ अभय कृष्ण सिंह, डॉ रेखा झा, डॉ गीतांजलि सिंह, डॉ शमा सोनाली, डॉ विनय भरत, डॉ शुचि संतोष बरवार, डॉ शालिनी लाल और अनुपम कुमार के अलावा शोधार्थी मौजूद थे।

## सीसीएल ने सतर्कता जागरूकता अभियान चलाया

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में गुरुवार को सीसीएल ने सतर्कता जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत नारा लेखन, भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के चीफ मैनेजर आरके सिंह, चीफ मैनेजर ओमप्रकाश और डॉ अनीता ने विद्यार्थियों के बीच संबोधन और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। सीयूजे के आइक्यूएसी डायरेक्टर प्रो रतन कुमार डे ने विद्यार्थियों को जीवन में ड्यूटी और डिग्निटी के महत्व के बारे में समझाया। नारा लेखन में जनसंचार विभाग के पीएचडी स्कॉलर विनायक झा को प्रथम, राहुल कुमार को द्वितीय और विशाखा और अनुराग को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।


**पूर्व तट रेलवे**

**'ई' प्रॉक्योरमेंट प्रणाली**

निविदा सूचना सं.PCMM/EP/2023-24/97
दिनांक : 16.10.2023

**क्रम सं. 01 :** निविदा सं. 03233865, सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण : स्टेप कंप्लीट (Step complete), मात्रा : 1746 संख्यक।

**क्रम सं. 02 :** निविदा सं. 02231004A, सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण : हाई वोल्टेज बुशिंग (Bushing), मात्रा : T.S. के अनुसार।

**क्रम सं. 03 :** निविदा सं. 06235269, सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण : C-I डिस्टन्स ब्रैकेट की आपूर्ति, मात्रा : T.S. के अनुसार।

**क्रम सं. 04 :** निविदा सं. 08231073A, सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण : WAG-9 के लिए ट्रांसफॉर्मर ऑयल, मात्रा : T.S. के अनुसार।

**क्रम सं. 05 :** निविदा सं. 03232041, सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण : एम्पटी लोड बॉक्स का कंप्लीट सेट, मात्रा : 2280 सेट।

**क्रम सं. 06 :** निविदा सं. 03231362A, सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण : 'K' टाइप ब्रेक ब्लॉक, मात्रा : 11000 संख्यक।

**क्रम सं. 07 :** निविदा सं. 09233607, सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण : M.S.फ्लैट साइज-4.5mm x 10mm, मात्रा : 39 मीटर।

**क्रम सं. 08 :** निविदा सं. 09233603, सामग्रियों का संक्षिप्त विवरण : M.S.फ्लैट साइज-25mm x 6mm, मात्रा : T.S. केअनुसार।

निविदा खुलने की तिथि : क्रम सं. 01, 02, 04, 05 हेतु दिनांक : 06.11.2023, क्रम सं. 03 हेतु दिनांक : 30.10.2023, क्रम सं. 06 हेतु दिनांक : 13.11.2023, क्रम सं. 07 हेतु दिनांक : 09.11.2023 एवं क्रम सं. 08 हेतु दिनांक : 10.11.2023।

संपूर्ण सूचना, ईएमडी, क्रय प्रतिबंध और संपूर्ण निविदा शर्तावली के संबंध में कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in एवं www.eastcoastrail.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें।

प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/ भुवनेश्वर

PR-678/O/23-24


## सरला बिरला विवि में इंटरनेशनल एक्सपर्ट टॉक का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक के संरक्षण में विश्वविद्यालय के एकेडमिक ब्लॉक के बोर्ड रूम में इंटरनेशनल एक्सपर्ट टॉक का आयोजन गुरुवार को सुबह 9 बजे से 10:30 बजे तक किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मिसिसिपी वाटरशेड मैनेजमेंट ऑर्गेनाइजेशन, मिनीपॉलिश-मिनेसोटा, यूएसए के डायरेक्टर डॉ उदय भान सिंह ने अपना प्रेरक और अनुभवात्मक विचार साझा करते हुए सिविल विभाग के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को इंटरनेशनल अकैडमिक एक्सपोजर के कई महत्वपूर्ण गुर से अवगत कराया।

विदित हो कि जनवरी माह में दोनों विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सरला बिरला विश्वविद्यालय के परिसर में एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित करने पर भी सहमति प्रदान की। उक्त एक्सपर्ट टॉक में विश्वविद्यालय के सभी ऑफिसर, संकायाध्यक्ष, सह संकायाध्यक्ष, सिविल विभाग के अध्यापकों तथा विद्यार्थियों ने न केवल सहभागिता की बल्कि कई महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तरों द्वारा इंटरनेशनल एकेडमिक्स से संबंधित प्रावधानो से वाकिफ हुए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय का मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा ने कार्यक्रम की सफलता पर आयोजन समिति की सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए सराहना की है।


**DR. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY**
Ranchi, Jharkhand.

Ref. No.: DSPMU/G/774/23 Dated: 19th October, 2023

**TENDER NOTICE**

Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi-834008, Jharkhand hereby invites sealed tender from the eligible bidders for "Confidential Printing of Examination Related Document", For detailed information visit University website **www.dspmuranchi.ac.in.**

Sd/-
Registrar
DSPMU, Ranchi

# हमले से बढ़ा तनाव

इजरायल-हमास युद्ध के 11वें दिन मंगलवार को गाजा शहर के एक हॉस्पिटल पर हुए मिसाइल हमले ने इस प्रकरण के सबसे मानवीय और चिंताजनक पहलू को सामने ला दिया। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इसे अभूतपूर्व करार दिया है। उसके मुताबिक गाजा के 115 स्वास्थ्य केंद्र इस हमले की चपेट में आए हैं और शहर के ज्यादातर हॉस्पिटल इसकी वजह से ठप हो गये हैं। वैसे भी खबरें बताती हैं कि इजरायल की चेतावनी के बाद करीब 10 लाख लोग गाजा के उत्तरी हिस्से से दक्षिणी हिस्से की ओर चले गये हैं। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि गाजा पट्टी के छोटे इलाके में आबादी का बड़ा हिस्सा आ गया है और वहां जरूरी चीजों की भारी किल्लत हो गयी है। अगर मानवीय सहायता पहुंचाने की कोई टिकाऊ व्यवस्था जल्द नहीं की गयी तो हालात बेकाबू हो सकते हैं, लेकिन गाजा के बाहर स्थितियों में सुधार की बात तो दूर, तनाव और बढ़ते नजर आ रहे हैं। हॉस्पिटल पर हमले के लिए हालांकि दोनों पक्ष एक-दूसरे को दोषी बता रहे हैं, लेकिन इससे आम लोगों के बड़ी संख्या में हताहत और घायल होने की सच्चाई बदल नहीं जाती। उधर, इजरायल गाजा के भीतरी इलाकों में अपनी सेना भेज कर हमास का खात्मा करने के अपने संकल्प पर अड़ा हुआ है, उसकी फौज इस अभियान को अंजाम देने के लिए आखिरी पलों की तैयारियों में जुटी है। वहीं ईरान ने यह धमकी दे दी है कि अगर गाजा पर इजरायल के युद्ध अपराध नहीं रुके तो दुनिया भर के मुसलमान जंग में उतरेंगे और ईरान की सेना को कोई रोक नहीं पायेगा। यूं तो इजरायल और ईरान की सीमाएं साथ नहीं लगतीं, लेकिन लेबनान का बॉर्डर इजरायल से लगता है, जहां के मिलिटेंट ग्रुप हिजबुल्ला की ईरान मदद करता आया है। इन सबके बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन बुधवार को इजरायल पहुंच गये, लेकिन यह देखना बाकी है कि उनकी बातचीत से इजरायल के रुख में किसी तरह का बदलाव आता है या नहीं। हॉस्पिटल पर मिसाइल हमले के बाद जॉर्डन ने राष्ट्रपति बाइडन और इजिप्ट व फलस्तीन के नेताओं के साथ होने वाली बैठक टाल दी है। जहां तक आम लोगों के विरोध प्रदर्शन की बात है, तो अभी तो सिर्फ वेस्ट बैंक और ईरान के कुछ शहरों में यह देखने को मिला है, लेकिन हॉस्पिटल पर हमले के बाद लोगों से सड़कों पर निकलने की अपीलें शुरू हो गयी हैं। अगर यह सिलसिला शुरू होता है, तो जनमत का दबाव उन सरकारों को भी रुख कड़ा करने पर मजबूर कर सकता है, जो अभी इस मामले में कोई कदम उठाने से बचना चाहती हैं। कुल मिला कर देखा जाये तो हमास-इजरायल युद्ध की आंच फैलने की आशंका हर पल मजबूत होती जा रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध के नतीजों से जूझती दुनिया एक और युद्ध बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं है।

**अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन बुधवार को इजरायल पहुंच गये, लेकिन यह देखना बाकी है कि उनकी बातचीत से इजरायल के रुख में किसी तरह का बदलाव आता है या नहीं। हॉस्पिटल पर मिसाइल हमले के बाद जॉर्डन ने राष्ट्रपति बाइडन और इजिप्ट व फलस्तीन के नेताओं के साथ होने वाली बैठक टाल दी है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पिछले दिनों इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 2006 के चर्चित निठारी हत्या कांड के दोनों आरोपियों को बरी कर दिया। जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा और जस्टिस एसएएच रिजवी की खंडपीठ ने कहा कि निठारी हत्याकांड की जांच करने में अभियोजन पक्ष की विफलता, जांच एजेंसियों द्वारा जनता के भरोसे के साथ विश्वासघात से कम नहीं है।**

# निठारी कांड : सीबीआइ पर फिर उठे सवाल


**रजनीश कपूर**

जब भी कभी कोई न सुलझने वाला अपराध होता है तो मामला देश की सर्वोच्च जांच एजेंसी, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) को सौंप दिया जाता है। इस उम्मीद से कि यह एजेंसी देश की सबसे काबिल और श्रेष्ठ जांच एजेंसी है, परंतु क्या सीबीआइ में कार्य करने वाले अधिकारी हर अपराध की तह तक आसानी से पहुंच पाते हैं? क्या इन जांच अधिकारियों को अपराध के सभी प्रमाण व अन्य जानकारियां आसानी से मिल जाती हैं?

क्या अपराध के सीन पर सबसे पहले पहुंची स्थानीय पुलिस अपना काम पूरी तत्परता से करती है और क्राइम सीन पर किसी भी तरह के सबूत को मिटाती नहीं है? क्या दोषी को सजा दिलवाने के लिए पुलिस और सीबीआइ एक ठोस केस बना पाते हैं जो अदालत में टिका रहे और आरोपी को सजा मिल जाये? अफसोस की बात है कि ऐसे सवालों का जवाब प्रायः हमें नहीं में मिलता है। ऐसे कई उदाहरण मिल जायेंगे जहां अपराध के कई चर्चित मामलों में सीबीआइ को कोर्ट के आगे शर्मिंदा होना पड़ा और सबूतों की कमी के कारण आरोपी आसानी से छूट गये।

**ऐसे कई उदाहरण मिल जायेंगे जहां अपराध के कई चर्चित मामलों में सीबीआइ को कोर्ट के आगे शर्मिंदा होना पड़ा और सबूतों की कमी के कारण आरोपी आसानी से छूट गये।**

पिछले दिनों इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 2006 के चर्चित निठारी हत्या कांड के दोनों आरोपियों को बरी कर दिया। जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा और जस्टिस एसएएच रिजवी की खंडपीठ ने कहा कि निठारी हत्याकांड की जांच करने में अभियोजन पक्ष की विफलता, जांच एजेंसियों द्वारा जनता के भरोसे के साथ विश्वासघात से कम नहीं है।





**जब भी कभी ऐसे अपराधों के हर पहलू की सही जांच होती है, तो पीड़ितों के परिजनों और जनता के बीच यह संदेश जाता है कि जांच एजेंसियां अपना काम स्वायत्तता और निष्पक्ष रूप से कर रही हैं। देश की शीर्ष जांच एजेंसियों का सिद्धांत यह होना चाहिए कि जघन्य अपराधों के किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा।**

परंतु इस निर्मम हत्या कांड में जिन बच्चों ने अपनी जान गंवाई उनके माता-पिता के मन में यह सवाल उठना वाजिब है कि अगर निठारी कांड के आरोपी मोनिंदर सिंह पंढेर और सुरेंद्र कोली बेकसूर हैं, तो इतनी सारी हत्याएं किसने कीं? वहीं दूसरी तरफ यह भी सवाल उठ रहे हैं कि यदि ये दोनों आरोपी निर्दोष थे तो निचली अदालत ने इन्हें किस आधार पर फांसी की सजा सुनायी? क्या निचली अदालत से कोई त्रुटि हुई या हाई कोर्ट में जांच एजेंसियों ने सभी तथ्यों को मजबूती से पेश नहीं किया?

गौरतलब है कि 2006 के इस हत्या कांड की जांच को सीबीआइ ने 11 जनवरी 2007 को अपने हाथ में लिया था। 26 जुलाई 2007 को सीबीआइ ने अदालत में चार्जशीट पेश की। इस मामले की सुनवाई सीबीआइ कोर्ट में 305 दिन तक चली। सुनवाई के दौरान कुल 38 गवाह पेश किये गये। शायद निचली अदालत को इस मामले में पर्याप्त सबूत और गवाह मिले होंगे, तभी इन आरोपियों को फांसी की सजा सुनायी गयी, परंतु जैसा अधिकतर मामलों में होता आया है, जैसे ही यह मामला हाइकोर्ट पहुंचा, सीबआइ की जांच संतोषजनक नहीं पायी गयी। पाठकों को याद होगा कि जांच के दौरान दोनों आरोपियों ने अपने-अपने जुर्म कबूले भी थे। तमाम सबूतों के आधार पर आरोपियों को फांसी की सजा सुनायी गयी थी, परंतु हाइकोर्ट ने इन सब तथ्यों को काफी नहीं माना और आरोपियों की रिहाई के आदेश दे दिए।

हाइकोर्ट के फैसले के विरुद्ध सीबीआइ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा कब खटखटायेगी, यह तो आने वाला समय ही बतायेगा। परंतु यदि हाई कोर्ट ने सीबीआइ की जांच में कमियां पायी हैं, तो इसका मतलब स्पष्ट है कि सीबीआइ जैसी श्रेष्ठ जांच एजेंसी ने अपना काम पूरी तत्परता से नहीं किया। यदि किया होता तो आज ऐसी नौबत नहीं आती। क्या सीबीआइ ने जान बूझकर अपनी जांच में कुछ ऐसी कमियां छोड़ीं जिससे कि आरोपियों की रिहाई का रास्ता साफ हो सके? यदि कोई ऐसा सोचे कि क्या निचली अदालत ने जनता व मीडिया के दबाव में आरोपियों को सजा सुनायी, तो यह सही नहीं होगा। यदि आरोपी मोनिंदर सिंह पंढेर और सुरेंद्र कोली निर्दोष थे, तो उनके नोएडा स्थित मकान में इस अपराध के कई अहम सबूत कैसे मिले? जब दोनों आरोपी अपने इकबालिया बयान में इस निर्मम हत्या कांड को अंजाम देने की बात स्वीकार चुके हैं, तो फिर निचली अदालत का फैसला गलत कैसे हुआ? यह सवाल उठता है कि क्या सीबीआइ को इस जांच में ढुलमुल रवैया अपनाने को 'ऊपर से आदेश' मिले थे?

मामला किसी बड़े घोटाले की जांच का हो, निठारी, आरुषि या मधुमिता शुक्ला जैसे चर्चित हत्याकांड की जांच का हो, इन मामलों की जांच कर रही सीबीआइ का ढीला और सुस्त रवैया ही अपराधियों को रिहा होने का मौका देता है। अगर सही वक्त पर पुलिस, सीबीआइ व अन्य एजेंसियों द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाती है, तो ऐसा नहीं होता।

जब भी कभी ऐसे अपराधों के हर पहलू की सही जांच होती है, तो पीड़ितों के परिजनों और जनता के बीच यह संदेश जाता है कि जांच एजेंसियां अपना काम स्वायत्तता और निष्पक्ष रूप से कर रही हैं। देश की शीर्ष जांच एजेंसियों का सिद्धांत यह होना चाहिए कि जघन्य अपराधों के किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा। फिर वो चाहे किसी भी विचारधारा या राजनीतिक पार्टी का समर्थक ही क्यों न हो, परंतु हमारे देश में ऐसा कब और कैसे होगा यह तो देखने वाली बात है।

## जमशेदपुर की खबरें

# आदिवासी जमीन पर अवैध कब्जे की होगी जांच : चंपई सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाइबासा।** कोल्हान भूमि बचाओ समिति का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को रांची में आदिवासी कल्याण मंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात की। मंत्री के आवास पर हुई इस मुलाकात में प्रतिनिधिमंडल में शामिल रैयतों ने चाईबासा के आसपास हो रहे आदिवासी जमीन पर अवैध कब्जे व फजीवाड़े की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। मंत्री चंपई सोरेन ने सारी शिकायतें सुनने के बाद नियमानुसार मामले की जांचकर कार्रवाई की बात कही। ये भी कहा कि सरकार को भी इसकी सूचना दें। समिति के उपाध्यक्ष डीबर देवगम ने मंत्री से कहा कि चाईबासा के मतकमहातू में दस आदिवासियों की जमीन पर बनवारी लाल नेवटिया का करीब तीस वर्षों से अवैध कब्जा है। इसमें मेरी भी पुश्तैनी जमीन है। नेवटिया दावा करता है कि उन्होंने सीएनटी एक्ट की धारा-49(6) के तहत यह जमीन खरीद ली है. इस पर चंपई सोरेन ने कहा कि इस मामले में नियमानुसार जांच करवायी जायेगी और सबों को जमीन वापस मिल सकेगी. एलियास बोदरा ने कहा कि बिरुवा पथ चाईबासा में उनकी जमीन पर भागीरथी लाल तोसावड़ नामक व्यक्ति का अवैध कब्जा है।



1964 सैटलमेंट अभिलेख में फजीर्वाड़ा करके ऐसा किया गया है। मतकमहातू के रैयत मानकी देवगम ने कहा कि मेरे गांव में रतिलाल तांती नामक व्यक्ति का मेरी 0.41 डिसमिल जमीन पर अवैध कब्जा है. इसका खाता संख्या- 07, प्लॉट संख्या- 646 तथा 0.41 डिसमिल है. वो इसे फजीर्वाड़े से बेचने की फिराक में है. जिले के अभिलेखागार से 1913-14 सेटलमेंट खतियान भी गायब हो रहे हैं। इसमें जिले के अधिकारियों की ही मिलीभगत है। ऐसे मामलों में कार्रवाई होनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में समिति के उपाध्यक्ष डीबर देवगम, सचिव चाहत देवगम, एलियास बोदरा, मानकी देवगम शामिल थे।

## विधायक ने कई दुर्गापूजा पंडाल का किया उद्घाटन, क्षेत्र और राज्य में सुख शांति के लिए की कामना

# मां दुर्गा का आशीर्वाद सदैव बना रहे, तेजी से हो क्षेत्र का विकास : मंगल कालिंदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में हर्ष उल्लास के साथ मां दुर्गा की पूजा का आयोजन किया गया। गुरुवार को जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के अलग अलग जगह में विधायक मंगल कालिंदी ने पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। विधायक ने परसुडीह दुर्गा बाड़ी के सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिति,नेताजी मिलन संघ विद्या सागर पल्ली, हलुदबनी नेताजी सुभाष चंद्र बोस मिलन संघ क्लब,साउथ ईस्टर्न रेल्वे दुर्गा पूजा व काली पूजा कमिति और श्री श्री दुर्गा पूजा कमिति जोजोबेड़ा के दुगार्पूजा पंडाल का फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर स्थानीय लोगों के साथ पूजा अर्चना कर क्षेत्र में खुशहाली का कामना की। वही विधायक ने उपस्थित आयोजकों के साथ क्षेत्र के लोगों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी। विधायक ने कहा दुगार्पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है।माँ दुर्गा का आशीर्वाद सदैव जुगसलाई विधानसभा व झारखंड वासियों को मिला रहे यही कामना करते है। मौके पर पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, जिला परिषद सदस्य पूर्णिमा मल्लिक, मुखिया अरुणा एक्का, मानिक मल्लिक, महेश सिंह, तरुण पाल, मनोज सरकार, कृष्णा कालिन्दी, मुनमुन चक्रवर्ती, संजय सिंह, बापी शंकर कालिन्दी, शिबू ओझा, सौरव मित्रा नियोगी सहित सैकड़ो श्रद्धालु शामिल रहे।



# आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग को एआइसीटीई का मिला अनुमोदन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का पहचान लगातार बढ़ रही है। कॉलेज प्रबंधन के बेहतर प्रयास से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के साथ प्रतिवर्ष प्लेसमेंट भी मिल रही है। विगत कई वर्षों से कॉलेज प्रबंधन ने एआईसीटीई से विर्किंग प्रोफेशनल के डिग्री और डिप्लोमा स्तर के अध्ययन का अनुमोदन की प्रतीक्षा की जा रही थी। सत्र 2023 से विर्किंग प्रोफेशनल के डिग्री व डिप्लोमा स्तर के अध्ययन के लिए एआईसीटीई दिल्ली से अनुमति मिल गयी। अब सरकारी या गैर सरकारी महकमें, उद्योगों में कार्यरत लोगों को बिना किसी रूकावट के आगे अध्ययन करने का अवसर प्राप्त होगा। एआईसीटीई कार्यालय से निर्गत पत्र के अनुसार डिग्री स्तर पर मकैकेनिकल इंजीनियरिंग में 30, इल्केट्रीकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में 30, कम्प्यूटर साईंस एण्ड इंजीनियरिंग में 30, डिप्लोमा स्तर पर मकैकेनिकल इंजीनियरिंग में 30, इल्केट्रीकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में 30 और कम्प्यूटर साईंस एण्ड इंजीनियरिंग में 30 सिटों का आवंटन किया गया। गुरुवार को प्राचार्य डॉ राजेश कुमार तिवारी ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा जमशेदपुर एक औद्योगिक शहर है। एआईसीटीई के द्वारा आवंटित सीटो का उपयोग औद्योगिक संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारीगण आगे की पढ़ाई पूरी कर सकेंगें। उन्होंने कहा शहर के कई कंपनियों में कार्यरत अनगिनत कर्मचारियों के लिए एक अवसर प्रदान करेगा। इस अनुमोदन से कॉलेज के सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कार्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। मौके पर आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के अध्यक्ष बिन्दा सिंह, सचिव भरत सिंह व कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने आरवीएस परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी।




## नवरात्र के पांचवें दिन भी बंद रही टाटा कांड्रा मुख्य मार्ग की स्ट्रीट लाइट

# जेआरडीसीएल पर कार्रवाई करे राज्य सरकार : पुरेंद्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** टाटा- कांड्रा मुख्य मार्ग व सर्विस रोड में बीते लगभग एक साल से कई खम्बे में बल्ब खराब होने से शाम होते ही आम लोगों को अंधेरे में गुजरना पड़ता है। जिसके कारण कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। बीते एक माह से आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह ने जेआरडीसीएल के जीएम राजीव सिंहा से दुगार्पूजा के पूर्व लाइट चालू कराने की मांग की थी। पुरेंद्र ने सभी बंद पड़ी सोडियम वेपर लाइटों को चालू करने व दुर्गा पूजा के दौरान सप्तमी से लेकर दशमी तक स्ट्रीट लाइट के लिए डीजी की व्यवस्था करने के लिए मांग की। वही जेआरडीसीएल के जीएम राजीव सिंहा ने आश्वासन देते हुए रांची से सोडियम बल्ब मंगाकर दुर्गा पूजा से पूर्व हाइड्रा की मदद से मुख्य मार्ग के बंद लाइट चालू करने की बात कही थी। उन्होंने चार दिन के लिए डीजी की व्यवस्था के लिए भी आश्वासन दिए थे। पुरेंद्र ने बताया आदित्यपुर गम्हरिया में कुल 6 डीजी जनरेटर लगाने का आश्वासन मिला था। लेकिन लेकिन तीन दिन बीत गई बंद पड़े मरमती का काम अभी तक शुरू नही हुआ। जबकि सर्विस रोड के स्ट्रीट लाइट बीते एक साल से भी ज्यादा समय से बंद पड़ी है। पुरेंद्र ने कहा जेआरडीसीएल के मनमानी से सड़क दुर्घटना व अन्य समस्या उत्पन्न होने की संभावना बनी हुई है। उन्होंने कहा आम जनता की मांग को जेआरडीसीएल के उच्च अधिकारी अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार से सघन जांच कर जेआरडीसीएल पर उचित कार्रवाई के लिए मांग की। मौके पर पुरेंद्र नारायण सिंह, देव प्रकाश, कुमार विपिन बिहारी प्रसाद, शिक्षाविद एस डी प्रसाद, प्रमोद गुप्ता सहित अन्य शामिल रहे।



# कलश स्थापना से ही महिलाएं व्रत रखकर कर रहीं देवी की आराधना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आशियाना अनंतारा सोसाइटी में कलश स्थापना के दिन से ही 21 महिलाओं के द्वारा व्रत रखकर मां दुर्गा का सामूहिक पाठ किया जा रहा है। गुरुवार को सोसाईटी के अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया 2016 से आशियाना अंनतारा सोसाइटी में दुर्गा पूजा का आयोजन की जारही है। प्रत्येक वर्ष कलश स्थापना के दिन से ही 21 महिलाओं के द्वारा सामूहिक व्रत रखकर मां दुर्गा की पूजा की जाती है। महालय के दिन स्वर्णरेखा नदी से कलश में जल लाकर महिलाओं के ने पुजा स्थल में स्थापित किया। उसके बाद प्रतिदिन सुबह व शाम सामूहिक पाठ कर मां की आरती और पुष्पांजलि की जाती है। विकास सिंह ने बताया पूरे पंडाल को प्लास्टिक मुक्त रखा जायेगा। महा सप्तमी से लेकर विजयदशमी तक समिति के सभी लोगों को सामूहिक प्रसाद व भोजन की व्यवस्था सम्मिलित रूप से एक स्थान में की जाती है। प्रत्येक दिन बच्चे , युवाओं, महिलाएं व बुजुर्गो का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जाती है। महानवमी के दिन महिलाओं के द्वारा ओपन डांडिया का आयोजन होता है। जिसकी तैयारी महिलाएं दो माह पूर्व से करती है। इस अवसर पर पूजा कमेटी के विकास सिंह,रंजन शरण, विकास शर्मा,ए के मैथी, बी के शरण, हरेंद्र सिंह,विद्या शरण, गीता महंथी, नीलम प्रसाद, कुसुम मिश्रा, शांति झा, आरुषि, कमला, सुजाता, कालिन्दी देवी, रंजिता, सुधार झा, रतन झा, शिवपुजन प्रसाद, राजन शर्मा शामिल रहे।



# सभी धर्मों के धार्मिक कार्यों के लिए पूरी तरह समर्पित हूं : मंत्री मिथिलेश

**गढ़देवी मंदिर का बनेगा भव्य तोरण द्वार, शौचालय व स्नानागार की भी होगी व्यवस्था, मंत्री ने किया भूमि पूजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा स्थित मां गढ़देवी मंदिर का भव्य तोरण द्वार का पुनर्निर्माण किया जायेगा। साथ ही शौचालय और स्नानागार का भी निर्माण किया जायेगा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गुरूवार को विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन और शिलान्यास किया। तत्पश्चात मंत्री श्री ठाकुर ने टंडवा में नवनिर्मित गोरेया स्थान मंदिर व आयोजित भंडारा का फीता काटकर और पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां गढ़देवी गढ़वा वासियों सहित संपूर्ण झारखंड वासियों को हमेशा खुशहाल रखें। आज मां गढ़देवी के आशीर्वाद से ही गढ़वा का नवनिर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोग आपसी भेदभाव भूलकर एकता के सूत्र में बंधे, तभी पूरे समाज का बेहतर तरीके से विकास होगा। दशहरा बुराई पर अच्छाई की, असत्य पर सत्य की जीत तथा आसुरी शक्तियां के नाश का प्रतीक त्यौहार है। हम सभी को मिलकर समाज से आसुरी शक्तियों को समाप्त करना होगा। उन्होंने कहा कि वे सभी धर्मां के धार्मिक कार्यां के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। हम सभी गढ़वा वासियों ने गढ़वा को बदलने का संकल्प लिया है। इसे पूरा करने के लिए वे पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि हम सभी को मूल उद्देश्य से भटकना नहीं चाहिए। सभी को मिलकर समाज से जाति, धर्म, उंच नींच के भेदभाव, समाज के फैली बुराईयों को मिटाना होगा, तभी माता रानी प्रसन्न होंगी। मौके पर मुख्य रूप से गढ़देवी मंदिर के पुजारी राजन पांडेय, चिंटू पांडेय, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, सीओ मयंक भूषण, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, अराधना सिंह, रेखा पाठक, कंचन साहु, कुलदीप गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# गढ़वा में जहां भी कदम रखेंगे वहां विकास की नयी किरण दिखेगी : मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**मंत्री ने किया दो करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से निर्मित पुल का उद्घाटन**

**टंडवा में दानरो नदी पर भी होगा नया पुल का निर्माण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के मझिआंव मोड़ स्थित सरस्वती नदी पर नवनिर्मित उच्च स्तरीय पुल का गुरूवार को उद्घाटन किया गया। दो करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से निर्मित इस पुल का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर और फीता काटकर किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इस पुल के निर्माण से गढ़वा शहर को जाम से काफी हद तक मुक्ति मिलेगी। किसी को भी कार्य को करने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति की जरूरत होती है। सिर्फ झूठ और फरेब के बल पर जनता को ठगने से कोई काम नहीं होता है। मंत्री ने कहा कि वर्षां से यह पुल, बस स्टैंड, टाउन हॉल काफी जर्जर हो चुका था। परंतु पूर्व के जनप्रतिनिधि ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। चुनाव जीतने के बाद जब उन्होंने सर्वे कराया तब गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में 2400 किलोमीटर कच्ची सड़क थी। आज पूरे गढ़वा में एक हजार किलोमीटर पक्की सड़क बन रही है। इनमें कुछ का कार्य पूर्ण हो चुका है, कुछ का निर्माण कार्य चल रहा है, कुछ का टेंडर हो चुका है। गढ़वा बस स्टैंड, सरस्वती नदी पर पुल, रंका मोड़ पर घंटा घर, टाउन हॉल, नया समाहरणालय, बिरसा मुंडा पार्क आदि सहित गढ़वा में इतनी संख्या में सड़क और पुल आदि का निर्माण किया जा रहा है कि सबकी गिनती करना संभव नहीं है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा में जहां भी कदम रखेंगे, हर कदम पर विकास की नई किरण दिखेगी। उन्होंने कहा कि टंडवा में दानरो नदी पर स्थित पुल काफी जर्जर हो चुका है। वहां भी इसी वितीय वर्ष में नये पुल का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता अगर उन्हें अपना प्रतिनिधि नहीं बनाती तो आज गढ़वा में बाईपास भी देखने को नहीं मिलता। उनके अथक प्रयास से ही काफी तेज गति से बाईपास का निर्माण हो रहा है। पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारियों ने एनएचएआई को पत्र प्रेषित कर शंखा से खजुरी तक सड़क का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण करने का प्रस्ताव भेजा है। इसके हो जाने से गढ़वा में भी डिवाईडर के साथ सड़क चौड़ी हो जायेगी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि 2024 के अंत तक गढ़वा इस स्थिति में पहुंच जायेगा कि बाहर के लोग यहां विकास कार्य देखने आयेंगे। मौके पर बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार आदि ने विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से सीओ मयंक भूषण, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, चंदन केशरी, सुशील केशरी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## वन कर्मियों की लापरवाही से तोड़ा जा रहा पहाड़ों से अवैध पत्थर



**सगमा (आजाद सिपाही)।** अपने खूबसूरती के लिए मशहूर झारखंड के पहाड़ों का मौजूद पत्थरों के अवैध उत्खनन की वजह से खतरे में पड़ रहा है। ऐसा ही एक मामला देखने को गढ़वा जिले के रमना प्रखंड से आया है। जहां वन कर्मियों की लापरवाही से आये दिन पहाड़ों से पत्थर तोड़ा जा रहा है। भागोडीह बिजली सब स्टेशन ग्रिड के पास तल्याराज पहाड़ी से पत्थर तस्कर आये दिन पत्थर तोड़ रहे है। वन विभाग के द्वारा कोई कार्यवाही पत्थर तस्करों पर नहीं किया गया है। जिससे पत्थर तस्करों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। तस्करों पर करवाई नहीं किये जाने से वन कर्मियों पर सवाल उठना लाजमी है। रमना प्रखंड के खूबसूरतो पहाड़ों में से तल्याराज भी एक सुंदर व आकर्षक पहाड़ है। जिसकी खूब सुंदरती को देखने व घुमने पर्यटक आते हैं। परंतु अब पत्थर तस्करों की वजह से यह पहाड़ खतरे में है।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत विकास सुचांक का प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण अयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन अंचला अधिकारी वासुदेव राय, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी, मुखिया संघ के अध्यक्ष अजीत कुमार पांडे, विधायक प्रतिनिधि रूप नारायण यादव, 20 सूत्री सदस्य अनुज चंद्रवंशी, पंचायती राज्य के विक्रांत कुमार, नीति आयोग से पूजा यादव, ज्याश्री देशमुख ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सीओ सह बीडीओ वासुदेव राय ने कहा कि विभिन्न विभागों के द्वारा सही अंक प्रस्तुत नहीं करने के कारण रमना प्रखंड को आंशिक क्षेत्र बनाया गया है। जिसको लेकर एक पंचायत में किये गये कार्यों का मूल्यांकन किया जा रहा है। वहीं नीति आयोग के अधिकारी पूजा यादव ने बताया कि रमना प्रखंड के कर्णपुरा, टंडवा, बहियार कला, बहियार खूर्द, मड़वानिया व सिलीदग पंचायत में प्रथम चरण सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को सही तरीके से धरातल पर उतारने और जागरूक करते हुये सूचांक को उपर उठाना है जिससे प्रखंड का स्वर्गीन विकास हो सके।

## दुर्गा पूजा को लेकर भवनाथपुर में प्रशासन ने फ्लैग मार्च किया



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकस है। सौहादर्पूण और शांतिपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर गुरुवार की शाम को भवनाथपुर थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर अरसली उतरी, अरसली दजशिनी, मकरी, चपरी, कोन मंडरा, धनी मंडरा, सिंदुरिया, टाउनशिप और बाजार क्षेत्र के मुख्य मार्ग से ब्लॉक गेट होते हुए कपूर्री चौक तक निकली। इस मौके पर थाना प्रभारी द्वारा सभी लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में शारदीय नवरात्रि का त्योहार मनाने की अपील की गयी।

## बीडीओ ने यथाशीघ्र आवास बनाने के लिए धुरकी के लाभुकों से किया आग्रह



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** बीडीओ जुल्फिकार अंसारी ने धुरकी पंचायत के शक्ति गांव मे प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुको के घर पहुंचकर पहला और दुसरा किश्त का पैसा लेकर आवास को नही बनाने वाले लाभुको के घर पहुंचकर गुरुवार को यथाशीघ्र आवास को बनाने के लिए आग्रह किया है। बीडीओ ने शक्ति गांव में आवास के लाभुको के घर पहुंचकर पैसा लेने के बाद भी आवास नही बनाने वाले लाभुको से कहा की जो लाभूक पहला और दुसरा किश्त का पैसा लेकर आवास नही बना रहे हैं वह शीघ्र आवास का काम पुरा करें, उन्होने यह भी कहा कि जो आवास बनाने मे असमर्थ हो गये हैं वैसे लाभूक आवास का पैसा वापस करें। बीडीओ ने लाभुको के घर पहुंचकर निमार्णाधीन आवास का निरीक्षण भी किया। उन्होने कहा की लाभुक अगर आग्रह करने के बाद भी आवास नही बनायेंगे और पैसा वापस नही करेंगे तो उनके विरुद्ध कानुनी कायार्वाई भी की जायेगी। बीडीओ ने कहा की गरीब वंचित लोगो को दो लाख रुपये का अबुआ आवास का लाभ दिया जायेगा।

## सरस्वती विद्या मंदिर में अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल वितरित



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में वंदना सभा में प्रधानाचार्य रविकांत पाठक द्वारा अर्धवार्षिक परीक्षा का परीक्षाफल वितरित किया गया। वंदना सभा में कक्षा में आये प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान वाले भैया-बहनों को प्रधानाचार्य द्वारा रिपोर्ट कार्ड दिया गया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि परीक्षाफल और ज्यादा उत्कृष्ट हो इसके लिए भैया-बहनों को कठिन व लगातार परिश्रम करनी चाहिए। मध्यावकाश के बाद खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें एलकेजी से दशम तक के भैया-बहन भाग लिए प्रतियोगिता में मुख्य रूप से कबड्डी, बाधा दौड़, चम्मच गोली रेस, गुब्बारा फुलाव प्रतियोगिता हुई।

# डीलर की मनमानी से तंग आकर ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय कांडी में जमकर हंगामा किया

आजाद सिपाही संवादाता



**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के मझिगावां पंचायत और गांव के जन वितरण प्रणाली लाभुकों ने डीलर की मनमानी से तंग आकर प्रखंड कार्यालय कांडी में गुरुवार को जमकर हंगामा किया। उन्होंने कहा कि भीषण अकाल में वे भुखमरी के शिकार हैं और सरकार द्वारा भेजे गये अनाज की डीलर के द्वारा कालाबाजारी कर दी जा रही है। और प्रशासन इस पर मौन है। आखिर हम लोग कहां जाएं किस से दो मुट्ठी अनाज की मांग करें। जिससे भूख से अकुलाती अंतड़ियों को शांत किया जा सके। कांडी प्रखंड क्षेत्र के पंचायत एवं गांव माझिगावां के आजाद नगर टोला निवासी जन वितरण प्रणाली विक्रेता रामनरेश राम लाइसेंस नंबर 03/11 के द्वारा कार्ड धारी लाभुकों के साथ काफी मनमानी की जा रही है। लाभुकों ने कहा कि डीलर के द्वारा अगस्त और सितंबर 2 महीना के राशन का उठाव कर लिया गया है। इसके साथ ही लाभुकों से बायोमेट्रिक मशीन पर दोनों महीना का अंगूठा लगवा लिया गया है। लेकिन डीलर ने केवल एक महीना अगस्त का ही राशन दिया। कहा कि उसे ब्लॉक से एक महीना का ही राशन मिला है। प्रखंड प्रशासन से अपने हक के अनाज की मांग करने वालों में मीना देवी, चिंता देवी, मुनिता देवी, मंजू देवी, सुनीता, संकरी, मुनिया, जीरा, कृष्णा सिंह, पिंटू पासवान, धनंजय, श्रवण पासवान, सहित सैकड़ो लोगों का नाम शामिल है। लाभुकों की परेशानी को सत्य बताते हुए इनके लिए मझिगावां पंचायत की मुखिया रीता देवी, पंचायत समिति सदस्य पवित्री देवी, वार्ड सदस्य चंचला देवी और वार्ड सदस्य लालती देवी ने भी इंसाफ की गुहार लगाते हुए इन्हें नियमित रूप से राशन दिलाये जाने की मांग की है। मालूम हो कि लगभग पूरे प्रखंड क्षेत्र की एक समान स्थिति है। इसी तरह के मामले को लेकर स्थानांतरित प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने रतनगढ़ गांव के पीडीएस दुकान से जुड़े हुए स्वयं सहायता समूह के सभी 10 सदस्यों के खिलाफ कांडी थाना में एफआईआर दर्ज कराया है।

## पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने विधायक भानु प्रताप का आभार जताया

आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** विशेष प्रमंडल गढ़वा के द्वारा सोनडीहा गांव में पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने विधायक भानु प्रताप के प्रति आभार व्यक्त किया है ।

गौरतलब है कि प्रखंड के दक्षिण सोनडीहा में पुल के अभाव में सोनडीहा गांव दो भागों में विभक्त था। पुल नहीं होने से वर्षात के दिनों में ग्रामीणों को भारी परेशानी से दो चार होना पड़ता था स्थिति यह था कि एक भाग में रहने वाले किसानों का अधिकतर खेती की जमीन दूसरे भाग में पड़ता है इस कारण बारिस के दिनों में नदी में पानी भरे होने से किसानों का आवागमन बंद हो जाता था। इसे लेकर ग्रामीणों के द्वारा लंबे समय से पुल निर्माण की मांग जनप्रतिनिधियों से करते करते थक चुके थे मगर विधायक भानु प्रताप के अथक प्रयास के बाद विषेस प्रमंडल गढ़वा के द्वारा पुल निर्माण की स्वीकृति दिए जाने पर गांव के लोगों में उत्सव का माहौल देखा जा रहा है। पुल स्वीकृति के बाद सगमा मंडल के मंडल अध्यक्ष दिलीप यादव विधायक प्रतिनिधि राजेश बैठा बबलू ठाकुर धर्मजीत यादव, सखिचंद प्रजापति, रविरंजन, धर्मेंद्र यादव, राजु गुप्ता अरुण, प्रताप, रामसिस ने विधायक भानु प्रताप के प्रति आभार व्यक्त किया है ।

# मुखिया के विरोध में वार्ड सदस्यों ने डीसी से कार्रवाई करने की मांग की



**गढ़वा।** सदर प्रखंड के रंका पंचायत के मुखिया ,मुखिया पति एवं पुत्र के विरोध में वार्ड सदस्यों ने अभद्र भाषा और धमकाने के संबंध में लिखित आवेदन उपयुक्त गढ़वा और प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौप कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। मौके पर ब्रह्मदेव साहू ने कहा कि सदर प्रखंड पंचायत के मुखिया मुखिया पति और मुखिया पुत्र के द्वारा 16 अक्टूबर को व्हाट्सएप के माध्यम से यह सूचना दिया गया कि पंचायत भवन में ग्राम सभा की बैठक 17 अक्टूबर को रखा गया है। बैठक में सभी वार्ड सदस्य उपस्थित हुए उसके बाद पंचायत भवन में चर्चा शुरू हुई कि किस विषय पर ग्राम सभा बुलाया गया है। पंचायत सचिव बोले कि हमें इस संदर्भ में किसी तरह की कोई जानकारी नहीं है। मुखिया से पूछताछ करने के बाद भी उनके द्वारा भी साफ इनकार किया गया कि इसके बारे में किसी तरह की जानकारी नहीं है। इसी विषय को लेकर जब सभी वार्ड सदस्यों ने मुखिया पति और उनके पुत्र से पूछा तो लोगों ने बोला की कार्यकारिणी के लिए बुलाया गया है। वार्ड सदस्य द्वारा कहा गया कि कार्यकारिणी की बैठक करनी थी तो ग्रामीणों को बुलाने की क्या आवश्यकता थी। इसी बात को लेकर मुखिया पति एवं उनके पुत्र वार्ड सदस्यों पर भड़क गये और गाली गलौज और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट पर उतारू हो गये हम सभी वार्ड सदस्य यह मांग करते हैं। कि किसी इन सरी बातों को घंटा से जांच कर उनके ऊपर उचित कार्रवाई कार्रवाई करें और पंचायत में हो रहे योजनाओं का बंदर बांट ना हो स्वयं मनरेगा के ठेकेदारी मुखिया ना करें इसकी जांच कर सही से लोगों को लाभ दिलाये मौके पर संतोष पांडे सबा खातून, मीना देवी, तेतरी, सहया, कांति, सैयद राजा उपस्थित थे।

# रामलीला के दौरान मंच पर ही कलाकार की मौत

**परशुराम की भूमिका निभा रहे कलाकार की हार्ट अटैक से चली गयी जान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** 10 साल से रामलीला में भगवान परशुराम की भूमिका निभानेवाले विनोद प्रजापति की अभिनय करने के दौरान ही मौत हो गयी। पहले तो मंच पर मौजूद साथी कलाकारों को लगा कि यह अभिनय का हिस्सा है, लेकिन जब आवाज लगाने के बाद भी वह मंच पर बेसुध पड़े रहे, तो मंच का पर्दा लगा दिया गया।

## मंच पर ही हुई मौत

रामलीला देख रहे दर्शकों को भी यह आभास नहीं हुआ कि विनोद की मौत हो गयी है। अब इस घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उनको अभिनय करते और मंच पर गिरते देखा जा सकता है। घटना झारखंड के गढ़वा जिले के डंडई प्रखंड क्षेत्र की है। मृतक का नाम विनोद प्रजापति (40 वर्ष) था। घटना के बाद रामलीला के आयोजन को बंद कर दिया गया। त्योहार के मौके पर हर साल रामलीला में निभायी गयी अपनी भूमिका के लिए इलाके में उनकी अलग पहचान होती थी। अभिनय का शौक था, तो 10 साल से इसी मंच पर अपने शौक को जिंदा रख रहे थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी

**ई-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अल्पकालीन निविदा संख्याः– 07/2023-24/RWD/KHUNTI दिनांक– 19.10.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नामः–

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन सख्या/पैकेज संख्या | पथ का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं० |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/KHUNTI/01/ST PKG/08/2023-24 | गनालोया से गुरमी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–4.350 कि०मी०)। | 12,13,41,500.00 | बारह करोड़ तेरह लाख इकतालीस हजार पाँच सौ रू० मात्र। | 9 माह। | प्रथम। |
| | | खूँटी चाईबासा मेन रोड से तापिंगसरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3. 350 कि०मी०)। | | | | |
| | | अनीगड़ा से चालम पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–5.500 कि०मी०)। | | | | |
| | | हेसाहातु से तेरम भाया कानकी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.160 कि०मी०)। | | | | |
| | | हुटार से चामड़ी भाया हड़ाम बड़ाम तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2. 900 कि०मी०)। | | | | |
| | | बिचागुटु से रांगरोम भाया बानेयाडीह बीरडीह तारोडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–4.850 कि०मी०)। | | | | |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 01.11.2023।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 14.11.2023 अपराहन 5:00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 16.11.2023 अपराह्न 3:30 बजे
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०ः– 9431170803

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, खूँटी

PR 309614 Rural Work Department (23-24)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी

**ई-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अल्पकालीन निविदा संख्याः– 08/2023-24/RWD/KHUNTI दिनांक– 19.10.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.कार्य का नामः–

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन सख्या/पैकेज संख्या | पथ का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं० |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/KHUNTI/23/ST PKG/09/2023-24 | गुयू से सरमबेल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.800 कि०मी०)। | 11,07,34,100.00 | ग्यारह करोड़ सात लाख चौंतीस हजार एक सौ रू० मात्र। | 9 माह। | प्रथम। |
| | | घुनसुली से डाड़ी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.350 कि०मी०)। | | | | |
| | | छोटा जलडान्ड़ु से चेरवादाग तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०– 3.000 कि०मी०)। | | | | |
| | | L021 से घुनसुली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–0.700 कि०मी०)। | | | | |
| | | सिलमा से हिसरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–0.850 कि०मी०)। | | | | |
| | | मालगो से तपींगसेरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य(लं०–2.250 कि०मी०)। | | | | |
| | | कर्रा बालामोड़ मुख्य पथ से जवरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०– 5. 500 कि०मी०)। | | | | |
| | | जेरगा मोड़ से विरदा भाया साहीलौंग सेताहुरू तक पथ की का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–5.000 कि०मी०)। | | | | |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 01.11.2023।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 14.11.2023 अपराहन 5:00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 16.11.2023 अपराह्न 3:30 बजे
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०ः– 9431170803

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, खूँटी

PR 309613 Rural Work Department (23-24)_D

## वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सिल्ली-रांगामाटी सड़क तिलाईपिड़ी सतिया के समीप बुधवार की रात वाहन की चपेट में आने से 38 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गयी। उसकी पहचान ईचागढ़ थाना क्षेत्र के जयपुर निवासी बुद्धेश्वर महतो के रूप में हुई है। इसकी सूचना पाकर सोनाहातू थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों की मानें तो मृतक बुद्धेश्वर महतो अपने ससुराल तिलाईपिड़ी गांव जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही मौत हो गयी।

## अदालत के निर्देश पर दिलाया गया जमीन का दखल



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित नहर सिंचाई विभाग कार्यालय परिसर में व्यवहार न्यायालय के आदेश पर बुंडू थाना के मौजा खाता नंबर 147 प्लॉट नंबर 1, 2 एवं 3 कुल रकवा तीन एकड़ 26 डिसमिल का दखल दिवानी गुरुवार को दिलाई गई। कार्यपालक दंडाधिकारी पवन कुमार, न्यायालय के नाजिर जीनस इकबाल के अलावा कई कर्मचारी के साथ पुलिस बल तैनात थे। इस संदर्भ में मनोज कुमार जायसवाल ने बताया नहर सिंचाई विभाग बिहार सरकार द्वारा एक एकड़ 57 डिसमिल जमीन अधिग्रहण किया था। पर तीन एकड़ 26 डिसमिल जमीन जबरन सिंचाई विभाग द्वारा कब्जा में लिया गया था। मनोज जायसवाल ने 19 वर्षों तक न्याय के लिए न्यायालय में मुकदमा लड़ा। इसके बाद व्यवहार न्यायालय के न्यायाधीश से आदेश पारित होकर न्याय मिला है। दूसरी ओर नहर सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि जमीन अधिग्रहण भू अर्जन विभाग की ओर से किया गया था जिसका सारा दस्तावेज कार्यालय के पास है। इस बात को लेकर उच्च न्यायालय में जायेंगे।

## तमाड़ के रायडीह में भाजपा की बैठक

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** रायडीह में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजयुमो मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी ने किया। बैठक में 28 अक्टूबर को रांची के हरमु मैदान में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के समापन को लेकर आयोजित कार्यक्रम में तमाड़ से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के शामिल होने का निर्णय लिया गया। बतातें चलें कि बाबूलाल मरांडी की अगुवाई में पूरे राज्य में संकल्प यात्रा के माध्यम से हेमंत सरकार की जन विरोधी नीतियों एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता को जागरूक किया गया। 28 अक्टूबर को संकल्प यात्रा का समापन है जहां बड़ी संख्या में तमाड़ से कार्यकर्ता जाएंगे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा के अलावे संतोष साहू, पूर्णचंद्र शर्मा, राजकिशोर महतो, संजीव मांझी, विवेक गुप्ता, सत्यनारायण महतो, सुरेंद्र साहू, हरिश्चंद्र मुंडा, सुशील नाग, महेंद्र महतो, उदय महतो, सीताराम मुंडा, सुनील सोनार आदि शामिल थे।

## एसडीओ ने किया नये कोर्ट भवन का उद्घाटन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल कार्यालय में गुरुवार को नए कोर्ट भवन का उद्घाटन एसडीओ संदीप अनुराग टोपनो और निवर्तमान एसडीओ अजय साव ने संयुक्त रूप से किया। जानकारी के अनुसार कुछ महीना पहले ही कोर्ट भवन में बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी जिसका जीर्णोद्धार किया गया था। गुरुवार को उसी भवन का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामचरण महतो, उपाध्यक्ष आनंद राम महतो, कोषाध्यक्ष अनूप कुमार जायसवाल, महासचिव शिव शंकर महतो आदि उपस्थित थे।

## 200 किलो जावा महुआ किया गया नष्ट

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत ग्राम मुचीडीह में गुप्त सूचना के आधार पर छापामापी कर पुलिस ने वहां से 200 किलो जावा महुवा एवं शराब बनाने की भट्टी को नष्ट कर दिया।

## मंजू कुमारी अध्यक्ष व अरविंद मुंडा बने सचिव



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत सचिवालय में रमेश कुमार महतो की अध्यक्षता में गुरुवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। टंडवा अंचल की ओर से पर्यवेक्षक के रूप मे सीता देवी मौजूद थी। ग्राम सभा किचटो पंचायत मुखिया संगीता देवी पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी उप मुखिया ललिता देवी की निगरानी में संपन्न हुई। ग्रामसभा में वन अधिकार कानून 2006 के बारे में विचार विमर्श किया गया। इस दौरान वन अधिकार अधिनियम प्रावधान के तहत वनाधिकार समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष मंजू कुमारी एवं सचिव अरविंद कुमार मुंडा को नियुक्त किया गया। इसके अलावे वनाधिकार समिति में 15 सदस्य का गठन किया गया, जिसमें आशा कुमारी, मनीता देवी, रीता देवी, मालखो देवी, मंजू कुमारी, अंकिता कुमारी, महेश गंझू, कामेश्वर महतो, यशोदा कुमारी, अरविंद कुमार मुंडा, दिलीप मुंडा, संजय कुमार मुंडा, मिंटू कुमार महतो, सुरेश कुमार एवं शिवनाथ महतो को चुना गया। ग्रामसभा में मुखिया संगीता देवी, पनेनाथ महतो, पलटा गंझू, अंगद महतो, महावीर मुंडा, सुरेश महतो, प्रियंका कुमारी, फूलमनी देवी, तपेश्वर भुइंया, बैजनाथ महतो, शंकर मुंडा, विजय गंझू, दिलीप महतो, हरीलाल महतो, पुरन महतो, संजय मुंडा, सुलेखन मुंडा, बिपत मुंडा, रूपलाल मुंडा, गंदौरी महतो, महेश महतो, ज्ञानी महतो, रमेश मुंडा, सुगनी देवी, मुन्नी देवी, शांति देवी और बिलासो देवी आदि मौजूद थे।

## तुबिल को हराकर विजेता बना कुलबुरू

**अड़की (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तिरला मैदान में 16 टीमों के बीच हॉकी मैच खेला गया। जिसमें फाइनल मुकाबला कुलबुरू और तुबिल के बीच खेला गया। कुलबुरू 0-2 से तुबिल को हराकर विजयी रहा। तमाड़ विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल के अलावा हुंठ पंचायत के पंचायत समिति सदस्य चंद्र साय, मुखिया खुशबू रानी भेंगरा, उप मुखिया आनंद मसी मुंडारी, ग्राम प्रधान चामू सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।

## हादसा : नींद में सोये दंपति पर गिरी घर की कच्ची दीवार

# पति की मौत, पत्नी गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**अड़की/खूंटी।** अड़की प्रखंड के नौढ़ी गांव में बुधावार की देर रात घर में सो रहे दंपति के ऊपर कच्ची दीवार गिर गयी। जिससे दीवार की नीचे दबकर देवी हजाम नामक (60) ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गायत्री देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार देवी हजाम और उसकी पत्नी गायत्री देवी कच्ची दीवारों से बने घर के अंदर खटिया में बिस्तर लगाकर सो रहे थे। रात 12.30 बजे अचानक घर की कच्ची दीवार भरभरा कर सो रहे दंपति के ऊपर ही गिर गई। इस घटना में गृह स्वामी देवी हजाम की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में घटना की जानकारी आसपास के ग्रामीणों को मिलने पर वे तुरंत मौके पर पहुंचे और दीवार के मलवे में दबे दंपति को बाहर निकाला। स्वजनों का कहना है कि उनके घर का एक हिस्सा पहले ही गिरा हुआ था। सरकार की तरफ से परिवार को प्रधानमंत्री आवास मिला हुआ है, लेकिन मकान अभी अर्धनिर्मित है। जिस कारण कच्चे मकान के गिरे हुए हिस्से की मरम्मत कर परिवार के सभी सदस्य रह रहे थे। बताया गया कि इस बार भारी बारिश के कारण कच्चे मकान की जमीन गीली हो गई थी और दीवारों में भी सीलन हो गई थी। बारिश के कारण सीलन होने से ही पुराने मकान की कच्ची दीवार गिर गई। बताया गया कि इस हादसे में परिवार का भरण पोषण करने वाले गृह स्वामी की असामयिक मौत से परिवार के समक्ष गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। उधर, गुरुवार की सुबह घटना की सूचना मिलने पर नौढ़ी पंचायत की मुखिया कल्पना देवी मौके पर पहुंची और स्वजनों से मिलकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। दूसरी ओर अड़की बीडीओ कुमार नरेंद्र नारायण ने भी पीड़ित परिवार को आपदा प्रबंधन विभाग से मिलने वाली मुआवजा राशि और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। बाद में अड़की थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया। दुर्गा पूजा से पूर्व इस घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गयी।

## बचरा, बेंती, बहेरा व राय कोलियरी में बना भव्य पूजा पंडाल

**पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल और आसपास के ग्रामीण इलाकों में दुर्गापूजा को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है। पिपरवार क्षेत्र के बचरा, बेंती, बहेरा, राय और राय कोलियरी में भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। बाहर से आए कारीगर दिन-रात मेहनत कर पूजा पंडाल को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। कोयलांचल क्षेत्र के सभी पूजा पंडाल का उद्घाटन 21 अक्टूबर को होगा। इधर, बचरा में भी भव्य पंडाल बनाया जा रहा है। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि शनिवार को पूजा पंडाल और मेला का उद्घाटन किया जाएगा।**

## दिउड़ी मंदिर ट्रस्ट की वेबसाइट का शुभारंभ मिलेगी मंदिर से संबंधित विस्तृत जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** अनुमंडल कार्यालय में दिउरी मंदिर ट्रस्ट की वेबसाइट का नए एसडीओ संदीप अनुराग टोपनो एवं निवर्तमान एसडीओ अजय साव ने संयुक्त रूप से कंप्यूटर का बटन दबाकर किया। अवसर पर निवर्तमान एसडीओ अजय साव ने कहा कि मंदिर में चल रहे पूजा पाठ में मनमानी तरीके से दक्षिणा लेने को लेकर अक्सर लोगों के साथ तू-तू, मैं-मैं हो जाती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए ट्रस्ट की ओर से मंदिर में शादी, मुंडन और वाहन की पूजा आदि करवाने के लिए एक रेट फिक्स की गई है जो वेबसाइट पर दिखेगी। इसे बुक करके आसानी से पूजा करवाया जा सकता है। मंदिर.कॉम नामक इस वेबसाइट को खोलने पर मंदिर के बारे में पूरी जानकारी मिल जाएगी।

## दुर्गापूजा के रंग में रंगा खूंटी जिला, भक्तिमय हुआ माहौल



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला इन दिनों पूरी तरह दुर्गापूजा के रंग रंग गया है। शहरी क्षेत्र में नवरात्र के दौरान दुर्गा सप्तशति के पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। कहीं मूर्तियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, तो साज-सज्जा का काम किया जा रहा है। जिला मुख्यालय के अलावा प्रखंड मुख्यालयों सहित ग्रामीण इलोकों में भी आकर्षक पंडालों का निर्माण किया जा रहा है। कहीं इंडोनेशिया के कलात्मक मंदिर की प्रतिकृति बनाई जा रही है, तों कही महिषासुरमर्दिनी की जीवंत झांकी प्रस्तुत की जाएगी। पूजा को लेकर बाजार में भी हलचल बढ़ गई है।

### बाजारटांड़ में इंडोनेशिया के कलात्मक मंदिर में विराजेंगी मां दुर्गा

जिला मुख्यालय के पूजा पंडालों में बाजार टांड़ स्थित श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का पंडाल भी हमेशा भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। वर्ष 1995 से बाजार टांड़ में हो रही दुर्गापूजा के आयोजन में प्रत्येक साल सुंदर एवं मन भावन पूजा पंडाल का निर्माण कर इस पूजा समिति ने श्रद्धालुओं के बीच अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर ली है। श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति बजार टांड के अध्यक्ष सत्यम मिश्रा और महामंत्री शशि कुमार मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष भी पूजा समिति द्वारा भव्य पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष साढ़े तीन लाख रुपये की लागत से इंडोनेशिया के मंदिर के भव्य और कलात्मक प्रायप का निर्माण कराया जा रहा है। लगभग एक महीने से बंगाल के दर्जनों कुशल कारीगर पंडाल के निर्माण कार्य में दिन-रात जुटे हैं। इंडोनेशिया के कलात्मक मंदिर के अंदर विराजमान होकर माता रानी भक्तों को दर्शन देंगी। इसके अलावा पूरे क्षेत्र में सुंदर और मन भावन विद्युत सज्जा भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि नवमी तिथि को पूजा पंडाल के समीप माता का जगराता कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में धनबाद, पलामू और रांची के कलाकारों द्वारा सु मधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। पूरे आयोजन में लगभग आठ लाख रुपये खर्च का अनुमान है।

### 28 साल पुराना है बाजारटांड़ पूजा समिति का इतिहास

वर्ष 1995 में पहली बार सूर्यकांत मिश्रा, शिवचरण दास, कमलेश कुमार, मदन मोहन मिश्रा, दिलीप मिश्रा, नवीन कुमार मिश्रा, योगेश राम वर्मा, दिलीप वर्मा, सरोज चौधरी आदि ने एक समिति का गठन कर यहां पूजा की शुरूआत की, जो अब तक अनवरत जारी है। समय के साथ-साथ पूजा पंडाल के आकार और साज-सज्जा में बढ़ोतरी होती गई और आज इस पूजा पंडाल की गिनती शहर के प्रमुख पूजा पंडालों में होती है। पूजा के सफल आयोजन में मुख्य संरक्षक मदन मोहन मिश्रा, संरक्षक दिलीप मिश्रा, अमरजीत मिश्रा, उज्ज्वल मिश्रा, राजेश महतो, नवीन कुमार मिश्रा, शुभम जायसवाल, अभिमन्यु मिश्रा, नितेश ठाकुर, दिनेश दास, सच्चिदानंद महतो, विकास मिश्रा, लोकेश दास, मनोज कुमार महतो, ओमप्रकाश प्रसाद, कमल महतो, दिलीप वर्मा आदि का सहयोग है।

## जिम्मेदारी : बुंडू अनुमंडल के नये एसडीओ ने ग्रहण किया पदभार

# गैर कानूनी कार्य करनेवालों व अशांति-उपद्रव फैलानेवालों पर होगी कड़ी कार्रवाई: एसडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



निवर्तमान एसडीओ से पदभार लेते नए एसडीओ अनुराग टोपनो।

**बुंडू।** अनुमंडल के नये एसडीओ संदीप अनुराग टोपनो ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति विधि व्यवस्था बहाल करना मेरी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि गैर कानूनी कार्य करने वाले एवं अशांति-उपद्रव फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दुर्गा पूजा पर्व को लेकर अनुमंडल क्षेत्र के सभी लोगों को शांति एवं सद्भावना के साथ पूजा करने की अपील की। अनुमंडल क्षेत्र के सभी पूजा पंडाल में अनुमंडल प्रशासन की ओर से सीसीटीवी कैमरा से निगरानी रखे जाने की बात कही। पंडाल के समीप पुलिस प्रशासन महिला पुलिस बल की भी तैयाती होगी। अनुमंडल में न्यायालय और जेल निर्माण के संबंध में उन्होंने कहा कि मामले पर शीघ्र कार्रवाई के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। अंत में अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जनता की सेवा और विकास के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। अनुमंडल कार्यालय परिसर में लोगों की जन शिकायत सुनकर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## खूंटी क्लब में डांडिया नाइट आज से

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी के नेताजी चौक सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की ओर से बेलवरण और महासप्तमी के अवसर पर 20 और 21 अक्टूबर को खूंटी क्लब में भव्य डांडिया नाइट सीजन-2 का आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष अनूप साहू, महामंत्री रंजीत प्रसाद, कार्यक्रम प्रभारी कुमार सौरभ, राहुल सिंह और अंकित जैन ने बताया कि इस साल महिलाओं और युवतियों के उत्साह को देखते हुए दुर्गोत्सव के दौरान दो दिनों का शानदार आयोजन रखा जा रहा है। लाइव डीजे परफॉर्मेंस, फूड स्टॉल, सेल्फी पाइंट, मनमोहक संगीत, आकर्षक सज्जा के साथ सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। आयोजन के दौरान झारखंड के प्रसिद्ध डीजे सुमित और डीजे प्रवीण अपना परफॉर्मेंस देंगे। कार्यक्रम में प्रवेश के लिए सीमित कूपन रखे गये हैं, जिसमें डांडिया स्टिक भी दिया जा रहा है। प्रतिभागी फेमिना स्पा- बसंत कॉम्पलेक्स मेन रोड, ब्यूटी श्रृंगार मेन रोड, भाला हार्डवेयर एंड सेनेटरी- डीएवी रोड, श्री अवनी स्वीट्स मेन रोड, जैन शॉपी( अंकित जैन) कर्रा रोड, प्रियम इंडेन जयपाल सिंह मार्केट या समिति के सदस्यों से कूपन ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 9334543727, 9122617334 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

## छात्र-छात्राओं ने ली बाल विवाह मुक्त अभियान की शपथ



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झारखंड महिला उत्थान और कैलाश सत्यार्थी चाइल्ड फाउंडेशन के सहयोग से गुरुवार को मुरहू के लक्ष्मी नरायण प्लस-2 हाई स्कूल में एक दिवसीय बाल विवाह मुक्त अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें झारखण्ड महिला उत्थान खूटी के जिला समन्वयक दिनेश कुमार ने कहा कि बाल विवाह संपूर्ण समाज के लिए अभिशाप है। हम सभी को एकजुट होकर पूरे जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाना है। उन्होंने बच्चियों-बच्चों से कहा कि सबसे पहले उन्हें अपने जीवन में एक बड़े लक्ष्य तय करने की जरूरत है, जिससे वे अच्छे भविष्य का निर्माण कर सकें। यदि किसी गांव में बच्ची की शादी कम उम्र में की जा रही हो, तो आप बिना डरे अपने गांव की आंगनबाडी सेविका, थाना, प्रखंड विकास पदाधिकारी या टोल फ्री नंबर 1098 पर शिकायत कर सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में झारखण्ड महिला उत्थान के सीएसडब्लू बिमला तिर्की ने बच्चे और बच्चियो को बाल विवाह मुक्त अभियान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्य, अध्यापक आदि उपस्थित थे।

## दुर्गापूजा पंडाल का झरिया विधायक ने किया उद्घाटन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल में शारदीय नवरात्र की पंचमी को मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की गुरुवार को विधि विधान से पूजा की गई। इसी के साथ कई पूजा पंडालों का उद्घाटन होना शुरू हो गया है। इस दिन हीरापुर पार्क मार्केट में बंगाली वेलफेयर सोसाइटी की ओर से आयोजित दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने किया। मौके पर आईएसएम के निदेशक प्रो जे के पटनायक के अलावे समिति के सभी सदस्य मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर बंगाली कल्याण समिति की ओर से जिला परिषद परिसर में आयोजित दुर्गापूजा पंडाल का उद्घाटन बीसीसीएल सीएमडी की पत्नी मिनी दत्ता ने किया।

## युवा कांग्रेस की टीम ने लिया ग्रामीणों की समस्याओं की जानकारी, दिया समाधान करने का आश्वासन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** युवा कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरूण संगा के नेतृत्व में गुरुवार को मुरहू प्रखंड की कुंजला पंचायत के मुंडा कुंजला गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि विकास का कार्य उनके गांव में बिल्कुल नहीं हुआ है। अभी तक गांव में पीसीसी रोड का निर्माण नहीं हुआ है। जल मीनार का भी काम नहीं हुआ है। पानी की समस्या से ग्रामीण जूझ रहे है। नाली तक का निर्माण नहीं कराया गया है। गांव वालों ने आरोप लगाया कि जन वितरण प्रणाली के दकानदार द्वारा हर महीने दो से तीन किलो कम राशन दिया जाता है। इस पर अरूण संगा ने गांव वालों को आश्वस्त किया कि जल्द ही उनकी समस्याओं का निपटारा जिले के अधिकारियों से बात कर किया जाएगा। कहा कि किसी भी समस्या के लिए उनसे कभी भी संपर्क कर सकते हैं। बैठक में खूंटी जिला उपाध्यक्ष बहा मुंडा, खूंटी विधानसभा अध्यक्ष मो उस्मान खान, खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, उपाध्यक्ष दशरथ पाहन, रवि मुंडा, अतिसन, बागा, बिरसा तिडू आदि थे।

## बचरा खेल मैदान में लगाया गया सेल्फी प्वाइंट




**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बचरा चार नंबर खेल मैदान में सीसीएल प्रबंधन की ओर से सेल्फी प्वाइंट लगाया गया है। नया भारत सशक्त भारत के स्लोगन के साथ इस सेल्फी पॉइंट में एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, तो दूसरी ओप फुटबॉल खिलाड़ी का चित्र लगाया गया है। इस बीच के खाली जगह में लोग खड़े होकर सेल्फी ले सकते हैं। इस संबंध में सीसीएल अधिकारियों ने बताया कि पूरे सीसीएल में तीन जगहों पर इस सेल्फी प्वाइंट लगाया गया है। इसमें सीसीएल मुख्यालय रांची,ढ ोरी एरिया और पिपरवार एरिया शामिल है। बचरा चार नंबर खेल मैदान में लगाए गए इस सेल्फी पॉइंट में लोग मनोरंजन करते देखे जा रहे हैं। सीसीएल प्रबंधन ने क्षेत्र के सभी लोगों से इस सेल्फी प्वाइंट का लुत्फ उठाने और इसकी देखभाल कर सुरक्षित रखने की अपील की है।

# विधायक ने किया दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** शारदीय नवरात्र की पंचमी को जय माता दी क्लब दुर्गा पूजा समिति नामकुम के पूजा पंडाल का पट मां के जयकारे के बीच खुला। गुरुवार की शाम 7 बजे खिजरी विधायक राजेश कच्छप, रियाडा के पूर्व चेयरमैन जय सिंह यादव, राजद नेता रंजन यादव, राजद नेता अनीता यादव और समिति के अध्यक्ष विनोद सिंह ने संयुक्त रुप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर पंडाल का उद्घाटन किया। पंडाल का पट खुलते ही आसपास के क्षेत्रों में भक्ति का संचार हो गया। इस मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने भाईचारा के साथ शांतिपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा मनाने का आह्वान किया। जय सिंह यादव ने मां दुर्गा से अपनी कृपा बरसाने की प्रार्थना की।

इस मौके दीपक सिंह, विक्की सिंह, राहुल सिंह, मिक्की सिंह, राजू सिंह, रोहन सिंह, बृजेश शर्मा, ऋषभ तिवारी, महेंद्र जी के साथ समाज के सैकड़ों जनप्रतिनिधि उपस्थित हुये।

## मारुति मंगल परिवार का युवा प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** रातू प्रखंड के मारुति मंगल भवन गढ़री गुडू में मारुति मंगल परिवार के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर गुरुवार को संपन्न हो गया। शिविर के अंतिम दिन कार्यक्रम का शुभारंभ मारुति मंगल परिवार के सामूहिक वंदना गाण के साथ किया गया।मारुति मंगल परिवार के कार्यशैली,उद्देश्य भारत का गौरवशाली इतिहास, स्थानीय भाषा,नृत्य,गीत, संगीत,वाद्य यंत्र,सामाजिक,सुदृढ़ता की पहचान, सामाजिक कुरीतियों को शिविर के अंतिम दिन सभी विषयों पर बच्चों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षक के रूप में मारुति मंगल परिवार के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो संगठन प्रमुख सुमेश कामेश्वर बेदिया जन्मेजय कोषाध्यक्ष मुकुंद जिला समिति सदस्य मदन कुमार द्वारा बच्चों को प्रशिक्षित किया गया। अंतिम दिन के कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित हुए डीएवी पब्लिक स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार लोहिया पब्लिक स्कूल के प्रेमसागर महतो क्षेत्र के जाने-माने सामाजिक विगल पाहन लापुंग प्रखंड के समाजसेवी सुखदेव उरांव महादेव टंगरा मंदिर विकास समिति के पदाधिकारी संतोष सुरेंद्र रांची निवासी शिबल अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मारुति मंगल परिवार के सात जिला समिति नियुक्त किए गये जो साथ अलग-अलग जिलों में मारुति मंगल परिवार के विचारधारा को इन सात जिलों में प्रतिदिन लेकर जायेंगे। सात जिलों में रांची, खूंटी, लोहरदगा, हजारीबाग,रामगढ़,सिमडेगा गुमला जिला है।

## विद्यासागर पब्लिक स्कूल में डांडिया नृत्य का आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विद्यासागर पब्लिक स्कूल में गुरुवार को नवरात्र के अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने डांडिया नृत्य व दुर्गा माता का दरबार सजाने का अभ्यास किया जिसका प्रदर्शन अष्टमी के दिन मुरतो गांव के दुर्गा पूजा पंडाल के समीप रात्रि में किया जायेगा। उक्त अवसर पर विद्यालय के निदेशक ललन सिंह ने कहा कि कई त्यौहारों को बच्चे उत्साह और उल्लास के साथ मनाते हुए उसके बारे में जानकारी भी लेते जाएं, विद्यालय का यह उद्देश्य रहता है की पढ़ाई के साथ-साथ अन्य क्रियाकलाप में भी बच्चे व्यवहारिक ज्ञान को ग्रहण करें। अपने संस्कृति और पर्व त्यौहार को जाने तथा समझे ।डांडिया नृत्य की तैयारी विद्यालय की मिस निशा रूपाली तथा स्वाति ने कराया जबकि मां का दरबार लगाने का अभ्यास सविता राय, पंपा शर्मा, रश्मि प्रजापति एवं मनसा गुप्ता ने मिलकर किया।

## सांसद व विधायक ने किया प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का शिलान्यास



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** 1 करोड़ 10 लाख की लागत से ओरमांझी के पिस्का चौक से मनातू तक लगभग 1.74 किलो मीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास लोक सभा सांसद संजय सेठ व खिजरी विधायक राजेश कच्छ्प के द्वारा किया गया । इस अवसर पर भाजपा के सांसद संग प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, संतोष गुप्ता, अलखनाथ महतो, विक्रांत तिवारी, राजकिशोर साहू, अजय साहू, रोहित साहू,आनंद महतो, कांग्रेस के विधायक संग प्रतिनिधि प्रो प्रेम नाथ मुंडा,तुलसी खरवार, रमेश उरांव, सफी उल्ला अंसारी, प्रमुख अनुपमा देवी, जिपपू सरिता देवी, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, अशोक गुप्ता, शिबू हरि मोहन, हरि प्रसाद यादव, कमिश्नर मुंडा आदि मौजुद थे।

## मुआवजा को लेकर अधिकारी और ग्रामीणों की बैठक

**इटकी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 23 रांची गुमला मार्ग के फोर लेन बनाने के लिये मुआवजे को लेकर गढ़गांव में अधिकारी और रैयतों के बीच बैठक की गयी। बैठक में सीओ विजय कुमार ने रैयतों के अधिग्रहित भूमि के कागजातों का जांच किया और लंबित मुआवजा को जल्द दिलाने का अश्वासन दिया। इस बीच अधिकारियो ने मुआवजा नही मिलने वाले रैयतों की सूची बनाई और रिर्पोट तैयार जिला भेजने की बात कही। किन्तु रैयतों ने इस बात को लेकर अड गये है कि जबतक मुआवजा नही मिलता है तबतक मार्ग का निर्माण कार्य बंद रहेगा। पिछले एक सप्ताह से मुआवजा की मांग को लेकर रैयत और ग्रामीणों ने मार्ग के चौड़ी करण कार्य को बंद कर रखा है। बैठक में सीओ विजय, एनएचआइ प्रोजेक्ट अधिकारी, कई अन्य ग्रामीण रैयत मौजूद थे।

### रांची सांसद ने किया रेलवे अंडरपास का उद्घाटन

# ग्रामीणों को रेलवे पटरी पार करने से मिला छुटकारा

**लगभग साढ़े 3 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ। यह अंडरपास 40 मीटर लंबा, 4 मीटर चौड़ा और साढ़े 3 मीटर की ऊंचाई का है।**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** रांची सांसद संजय सेठ ने खिजरी विधानसभा अंतर्गत सौदाग पंचायत में रेलवे लाइन के नीचे बनाये गये अंडरपास सबवे का उद्घाटन किया। इस अवसर पर रांची के रेल मंडल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा, सीनियर डीसीएम निशांत कुमार, खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, भाजपा नेता रितेश उरांव, समीर राय के साथ रेलवे के कई अधिकारी, भाजपा नेता-कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे। गौरतलब है कि सांसद संजय सेठ बतौर भाजपा उम्मीदवार जब इस क्षेत्र में गये थे तो स्थानीय ग्रामीणों ने उनसे मांग की थी कि यहां एक अंडरपास का निर्माण कराया जाये। ताकि ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा हो। अंडर पास नही होने के कारण ग्रामीण जान जोखिम में डालकर रेलवे की पटरी पार करते थे। यहां कई बार छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हुयी है। सेठ ने उस समय ग्रामीणों को आश्वस्त किया था कि वह बहुत जल्द चुनाव जीतने के बाद इस पर काम शुरू करेंगे और अंडरपास का निर्माण किया जायेगा। अब जाकर रेलवे के द्वारा इसकी स्वीकृति की गयी। डीपीआर बना और अंडरपास बनकर तैयार हो गया। लगभग साढ़े 3 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ। यह अंडरपास 40 मीटर लंबा, 4 मीटर चौड़ा और साढ़े 3 मीटर की ऊंचाई का है। इस अंडरपास के निर्माण से क्षेत्र के दर्जनों गांव के हजारों ग्रामीण काफी खुश दिखे। सांसद संजय सेठ ने इस अंडरपास के निर्माण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताया।

मौके पर उन्होंने कहा कि देश में एक ऐसी सरकार बनी है जो सिर्फ योजनाओं का शिलान्यास नही करती बल्कि नियत समय के अंदर उसका उद्घाटन भी करती है। इस दौरान ग्रामीणों ने भी सांसद का आभार जताया।

# अंचल कार्यालय अनगड़ा से सरकारी गैरमजरुआ जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की आस में हैं ओबर के ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिकिदिरी।** आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़ के ओबर गॉव में, आम गैरमजरूवा जमीन खाता स० 122 प्लॉट 567 रकबा 357 डी० जिसमें ग्रामीण बच्चों का उज्जवल भविष्य के लिए खेल का मैदान बनाना चहती है.। जीसे गॉव का एक सधारण व्यक्ति हिरदू बेदिया द्वारा जबरन अतिक्रमण किया गया है। गॉव के ग्राम प्रधान बालिया बेदिया ने अरोप लगाते हुए कहा है कि ये व्यक्ति इस प्रकार का सहास नहीं दिखा सकता है। इस खेल के पिछे हजारीबाग का एक वकिल साहब का हाथ लगता है। इनके हर एक -छोटे बड़े कार्य में इनका घर आता -जाता रहता है। करण इस आदमी का बेटा वकील साहब के घर में कर्य करता है। ये कार्य से गॉव के विकास कार्य में बाधा उत्पन्न हो गई है। इसकी लिखित जानकारी अंचल कार्यालय अनगड़ा को दिनांक 30 दिसम्बर 2022 को खिजरी विधायक के जानता दरवार कार्यक्रम में विधायक के हाथों दी गई है। लेकिन आज तक जमीन को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया गया । जबकी सरकारी भुमापक द्वारा जमीन की वास्तविक रिपोर्ट सोपी जा चुकी है। आज अंचल कार्यालय से सुचना दी गयी थी कि जमीन का सीमांकन कर लिया जायेगा। इसके लिये अंचल कार्यालय से दो प्रतिनिधि गॉव भी आये थे लेकिन सीमांकन जैसा कोई भी कर्य नहीं किये। ये देख ओबर गॉव के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान बालिया बेदिया के अध्यक्षता में आकस्मिक ग्रामसभा की। और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अंचल कार्यालय से उपरोक्त सरकारी गैरमजरूवा जमीन को सीमांकन करते हुए अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया गया तो पूरा ग्रामसभा प्रखण्ड मुखिया मे धरने पर बैठेने को मजबूर हो जायेगी। बैठक में ग्रामप्रधान बालिया बेदिया, आदि के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

## मुड़मा जतरा की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न



**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित मुड़मा में ऐतिहासिक राजीव पाड़हा जतरा समिति की बैठक गुरुवार को जतरास्थल स्थित पड़हा भवन में हुई। आगामी 30 और 31 अक्टूबर को लगने वाले जतरा को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने की। बैठक का आयोजन मुड़मा जतरा की तैयारी को लेकर किया गया था। बैठक के दौरान जतरा में पानी, रास्ता, लाइट, स्वास्थ्य शिविर, ट्रैफिक व्यवस्था आदि को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार जतरा में 40 पड़हा अपने प्रतीक चिन्ह के साथ आएंगे। साथ ही साथ जतरा के सफल संचालन को लेकर पाड़हा स्वयंसेवकों को भी रखा जाएगा। अपने सम्बोधन में बंधन तिग्गा ने कहा कि जतरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इसे ऐतिहासिक बनाया जायेगा। इसके लिए हमसब को मिलकर काम करना होगा। सभी लोगों को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। विभिन्न पाड़हा से आए प्रतिनिधियों ने भी अपना विचार रखा। जतरा के मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपस्थित रहेंगे। मौके पर मुख्य रूप से धर्मगुरू बंधन तिग्गा, युवा नेता सन्नी टोप्पो, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## रत्न अवार्ड समारोह 2023 का आयोजन

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** विश्व सेवा परिषद के सौजन्य से रांची विश्वविद्यालय के एनएसएस सहयोग से झारखंड सेवा रत्न अवार्ड समारोह 2023 का आयोजन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के समीप स्थित लीगल स्टडीज सेंटर में 20 अक्टूबर को अपराह्न 3 बजे से आयोजित किया गया है। इस इस कार्यक्रम में प्रो श्रीकांत पाल वैज्ञानिक बीआईटी मेसरा, डॉ अभिषेक सिंह नेत्र रोग विशेषज्ञ (चिकित्सा सेवा) मोहम्मद गौश आलम (शिक्षा सेवा) सुजीत कुमार केसरी (पत्रकारिता सेवा) विपिन कुमार (प्रतियोगी शिक्षा प्रबंधन) और मनीष बरवार को सांस्कृतिक सेवा के लिए झारखंड सेवा रत्न अवॉर्ड 2023 दिया जायेगा। इसके अलावा 33 लोगों को समाज सेवा सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, रांची विधायक सीपी सिंह, सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांझी, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत सिंहा, विधायक नवीन जायसवाल और विश्व सेवा परिषद के संस्थापक अध्यक्ष प्रबंध निदेशक डॉ बी बी राज मुख्य रूप से उपस्थित होंगे।

## कांके प्रखंड कार्यालय परिसर से बाइक चोरी

**कांके।** कांके प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सामने बने वाहन शेड से बुधवार को पिठोरिया थाना क्षेत्र के उलातु निवासी सोनू मुंडा की बाइक चोरी हो गयी। उन्होंने जिसकी लिखित शिकायत कांके थाना में दिया है। उसने बताया कि अपनी हीरो ग्लैमर बाइक जेएच01 बीक्यू-2906, को बत्ता कनादु निवासी अबुतल्हा पिता मोहम्मद यासीन को फरवरी 2023 में बिक्री कर दिया हूं।

## स्कूली बच्चों की वन नेशन वन आइडी की तर्ज पर बनेगी यूनिक अपार आइडी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** बीसा पंचायत के उत्क्रमित मवि बीसा में गुरूवार को अभिभावकों की एक बैठक उपमुखिया संजय भोगता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अभिभावकों को भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित स्कूली बच्चों की वन नेशन वन आईडी की तर्ज पर बनने वाली युनिक अपार आईडी के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि अपार आईडी से देश के हर बच्चे का सारा एकेडमिक रिकॉर्ड, स्पोर्टस एक्टिविटीज, एक्स्ट्रा करीकुलर एक्टिविटीज या अन्य शैक्षणिक गतिविधियों का सारा डेटा एक साथ आ जाएगा और आसानी से मिल जाएगा। इस अपार आईडी से छात्र-छात्राओं को छात्रवृति, शिक्षा ऋण, अवॉर्डस एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। बैठक में शिक्षकों की कमी से शिक्षण कार्य में हो रही दिक्कतों पर भी चर्चा की गई। बताया गया कि स्कूल में 190 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं पर शिक्षक मात्र 4 हैं। इसमें भी एक शिक्षक हमेशा कार्यालय के काम में व्यस्त रहते हैं। इससे पठन-पाठन प्रभावित हो रही है। इस समस्या को देखते हुए अभिभावकों नें सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि एक अस्थायी शिक्षक की नियुक्ति स्कूल में की जायेगी जिसका मानदेय भुगतान अभिभावक आपस में चंदा एकत्रित कर करेंगे।

## कैंब्रिज ग्रुप में डांडिया की धूम



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र के मौके पर गुरुवार को कैंब्रिज ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स (सीआइटी) में डांडिया राश का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और कैंब्रिज परिवार के लोगों ने जमकर मस्ती की। 'नाम रे सबसे बड़ा तेरा नाम ओ शेरो वाली', रंगीलो मारो ढोलना, बन ठन बनी चलो, चलाओ ना नैनो से बान रे ... जैसे भक्ति और फिल्मी डांडिया गानों पर लोग जमकर थिरके। डांडिया कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कैंब्रिज ग्रुप के सचिव अभिषेक सिंह ने किया। मौके पर रीता सिंह, डॉ पल्लवी चौहान, संध्या सिंह, मनीष नाथ, डॉ पीएस शर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद थे। मंच संचालन सीआईटी कल्चरल कमिटी की कोर्डिनेटर प्रो राशिका नवनीत सिंह ने किया। कार्यक्रम में कैंब्रिज ग्रुप के सभी संस्थानों के विद्यार्थियों, शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने जमकर डांडिया नृत्य का लुत्फ उठाया। इसके पूर्व रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत को लेकर जैलेंद्र कुमार ने की बैठक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** पतराहातू मंडल में पतराहातू के महतो टोला में मंडल अध्यक्ष सिष्टिधर प्रजापति की अध्यक्षता में बैठक रखी गयी। इस बैठक में मंडल के प्रभारी रघुवीर महतो और मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष और प्रवासी प्रभारी जैलेंद्र कुमार उपस्थित हुए। पतराहातू मंडल के सभी मोरचों के पदाधिकारी और सभी शक्ति केंद्र प्रभारी एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित हुए। चर्चा के दौरान यह निर्णय हुआ कि चार पंचायत से एक-एक हजार लोग आयेंगे और पतराहातू पंचायत से दो हजार लोग आयेंगे। इसके आने के लिए 110 टेंपो और प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए 200 बाइक रैली बारेनदा से सभा स्थल पतराहातू स्कूल मैदान तक लाने का निर्णय लिया गया है। इस बैठक में मुख्य रूप से पंकज, कैलाश, वीणा, पूजा, बेनी, गुलाब, रंजीत, बलेशवर, सजल, भगीरथ और बहुत सारे भाजपा के कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित हुए।

## गंगोत्री कुजूर ने राष्ट्रीय राजमार्ग 23 पर बने टोल पर किसानों को विशेष छूट देने की मांग की



**इटकी (आजाद सिपाही)।** पूर्व भाजपा विधायक गंगोत्री कुजूर द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 23 पर बना टोल टैक्स पर किसानों को विशेष छूट देने की मांग उठाई। राष्ट्रीय राजमार्ग 23 रांची गुमला के फोरलेन। पर पथ निर्माण विभाग द्वारा मलार पुल के पास टोल टैक्स बनाया गया है। उसे पर आने जाने वालों सभी वाहनों से टैक्स वसूला जायेगा। यह क्षेत्र सब्जी उत्पादक के लिए वर्षो से विख्यात है, यहां की सब्जी देश के अन्य राज्यों में भी भेजा जाता है। जिसमें खासकर, इटकी, बेड़ो लापूग तथा कुछ भाग मांडर प्रखंड के। सैकड़ो गांव के हजारों किसानों द्वारा सब्जी। की खेती की जाती है। इन किसानों को अपने फसलों को नगरी, बेरो, इटकी तथा रांची के बाजारों में ले जाना पड़ता है। . जिसे उसे टोल टैक्स से होकर के ही गुजरना पड़ेगा। इससे किसानों को. अलग से टोल टैक्स दिया जाना पड़ेगा। किसानों के फसल और उसकी कीमत में बढ़ोतरी हो जायेगी। सब्जी जैसे आवश्यक उत्पाद की कीमत में बढ़ोतरी की गंभीरता को देखते हुए इसके लिए पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने टोल टैक्स वसूली कर रहे संवेदकों को चेतावनी दिया कि इस पर कोई ठोस निर्णय नही लिया गया तो इसके लिए आंदोलन किया जायेगा।

## पूजा पंडाल सज-धज कर तैयार, पट खुलेगा आज



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा पूजा का त्योहार आज से शुरू हो जायेगा। पूरे प्रखंड में उत्साह चरम पर पहुंच गया है। पूजा पंडाल सज-धज कर तैयार है। शुक्रवार को षष्ठी के दिन पूजा पंडालों में मां दुर्गा के पट खुल जायेंगे। बेलवरण पूजा के साथ ही दुर्गा पूजा की चहल-पहल बढ़ जायेगी। मां दुर्गा की अराधना के लिए पूजा पंडालों में महासप्तमी से भारी भीड़ उमड़ने लगेगी। दुर्गा पूजा समितियों के साथ ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी शांतिपूर्ण पूजा सम्पन्न कराने में जुटे हुए हैं। वही श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति बेड़ो के तत्वावधान में बने भव्य केदारनाथ मंदिर के प्रारूप के पंडाल व दुर्गा मंदिर में बनी मां दुर्गा का वैदिक मंत्रो के बीच बेलवरण पूजा कर दर्शनार्थियों के लिए पट खोल दिया जायेगा जहां दुर्गा बाड़ी में पुजारी सुबल चंद देवघरिया,अशोक पंडा की अगुवाई में यजमान मनोरंजन देवघरिया, गौतम देवघरिया बेल वृक्ष के नीचे देवी का आमंत्रण पूजा पंचोपचार विधि से करंगे। साथ ही मां भगवती पूजा कर उनको आंमत्रण एवं अधिवास के साथ मां के छठे रूप मां कात्यायणी की पूजा के साथ ही षष्ठी पूजा सम्पन्न किया जायेगा। इधर दुर्गा पूजा को लेकर खत्री खटंगा, मुरतो, पाकलमेड़ी घाघरा, ईटा चिल्द्री, दिघिया व तुको में भव्य पंडालों में दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है।

## आशा लकड़ा ने मत्था टेक मां दुर्गा से लिया आशीर्वाद



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति के पूजा पंडाल पहुंच कर भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा ने पंचमी के दिन गुरुवार को छतीसगढ़ से लौटने के क्रम में दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचकर पूजा समिति के लोगों से मिली और शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने मां दुर्गा के पांचवें रूप स्कंदमाता के चरणों पर मत्था टेक कर क्षेत्र में सुख, समृद्धि व शांति के साथ अमन चैन के लिए प्रार्थना की। वहीं श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष साधन व संरक्षक सौमित्र ने पट्टा देकर सम्मानित किया। मौके पर अशोक पंडा, रमेश प्रसाद गुप्ता, अंकित सोनी, शिवेंद्र सौरभ,सहित कई लोग मौजूद थे।

## संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए जुट जायें कार्यकर्ता : गंगोत्री कुजूर



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को भाजपा मंडल की बैठक सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हुई। बैठक में मांडर विधान सभा प्रभारी सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्षा गंगोत्री कुजूर ने संकल्प यात्रा की विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आगामी 28 अक्टूबर को होने वाले संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोगों को शामिल करने की अपील की।बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आलोक मिश्रा व संचालन महामंत्री बलराम ने किया।

## गंगोत्री और सन्नी ने रघुवर दास को दी बधाई

**बेड़ो।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को उड़ीसा का राज्यपाल बनाए जाने पर भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडर की पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर एवं भाजपा के युवा नेता सनी टोप्पो ने बधाई व शुभकामनाएं दी है। गंगोत्री कुजूर ने कहा कि रघुवर दास के अनुभवों का पूरा लाभ उड़ीसा की जनता को मिलेगा। वही सनी टोप्पो ने कहा रघुवर दास के मार्गदर्शन में उड़ीसा राज्य विकास के ऊंचे आयाम को छूएगा। रघुवर दास को बधाई देने वालों में एसटी मोर्चा के मांडर प्रभारी भोगेन प्रदेश सदस्य राजीव अधिकारी, मंडल अध्यक्ष आलोक, सुखदेव, महामंत्री सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल है।

# 37वें राष्ट्रीय खेल गोवा में भाग लेने के लिए झारखंड पुरुष-महिला मलखंब टीम घोषित

**झारखंड टीम 21 अक्टूबर को हटिया स्टेशन से सुबह 9 बजे गोवा के लिए प्रस्थान करेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता













**अनगड़ा।** खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग तथा झारखंड ओलम्पिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय, सेक्टर-2,धुर्वा, रांची में राष्ट्रीय खेल-गोवा के अंतर्गत मलखंब खेल का विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 30 सितंबर से 20 अक्टूबर तक आयोजित की गयी। इस प्रशिक्षण शिविर में 12 पुरुष एवं 12 महिला, 3 प्रशिक्षक, एक टीम प्रबंधक तथा एक मसाजर ने इक्कीस दिन तक योगदान देकर सभी प्रशिक्षणार्थियों को तैयार किया। इस प्रशिक्षण शिविर के आधार पर गुरूवार को झारखंड पुरुष-महिला मलखंब टीम की घोषणा खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड के निदेशक सुशांत गौरव और झारखंड ओलम्पिक संघ के महासचिव के हवाले झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव डॉ अजय झा ने की।

झारखंड पुरुष -महिला मलखंब टीम के पुरुष वर्ग में निखिल कुमार (कप्तान) राकेश नायक (उपकप्तान) रोहण कुमार, पिंटू कुमार, कौशल कुमार, मनमीत सिंह गिल और प्रशिक्षक विवेक कुमार वहीं महिला वर्ग में अनुशिखा कुमारी (कप्तान) सरिता कुमारी (उपकप्तान) आरूषी कुमारी, काबेरी कुमारी साक्षी कुमारी, नेहा कुमारी तथा प्रशिक्षक प्रीती रानी, मुख्य प्रशिक्षक अजय झा और टीम प्रबंधक शुभम सिंह का चयन किया गया। झारखंड टीम 21 अक्टूबर को हटिया स्टेशन से सुबह 9 बजे गोवा के लिए प्रस्थान करेगी।

# नवरात्र में कन्याओं को भोजन कराने और पौधा में पानी देने से मिलती है सुख-शांति व समृद्धिः कौशल किशोर

- प्राकृतिक कलश यात्रा में पर्यावरणविद ने कन्याओं को नवरत्न पौधा व पानी देकर उनकी पांव की पूजा की
- कहा- मेरी माटी मेरा देश का लक्ष्य देशभक्ति व देश में हरियाली लाने, सामाजिक व धार्मिक प्रदूषण पर रोक लगाना

आजाद सिपाही संवाददाता



वैदिक मंत्रोचार के साथ नवरत्न पौधा स्थापना करते पर्यावरणविद कौशर किशोर

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड के बिरजा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रांगण में नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने किया। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्यक्रम का फीता जोड़कर उद्घाटन करने का उद्देश्य यह है कि जिस देश में हम लोगों ने जन्म लिया है उस देश की सभ्यता संस्कृति के अनुरूप धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ करने से पहले पति-पत्नी का गांठ जोड़ने का विधान है। उसी परंपरा को जीवंत रखने के लिए कार्यक्रम का उद्घाटन फीता जोड़कर किया जाता है। उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम के आयोजन के पीछे देश में सामाजिक प्रदूषण को रोकने के साथ लोगों में देशभक्ति का जज्बा पैदाकर मिट्टी से जुड़कर देश में हरियाली लाने का उद्देश्य है। पर्यावरणविद ने विद्यालय परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के उद्घोष के साथ नवरत्न पौधों का स्थापना कर कन्याओं को प्रकृति कलश के रूप में पौधा व पानी उपलब्ध कराकर उनके पांव की पूजा की। उन्होनें कहा कि नवरात्र में फलहार भोजन करने का विधान है। इसलिए उन्होंने लोगों के बीच नवरत्न फलदार व पूजनीय पौधों का निःशुल्क वितरण कर उसे लगाने व बचाने का संदेश देते हैं। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल किशोर ने कहा कि जिस प्रकार प्रतिवर्ष लोग नवरात्र में घर-परिवार की खुशहाली व आत्मा की शांति के लिए घर में कन्याओं को भोजन पानी कराते हैं। उसी प्रकार धरती और ब्रह्मांड की आत्मा की शांति और प्रदूषण से मुक्ति के लिए पूरे नवरात्र के समय कन्याओं को पौधा पानी भी देना चाहिए है। तभी नवरात्र में कलश पूजा और दुर्गा पूजा की सार्थकता बनी रहेगी तथा समाज में अमन चैन व शांति कायम रहेगी। उन्होंने स्कूली बच्चों को पर्यावरण, प्रकृति और प्रदूषण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कार्यक्रम में वृक्षों पर रक्षाबंधन भी किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजनकर्ता कमलेश चौधरी, सुनील कुमार चौधरी, शिक्षक संजय कुमार चौधरी, भरदुल पासवान, दिनेश चौधरी, अमित चौधरी, अरुण चौधरी, उमेश, मुकेश, लक्ष्मण, रामचंद्र, विमल चौधरी, शकीरा देवी, रमोला कुंवर, धनवंती देवी, अमृता कुमारी, नेहा कुमारी, फूल कुमारी, अनीता,संगीता, यशोदा, अंजू देवी, बसंती देवी और अजीत चौधरी आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### हुसैनाबाद शहर में शीघ्र चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान : कार्यपालक पदाधिकारी



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत सभागार में गुरुवार को टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने किया। इसमें मुख्य बाजार रोड में हो रही जाम की समस्या से अवगत कराया गया। उक्त बैठक में नगर पंचायत के अधीन बन रहे तीन वेंडिंग जोन पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी टाउन वेंडिंग सदस्यों से उनकी मुख्य परेशानियों के बारे में जाना और उसे जल्द ही दूर करने का निर्देश दिया। कहा कि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए नगर पंचायत कृतसंकल्पित है। शहर वासियों को जाम से निजात दिलाने के लिए दुर्गापूजा के बाद मुख्य बाजार समेत शहर के कई अन्य क्षेत्रों में प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जाएगा। बैठक में चिकित्सा पदाधिकारी दीपक कुमार, थाना प्रभारी जगन्नाथ धान, नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, नजीबुल्ल्ह अंसारी, राकेश कुमार सिंह, धीरज गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### ई विद्यावाहिनी के नये मतदाताओं का नाम जोड़ने को लेकर एसडीओ की अगुवाई में समीक्षा बैठक



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने इ विद्यावाहिनी से जुड़े नये मतदाताओं का नाम जोड़ने को लेकर अनुमंडल कार्यालय परिसर में गुरुवार को समीक्षा बैठक की। निर्वाचन आयोग द्वारा क्षेत्र वार वैसे नए मतदाताओं जिनके नाम ई विद्यावाहिनी में जुटा है। जिनका जनवरी 2024 या अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष पूरा होगा। वैसे विद्यार्थियों को प्रपत्र-6 भरकर जमा लेना है। इस संबंध में एसडीओ ने अद्यतन जानकारी ली। अबतक जिनका फार्म जमा नहीं हुआ है, हर हाल में 27 अक्टूबर तक फार्म जमा करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित प्रधानाध्यापकों को इस कार्य को अविलंब पूरा करने के लिये सक्रियता के साथ काम करने का निर्देश दिया। बताया कि उक्त निर्धारित तिथि के अनुसार हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधान सभा क्षेत्र में ई विद्यावाहिनी से 13874 युवा निर्धारित उम्र को पूरा करेंगे। अबतक 10280 प्रपत्र-6 जमा लिया गया है। इस मौके पर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह हुसैनाबाद बीडीओ रतन कुमार, हैदरनगर सीओ राजीव नीरज, डॉ आलोक रंजन, अक्षय कुमार चौहान, रंजीत कुमार, पभंवर सिंह, प्रियहित कुमार सोनी, जितेंद्र कुमार गुप्ता, मो मशरूद्दीन, सोहैल अख्तर, संजय कुमार सिंह व संजय कुमार आदि थे।

### दुर्गोत्सव पर डंडीला खुर्द में दिखेगा कोलकाता का दक्षिणेश्वर मंदिर

विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)। विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द में दुर्गापूजा की तैयारी जोरों पर है। इस बार यहां कोलकाता का प्रसिद्ध दक्षिणेश्वर मंदिर देखने को मिलेगा। इसके निर्माण को अंतिम रूप देने के लिए बंगाल से कारीगर पिछले 15 दिनों से जुटे हैं। पूजा कमेटी की मानें तो दुर्गापूजा पंडाल के निर्माण में पांच से सात लाख रुपए का खर्च आयेगा। डंडीला खुर्द नवयुवक संघ के अध्यक्ष विष्णु शुक्ला उर्फ डुलडुल शुक्ला, उपाध्यक्ष दीपक शुक्ला ने बताया कि वाराणसी एवं बृंदावन के आचार्य को मां दुर्गा की पूजा के लिए बुलाया गया है। बताया कि जिला प्रशासन की गाईड लाईन के हिसाब से सीसीटीवी कैमरा, फायर से संबंधित उपकरण और माता रानी के दर्शन करने के लिए पुरुषों एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग द्वार बनाया गया है।

## कार्रवाई : बायोमेट्रिक हाजिरी नहीं बनाने वाले शिक्षकों का वेतन काटने का निर्देश

# बच्चों की शिक्षा से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

### मनातू के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी व नौडीहा बाजार के बीपीओ का भी वेतन रोकने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी शशि रंजन।

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने सभी सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक उपस्थिति बनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जो शिक्षक ऐसा नहीं करेंगे, उनका वेतन काटा जायेगा। वहीं, बैठक में बगैर सूचने के अनुपस्थित रहने पर मनातू के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी व नौडीहा बाजार के बीपीओ का भी वेतन रोकने का निर्देश दिया है। डीसी गुरुवार को समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की ओर से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक कर रहे थे। इसी क्रम में उन्होंने बच्चों का खाता खोलने, कक्षा एक से 12वीं के बच्चों के बीच पुस्तक वितरण, पोशाक वितरण, छात्रवृत्ति, मध्यान भोजन, स्कूलों में रंगरोहन, खेल सामग्री वितरण आदि की भी समीक्षा की। डीसी ने दो टूक शब्दों में कहा कि जिले में बच्चों के शिक्षा से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस मौके पर डीडीसी रवि आनंद ने भी विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और बीपीओ आदि उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स

# इंडिया की वर्ल्ड कप में लगातार चौथी जीत

बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया, कोहली का 48वां शतक, सबसे तेज 26 हजार इंटरनेशनल रन बनाये



एजेंसी

**पुणे।** टीम इंडिया ने वर्ल्ड कप 2023 में लगातार चौथी जीत हासिल की है। भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया। कोहली ने 48वां वनडे शतक जमाया। उन्होंने सबसे तेज 26 हजार इंटरनेशनल रन भी पूरे कर लिए हैं। उन्होंने 567 पारियों में यह अचीवमेंट हासिल की है। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर ने 600 पारियों में यह कारनामा किया था।

पुणे के एमसीए मैदान पर बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 256 रन बनाए। 257 रन का टारगेट भारतीय बल्लेबाजों ने 41.3 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। विराट कोहली ने वनडे करियर की 69वीं फिफ्टी जमाई, जबकि शुभमन गिल ने 10वां अर्धशतक जमाया। गिल ने रोहित के साथ 76 बॉल पर 88 रन की ओपनिंग साझेदारी की।

257 का टारगेट चेज कर रहे रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने 88 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। रोहित फिफ्टी से चूक गए। उन्होंने 48 रन बनाए। हसन की गेंद पर पुल शॉट मारने के चक्कर में रोहित को दॉय ने बाउंड्री पर लपका।

शुभमन गिल ने वर्ल्ड कप में अपनी पहली फिफ्टी लगाई। वो 53 रन बनाकर मेहंदी हसन मिराज की गेंद पर कैच आउट हुए। महमूदुल्लाह ने बाउंड्री पर उनका कैच लपका।

पुणे के एमसीए मैदान पर बांग्लादेश की टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। बांग्लादेश ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 256 रन बनाए। ओपनर्स तंजिद हसन तमीम और लिट्टन दास के बीच 93 रन की साझेदारी हुई। तंजिद ने वर्ल्ड कप में अपनी पहली फिफ्टी लगाई। वो 51 रन बनाकर आउट हुए।

लिट्टन दास ने 12वीं वनडे फिफ्टी लगाई, वो 66 रन बनाकर आउट हुए। शांतो (8 रन), मिराज (3) और तौहीद हृदॉय (16) जल्दी आउट हुए।

मुशफिकुर रहीम (38 रन) और महमूदुल्लाह (46 रन) के बीच 42 रन की साझेदारी हुई। मुशफिकुर को बुमराह ने आउट किया। बैकवर्ड पॉइंट पर जडेजा ने डाइव लगाकर उनका कैच पकड़ा। महमुदुल्लाह ने फिर नसुम अहमद के साथ 32 रन की साझेदारी की।

# गढ़वा के होटल संचालक से सात लाख की ठगी, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के हरिहरगंज थाना के समीप आरबी पैलेस होटल में गढ़वा जिले के नगर उंटारी थाना क्षेत्र अंतर्गत पालेट कालो गांव निवासी होटल संचालक अमीर चंद गुप्ता को बुलाकर कुछ लोगों ने सात लाख रुपये की चप्पत लगा दी और फरार हो गए। इस बाबत पीड़ित अमीर चंद गुप्ता ने हरिहरगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है। होटल संचालक ने पुलिस को बताया कि विगत 10 अक्टूबर को मेरे गुप्ता लाईन होटल सीरिया टोंगर में खाना खाने आया था। वह चौनदली निवासी मनोज सिंह का नाम बताते हुए सभी तरह के सामान पर 10-20 फीसदी छूट पर खरीदारी करने की बात कही और मेरा मोबाइल नंबर लेकर चला गया। 4-6 दिनों से 8797226814 नंबर से फोन कर रहा था। 18 अक्टूबर को तीन लोगों से सात लाख रुपये लेकर निकला तो पहले छत्तरपुर आने के लिए कहा, जिसके बाद हरिहरगंज आर बी पैलेस में बुलाया। होटल पर पहुंचने पर उसने एक कमरे में ले गया। जहां पहले से एक और व्यक्ति मौजूद था। उसने पहले आधार कार्ड मांगा तब सात लाख रुपये। पैसा लेने के बाद विधिवत सभी पैसों का बंडल बनाया। आरबी पैलेस में ही दूसरा कमरा दिलाने और साहब को बुलाने का बहाना बनाते हुए होटल से बाहर निकला और बाइक पर बैठकर फरार हो गया। कुछ देर के बाद जब मैंने फोन किया तो उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ आने लगा। शक हुआ कि मेरे साथ ठगी हुई है। उधर, इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि अमिर चंद गुप्ता की लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए जांच पड़ताल की जा रही है।

## दिव्यांग अधिकार मंच प्रदेश कमेटी की बैठक छतरपुर में संपन्न

# दिव्यांगों के हित में बुलंद होगी आवाज : अरविंद



**छतरपुर (आजाद सिपाही)।** दिव्यांग अधिकार मंच की प्रदेश कमेटी ने स्थानीय हाई स्कूल के स्टेडियम में दिव्यांगों के हित की रक्षा को लेकर गुरुवार को आवश्यक बैठक की। जिसकी अध्यक्षता मंच के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मंच के प्रदेश संरक्षक अरविंद गुप्ता चुनमून उपस्थित थे। बैठक में प्रमुखता से बात रखते हुए मंच के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद ने कहा कि दिव्यांगो को दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 के अनुसार सुविधाएं मिलने चाहिए। बैठक में प्रमुखता से कई समस्याओं पर चर्चा की गई जिसमें प्रमुख रूप से दिव्यांगों के लिए सभी प्रखंडों में आवासीय दिव्यांग विद्यालय खोलने। पलामू के सीएस कार्यालय की ओर से दिव्यांगों को उनकी डिसबेलेटी के हिसाब से पारदर्शिता के साथ दिव्यांगता प्रतिशत देने, 18 वर्ष से ऊपर वाले दिव्यांगों और विधवाओं को सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार पीला अंत्योदय कार्ड बनवाने, अबुआ आवास के वितरण में विकलांगों को प्राथमिकता देने, सभी दिव्यांगों को पेंशन की राशि एक हजार रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये करने की मांगें शामिल थी। वहीं बैठक में मंच के प्रदेश संरक्षक के रूप में अरविंद गुप्ता चुनमून ने कहा कि दिव्यांग कोई भीख नहीं मांग रहे, बल्कि वे अपना हक मांग रहे हैं जो सरकार ने संविधान में उन्हें दिया है। अरविंद ने यह भी कहा कि सरकार और सिस्टम को दिव्यांगों की समस्या पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उनकी समस्या का समाधान करना चाहिये। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश राम, नजरे आलम, प्रदेश उपसचिव जय प्रकाश गुप्ता, बीरबल यादव, ललिता देवी, राजू कुमार, पूजा कुमारी आदि थे।

# आरपीएस पब्लिक स्कूल में दुर्गापूजा महोत्सव का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला आरपीएस पब्लिक स्कूल में गुरुवार को दुर्गापूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मां दुर्गा के अवतारों को प्रदर्शित किया गया। यह त्योहार दैत्य महिषासुर या बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है, इस अवसर का विशेष आकर्षण नृत्य नाटिका आयोजित की गयी। जिसमें दिशा, साक्षी, श्रृद्धि, कनिष्क, अद्विक, मयंक, जया आदि छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शिक्षक-शिक्षिका रंजना, स्वेतालीना और दीपक ने इस नाटक में अपनी सहभागिता दी। वहीं, प्राचार्य मनुज शर्मा ने अपने संबोधन में बच्चों को सच्चाई और ईमानदारी का अनुसरण करने को प्रेरित किया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची
ई–निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांकः– दिनांक–

ई–निविदा संख्याः– 12/2023-24/RWD /EE/RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेषन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राषि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RANCHI/ 20/ STPKG/03/ 2023-24 | कथालीजारा से मसारीजारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–3.200 कि0मी0)<br>जरगा से अम्बाझरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–9.100 कि0मी0)<br>चतरा सताकी से बानपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–3.500 कि0मी0)<br>मंझिलाटोला से तुरूप तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–4.650 कि0मी0) | 13,05,68,000.00 | तेरह करोड़ पाँच लाख अड़सठ हजार रूपये मात्र। | 9 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/RANCHI/ 21/ STPKG/04/ 2023-24 | एन0एच0–23 से जामटोली पिच रोड भाया विनय पतरा छोटा सरना बेड़ो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–1.750 कि0मी0)<br>करंजटोली पक्की सड़क से पुरियो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–2.200 कि0मी0)<br>पुरानापानी लापुंग पथ से गड़री भाया कांताबारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–2.350 कि0मी0)<br>दरहाटांड़ (बल्क मिल्क कलेक्शन सेंटर) से ग्राम कुल्हागढ़ा, ग्राम बांधटोली एवं ग्राम सियारटोली लिंक पथ से मुराल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–5.400 कि0मी0)<br>मोरो बोड़ेया से सेमरा मोड़ भाया नारो स्कूल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–3.900 कि0मी0)<br>करगे पतराटोली रूगड़ीढीपा से बेयासी भाया डोरन्डा रेलवे फाटक तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–4.900 कि0मी0) | 11,35,26,700.00 | ग्यारह करोड़ पैंतीस लाख छब्बीस हजार सात सौ रूपये मात्र। | 9 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/RANCHI/ 22/ STPKG/05/ 2023-24 | लोटा से गोराडीह भाया नागेडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–9.100 कि0मी0)<br>पटका से दमनडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–1.800 कि0मी0)<br>करियाडीह से अड़ाल नवाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–1.975 कि0मी0)<br>कोयलाडीह से अजयगढ़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–3.600 कि0मी0) | 12,64,08,200.00 | बारह करोड़ चौंसठ लाख आठ हजार दो सौ रूपये मात्र। | 9 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–01.11.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–16.11.2023 अपराह्न 5.00 बजेतक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–17.11.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, राँची

PR 309611 REO(23-24)D

## कांग्रेस में शामिल हुए असंगठित मजदूर नेता



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। जोगता 6/10 के असंगठित मजदूर नेता सैय्या आलम गुरुवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। पार्टी के जिला महासचिव राजकुमार महतो व असलम मंसूरी ने बांसजोड़ा में माला पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया। सैय्या आलम ने कहा कि राम रहीम पर आस्था रखते हुए कांग्रेस में शामिल हुए है। अब कांग्रेस में रहकर मजदूर के हित और बेहतरी के लिए काम करूंगा। वहीं, राम रहीम के नाम से मशहूर असलम मंसूरी व राजकुमार महतो ने कहा कि सैय्या आलम ईमानदार मजदूर नेता है। हमलोग का इतिहास मजदूरो के हितों की रक्षा करना ही रहा है। इसलिए मजदूर का दर्द हमसे बढ़िया कौन समझ पायेगा। मौके पर कांग्रेस नेता शाहरुख खान, विकाश सिंह, नुर हसन, कृष्णा राम, मुकेश साव, अंकी सिंह आदि मौजूद थे।

### साल 2021 में की गयी थी रेलवे कर्मी की हत्या

# हत्या के दो दोषी को आजीवन कारावास



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तेनुघाट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय अनिल कुमार ने हत्या को दोषी आदिल अंसारी और करण कुमार सिंह उर्फ अजय कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। बतातें चलें कि सूचिका संगीता कुमारी ने एक जुलाई 2021 को बोकारो थर्मल थाना प्रभारी के पास बयान दर्ज कराई थी कि रेलवे में कार्यरत उसके पति अनिल कुमार कुमार एक जुलाई की सुबह ड्यूटी के लिए घर से निकले थे। उसी दिन शाम सात बजे किसी ने सूचना दी कि उसके पति को रेलवे ट्रैक के सामने किसी ने हत्या कर दी गई है। खबर पाते ही जब वो वहां रेलवे अधिकारियों के साथ पहुंची तो देखा कि किसी ने धारदार हथियार से गला रेतकर उसके पति की हत्या कर दी थी। उक्त बयान के आधार पर बोकारो थर्मल में मामला दर्ज किया गया। इसके बाद जांच में उतरी पुलिस ने आदिल अंसारी और करण कुमार सिंह उर्फ अजय कुमार नामक व्यक्तियों को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोप पत्र समर्पित होने के बाद मामला स्थानांतरित होकर जिला जज द्वितीय अनिल कुमार के न्यायालय में आया। जहां उपलब्ध गवाहों के बयान एवं उभय पक्षों के अधिवक्ता के बहस सुनाने के बाद न्यायाधीश ने आदिल अंसारी और करण कुमार सिंह उर्फ अजय कुमार को हत्या का दोषी पाया। इसके बाद दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सजा सुनाए जाने के बाद दोनों को तेनुघाट जेल भेज दिया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साहू ने बहस किया और उनका साथ सुचिका के अधिवक्ता अरुण कुमार सिन्हा ने दिया ।

### झारखंड हाइकोर्ट ने की अहम टिप्पणी

# पति पर इतना बोझ डालना उचित नहीं कि शादी उसके लिए सजा बन जाये



## धनबाद कोर्ट के फैसले को बदल कर हाइकोर्ट ने भरण-पोषण के लिए 25,000 हजार देने को कहा

पत्नी ने आरोप लगाया था कि याचिकाकर्ता, एक आर्थिक रूप से समृद्ध व्यवसायी, कोयला और कोक विनिर्माण संयंत्रों सहित कई स्रोतों से पर्याप्त आय अर्जित करता है। उसकी कुल मासिक आय 12.5 लाख रुपये होने का अनुमान है। उसके बाद धनबाद फैमिली कोर्ट ने यह निर्देश दिया कि पति अपनी पत्नी को 40,000 हजार रुपये मेंटेनेंस (भरण-पोषण) दे। धनबाद कोर्ट के इस फैसले को बदलते हुए हाइकोर्ट ने यह आदेश दिया कि फैमिली कोर्ट का निर्णय गलत निष्कर्षों पर आधारित था और तय की गयी भरण-पोषण की राशि अनुचित थी। इसके बाद हाइकोर्ट ने प्रार्थी को 25,000 हजार रुपये मेंटेनेंस (भरण-पोषण ) के तौर पर देने का निर्देश दिया है।

**आजाद सिपराही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने गुरुवार को एक पारिवारिक विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए अहम और मार्मिक बात कही। अदालत ने कहा कि पत्नी को भरण-पोषण प्रदान करना पति का नैतिक दायित्व है, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए कि वैवाहिक जीवन शैली बनी रहे, इसके लिए पति पर इस हद तक बोझ डालना उचित नहीं कि शादी उसके लिए सजा बन जाये।

### हाइकोर्ट में दायर की गयी थी याचिका

दरअसल, धनबाद फैमिली कोर्ट के एक आदेश के खिलाफ झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी, जिस पर गुरुवार को हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुभाष चांद की कोर्ट में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि वर्ष 2018 में उसकी शादी हुई। शादी के कुछ दिनों बाद ही उसकी पत्नी ने दहेज और घरेलू हिंसा का आरोप लगाया और वैवाहिक घर छोड़ कर अपने माता पिता के साथ रहने लगी।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद पहली बार बोकारो पहुंचे विधायक अमर बाउरी का भव्य स्वागत



बोकारो (आजाद सिपाही)। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद पहली बार चंदनकियारी के भाजपा विधायक अमर बाउरी गुरुवार को बोकारो पहुंचे। चास के नेताजी चौक चेक पोस्ट के पास पार्टी के चास नगर अध्यक्ष पन्नालाल कांदू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। भाजपा बोकारो जिला महामंत्री सह नगर प्रभारी संजय त्यागी ने अमर बाउरी को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित प्रदेश व केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। कहा कि अमर बाउरी के मनोनयन से संगठन को लाभ होगा। इस मौके पर पूर्व महिला अध्यक्ष आरती राणा, पिंडराजोरा मंडल अध्यक्ष सनातन सिंह, मंडल महामंत्री प्रकाश प्रमाणिक, रंजीत वर्णवाल, बुद्धेश्वर घोषाल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष झांटू दे, किसान मोर्चा अध्यक्ष अरविंद राय, मोनू कशयप, राजेश घोषाल, शिम्पी सिंह, गोलू उपाध्याय, अल्पसंख्यक अध्यक्ष सल्लू अंसारी, ओबीसी जिला महामंत्री राजेश वर्णवाल, रोशन सिंह, ओबीसी अध्यक्ष अनूप गुप्ता, हीरामंडल, बिपिन ठाकुर, रोशन सिंह, दीपक बाउरी, अजीत बाउरी, श्याम बाउरी, शिल्पी देवी, विक्की राय, बंटी मंडल, गौतम सिंह, लालू मोदक, सैंटी कांदू, धर्मेंद्र, शबा अहमद आदि उपस्थित थे।

## 27 से हर बार मोदी, बार-बार मोदी अभियान की शुरुआत



फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। उषा सिंह चेरिटेबल फॉउडेशन के चेयरमेन सह भाजपा नेत्री डॉ उषा सिंह ने फुसरो के शास्त्री नगर स्थित आवासीय कार्यालय में गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि 27 अक्टूबर को करगली गेट स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण करने के बाद हर बार मोदी, बार-बार मोदी अभियान की शुरूआत की जायेगी। इसके तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 अगस्त 2022 को लाल किले से पांच प्रण लिया गया था। कहा गया था कि विकसित भारत, गुलामी के हर अंग से मुक्ति, अपने विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता व नागरिकों में कर्तव्य की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना है। प्रधानमंत्री ने अपने 9 वर्षों के कार्यकाल में देश को विश्व में उच्चतम स्थान दिलाने का कार्य किया। है। देश के अंदर सर्वांगीन विकास सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास एवं सबका प्रयास का नारा दिया है। वहीं, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को ओडिशा का राज्यपाल बनाए जाने, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को झारखंड विधानसभा में सचेतक बनाए जाने और चंदनकियारी विधायक अमर बाउरी को विधायक दल का नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई दी। इस मौके पर भाजपा के बोकारो जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, फुसरो नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव, महामंत्री रमेश स्वर्णकार व टुनटुन तिवारी, दिनेश सिंह, सुभाष बरनवाल, अशोक सिंह, विरेंद्र ठाकुर, अशोक सिंह, अभय विश्वकर्मा, अरुण विश्वकर्मा, संजय सिंह उर्फ संजू बाबा और वीरेंद्र ठाकुर आदि मौजूद थे।

## ट्रेन के सामने आकर आत्महत्या करने वाली गौरी के परिजन लोयाबाद पहुंचे

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर धनबाद-चंद्रपूरा रेल लाइन पर जान देने वाली बांसजोडा निवासी संजय साव की पत्नी गौरी देवी के परिजन गुरुवार को लोयाबाद थाना पहुंचे। मृतका के भाई शंकर साव और चचेरे भाई अजय साव पुलिस से मिल कर इस मामले में कार्रवाई की मांग की। लोयाबाद पुलिस ने उन लोगों को समझाया कि घटनास्थल जीआरपी के क्षेत्र में आता है। जो भी शिकायत करनी है कुसुंडा जीआरपी थाना में जा करें। मृतका के भाईयों का कहना था कि उसकी बहन ने आत्महत्या नहीं की है, बल्कि उसकी हत्या कर रेलवे लाइन पर फेंक दिया गया है। उनलोगों ने बताया कि ससुराल वाले उसकी बहन को हमेशा प्रताड़ित करते रहते थे। बहन से बात तक नहीं करने देते थे। बहनोई को जब भी फोन करते थे वह गाली गलौज करने लगता था। जीआरपी पर सहयोग नहीं करने का आरोप भी लगाया। गौरतलब हो कि मंगलवार को सेंद्रा पुल के समीप गौरी देवी ने ट्रेन के सामने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेजा था। रिपोर्ट आने के बाद ही इस बात का पदार्फाश हो पाएगा कि विवाहिता ने आत्महत्या की थी या उसकी हत्या हुई है।

## झारखंड के जिस अस्पताल में अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि का हुआ था जन्म, अब उसके पुनरुद्धार की तैयारी में केंद्र सरकार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिंदरी/धनबाद।** विख्यात खाद कारखाना 2003 से बंद पड़ा है। इसका 11 एकड़ में फैला हुआ अस्पताल परिसर भी। यह वह अस्पताल है, जिसमें बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्रि का जन्म (16-11-1963) में हुआ था। जानकारी के मुताबिक मीनाक्षी के पिता सिंदरी खाद कारखाने के सल्फेट प्लांट में काम करते थे। अब बंद पड़े और तकरीबन खंडहर हो चुके इस एफसीआइ (भारतीय उर्वरक निगम, भारत सरकार) अस्पताल के पुनरुद्धार के लिए पहल हुई है। एफसीआइएल ने 50 वर्षों के लिए इसे लीज पर आवंटित करने की योजना बनायी है। इसके लिए टेंडर नोटिस भी जारी कर दिया गया है। जिसे भी टेंडर के आधार पर इस अस्पताल को चलाने का मौका मिलेगा, उसे पहले 30 वर्षों के लिए लीज पर संचालन का अधिकार होगा। संतोषजनक परफॉरमेंस रहने पर अगले और 20 सालों यानि कुल 50 सालों के लिए अस्पताल के संचालन का मौका मिलेगा।

### विधानसभा में भी गूंजी थी आवाज

गौरतलब है कि एफसीआइ अस्पताल की गिनती कभी न सिर्फ धनबाद, बल्कि झारखंड के प्रमुख सरकारी अस्पतालों में होती थी। यहां एफसीआइ कर्मचारियों को चिकित्सा की आधुनिक सुविधाएं मिलती थी। मार्च 2021 के दौरान इस अस्पताल को चालू कराने का बीड़ा सिंदरी के विधायक इंद्रजीत महतो ने उठाया। उन्होंने झारखंड विधानसभा में इससे संबंधित मुद्दे को उठाया था। चालू होने की उम्मीद का एक आधार यह भी माना गया कि सिंदरी में नये सिरे से खाद कारखाना का निर्माण होना है।

## रागिनी सिंह ने झरिया की जनता को सौंपा दो वाटर टैंकर




झरिया (आजाद सिपाही)। बिहार बिल्डिंग स्थित जनता श्रमिक संघ कार्यालय में संगठन की संयुक्त महामंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने गुरुवार को विधिवत पूजा अर्चना कर व भाजपा का झंडा दिखाकर दो वाटर टैंकर को झरिया की जनता की सेवा में समर्पित किया। भाजपा नेत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से झरिया की जनता पानी की घोर समस्या से जूझ रही है। केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी हर घर नल जल योजना झरिया में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है इसे अभी तक धरातल पर नहीं उतारा गया। झरिया में कई ऐसे इलाके है जहां लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे है। वैसे क्षेत्रों में सरकारी व्यवस्था पूरी तरह फेल है। बोर्रागढ़, भलगोड़ा, सिंह नगर, बस्ताकोला, भगतडीह, लोदना, जयरामपुर समेत विधानसभा क्षेत्र के कई क्षेत्रों से पानी की समस्या से जुड़ी लगातार शिकायतें मिल रही थी। वैसे क्षेत्र के निवासियों के पानी की समस्या के निदान का यह छोटा सा प्रयास है। आज से ये दो वाटर टैंकर झरिया की जनता को समर्पित है।मौके पर, उमेश यादव, संतोष सिंह, अरुण साव, संतोष शर्मा, अभिषेक पांडे, राजाराम पासवान, महंत पांडे, अखिलेश सिंह, छोटू सिंह, दिलीप भारती, राज किशोर जैना, सेलो पासवान, रंजीत रवानी, मनोज गोप, रघु राम, राजेश पासवान, टुन्ना सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मोबाइल टॉवर कंपनियां लेबर सेस का बकाया खाते में जमा करायें

# 294 मोबाइल टावर का एक करोड़ दो लाख 90 हजार रुपये है बकाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** जिला अंतर्गत मोबाइल टॉवर निर्माण करने वाले रिलाइंस जियो इंफराटेल, एटीसी, भारती इंफराटेल एवं इंडस कंपनी द्वारा कुल जिले में 294 मोबाईल टॉवर का निर्माण किया गया है। इसकी सूचना इन कंपनियों ने श्रम विभाग को नहीं दी है। साथ ही मोबाइल टॉवर का निर्माण लागत का कुल एक फीसदी राशि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम 1996 के अंतर्गत विभाग के खाते में जमा की जानी चाहिए। इसकी सूचना स्थानीय श्रम कार्यालय को दी जानी चाहिए थी। पर ना तो इन कंपनियों ने मोबाइल टॉवर के निर्माण की सूचना और ना ही उपकर की राशि जमा करने की सूचना कार्यालय को दी गई है। इस संबंध में बोकारो उप श्रमायुक्त कार्यलय की ओर से सभी मोबाइल कंपनियों को नाटिस जारी की गई थी। पर किसी भी कंपनी ने उपकर राशि विभाग के खाते में जमा करने की सूचना नहीं दी है, जिस कारण सभी कंपनियों पर निर्माण लागत का एक फीसदी राशि विभाग के खाते में जमा करने का आदेश पारित किया गया है। सूत्रों की मानें तो रिलाइंस जियो इंफराटेल पर 28 लाख 70 हजार रुपये, भारती एयरटेल लिमिटेड पर 30 लाख 80 हजार रुपये, इंडस टावर लिमिटेड पर तीन लाख 25 हजार रुपये, एटीसी टेलिकॉम कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड पर 39 लाख 55 हजार रुपये बकाया है। इस तरह कुल एक करोड़ दो लाख 90 हजार रुपये की राशि यदि एक महीने के अंदर उपरोक्त कंपनियों द्वारा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर की राशि बोर्ड के खाते में जमा नहीं की जाती है तो निलामवाद दायर कर पैसा वसूलने की कार्रवाई की जाएगी। जिले के सहायक श्रमायुक्त प्रवीण कुमार ने बताया कि कोई भी निर्माण कार्य किया जाता है तो निर्माण लागत का एक फीसदी राशि विभाग के खाते में जमा कर इसकी सूचना श्रम विभाग को दी जानी चाहिए। ऐसा नहीं करने पर दो फीसदी ब्याज के साथ वसूली की कार्रवाई की जा सकती है।




## झारखण्ड सरकार

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(कृषि प्रभाग)

### कार्यालयः– जिला कृषि पदाधिकारी, कोडरमा

पताः– संयुक्त कृषि भवन, समाहरणालय परिसर, कोडरमा किसान भाईयों के लिए

### आवश्यक सूचना

कोडरमा जिले के कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कंपनीवार प्रति बोरी अधिकतम खुदरा मुल्य (MRP) निम्न प्रकार है ।:–

| SI. No. | Company | UREA | DAP | MOP | SSP | Complex | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Ind./Imp | Ind./Imp | | | 20:20:13 | 12:32:16 | 16:16:16 | 14:28:00 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | IFFCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | 1200.00 | - | - | - |
| 2 | NFL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 3 | YARA | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 4 | KFL/KRIBHCO | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 5 | INDORAMA | 266.50 | 1350.00 | - | 645.00 | 1470.00 | - | - | 1550.00 |
| 6 | IPL | 266.50 | 1350.00 | 1700.00 | - | 1250.00 | - | 1250.00 | - |
| 7 | MATIX | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | HURL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 9 | PPL | .– | 1350.00 | - | - | 1250.00 | - | - | - |
| 10 | SAI | .– | - | - | 575.00 | - | - | - | - |

नोट :– 1. यूरिया की प्रति बोरी 45 Kg Packsize की होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 Kg Packsize होती है।

2. यदि किसी भी खुदरा विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारित MRP से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनिकी प्रबंधक जिले के जिला कृषि कार्यालय तथा संयुक्त कृषि निदेशक कार्यालय में इसकी शिकायत की जा सकती है।

3. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर – अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत् सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिला कृषि पदाधिकारी
कोडरमा

PR 309538 Agriculture,Animal Husbandry
And Co-opretive Department(23-24)D



## Government of Jharkhand

### Drinking Water & Sanitation Division, Khunti

**Email ID:-** eedwsd.khunti@gmail.com

**Very Short Tender Notice**

**Tender Reference No.– DWSD/KH-05/2023-24 (1st Call) Date- 19.10.2023**

| Name of Work | Construction of Community Soak Pit with Silt Chamber for Three Households having waste water discharge of 90 L/Day under D. W. & S. Division, Khunti for the year 2023-24. | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Group No. | No. of Soak Pit | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of BOQ | Time of Completion |
| 1 | KNT/SP/ KH-01 | 28 | 660016.00 | 13500.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 2 | KNT/SP/ KH-02 | 28 | 660016.00 | 13500.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 3 | KNT/SP/ KH-03 | 29 | 683588.00 | 14000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 4 | KNT/SP/ MU-04 | 32 | 754304.00 | 15500.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 5 | KNT/SP/ MU-05 | 32 | 754304.00 | 15500.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 6 | KNT/SP/ MU-06 | 30 | 707160.00 | 14500.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 7 | KNT/SP/ AR-07 | 37 | 872164.00 | 17500.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 8 | KNT/SP/ AR-08 | 32 | 754304.00 | 15500.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 9 | KNT/SP/ AR-09 | 33 | 777876.00 | 16000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 10 | KNT/SP/ AR-10 | 34 | 801448.00 | 16500.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 11 | KNT/SP/ AR-11 | 28 | 660016.00 | 13500.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 12 | KNT/SP/ AR-12 | 30 | 707160.00 | 14500.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 13 | KNT/SP/ TO-13 | 30 | 707160.00 | 14500.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 14 | KNT/SP/ TO-14 | 33 | 777876.00 | 16500.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 15 | KNT/SP/ TO-15 | 34 | 801448.00 | 16500.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 16 | KNT/SP/ RN-16 | 42 | 990024.00 | 20000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 17 | KNT/SP/ KR-17 | 30 | 707160.00 | 14500.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 18 | KNT/SP/ KR-18 | 31 | 730732.00 | 15000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 19 | KNT/SP/ KR-19 | 27 | 636444.00 | 13000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 20 | KNT/SP/ KR-20 | 33 | 777876.00 | 16000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 21 | KNT/SP/ KR-21 | 32 | 754304.00 | 15500.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 22 | KNT/SP/ KR-22 | 25 | 589300.00 | 12000.00 | 1250.00 | 01 Month |

| | | |
|---|---|---|
| a) | Date of Sell of Tender Paper | 20.10.2023 10:00 A.M to 27.10.2023 up to 05:00 P.M. |
| b) | Last date / Time for receipt Earnest Money, Cost of BOQ & Tender Doc. (Hard Copy) | 28.10.2023 up to 02:00 P.M. |
| c) | Place for receiving tender fee & EMD (Hard Copy) | Office of the Executive Engineer, D. W. & S. Division, Khunti. |
| d) | Date of Opening of Tender | 30.10.2023/ 12:30 P.M. |
| e) | Place of Opening Tender | Office of the Executive Engineer, D. W. & S. Division, Khunti. |
| f) | Name & Address of Tender inviting Authority | Executive Engineer, D. W. & S. Division, Khunti. |
| g) | Contact No. of Procurement Office | 06528-299928 |

विस्तृत जानकारी हेतु प्रमंडलीय कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा वेबसाईट **http://dwsd.jharkhand@gov.in** या http://112.133.209.136:8000/dwsdtenders/ पर देखा जा सकता है।

**!!जल ही जीवन है!!**

(ई० सुरेन्द्र कुमार दिनकर)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी।

**PR 309607 Drinking Water and Sanitation(23-24)D**

